Thakur, while addressing the mediapersons, accused the Congress govt of celebrating three years in power despite the state facing severe economic distress. He stated that employees, pensioners, and the unemployed were suffering, with salaries, pensions, and reimbursements delayed. He alleged that major welfare schemes like Himcare, Sahara, and Shagun had stalled, while no new schemes had been introduced. The LoP announced that the BJP would hold a massive protest against the state govt on Dec 4 during the forthcoming winter session of the legislative assembly in Dharamshala.

BJP state president Dr Rajeev Bindal said the Congress govt in Himachal Pradesh had entered a comatose phase, similar to the party's decline nationwide.

He noted that despite extensive campaigning, Congress secured only six seats in Bihar. Bindal asserted that people trust Prime Minister Narendra Modi, Amit Shah, and JP Nadda.

19

Indian Express 20 NOV 2025



Himachal Pradesh Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu and others pays tribute to former Prime Minister Indira Gandhi on her birth anniversary, in Shimla on Wednesday. PTI

# BJP social media cell is targeting me because I curbed corruption: Sukhu

**Express News Service**
*Shimla, November 19*

HIMACHAL PRADESH Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu on Wednesday accused the BJP social media cell of targeting him because he took stringent action to curb corruption and ensured widows, orphans, women, labourers and farmers got their rights.

Sukhu, who inaugurated and laid the foundation stones of 12 development projects worth Rs 383 crore in the Doon Assembly constituency in Solan district, attacked the previous BJP government for allegedly turning a blind eye to corruption.

"The previous BJP government handed over 5,000 bighas of valuable land to industrial houses for just Rs 1.12 crore under customised packages, waiving stamp duty and offering electricity at Rs 3 per unit for five years, along with free water. As long as I am the chief minister, I will not allow the State's assets to be plundered," the CM said, addressing a public gathering.

"The previous BJP government left behind a debt of Rs 75,000 crore and liabilities of Rs 10,000 crore for employees. For electoral gains, it opened various institutes in the last six months of its tenure without proper budgetary provisions and staff," the chief minister alleged.

"The state government was safeguarding the interests of Himachal, and that's why we returned Rs 30 crore received from the Centre for the bulk drug park and decided to develop it on our own," he said. He also said that the government is going to make large-scale recruitment in various departments.

Sukhu inaugurated the Rs 86-crore Baddi-Sai-Ramshehar road, tube wells worth Rs 15.78 crore in the Doon area, the Rs 10.64-crore Civil Hospital in Baddi and a Rs 3.15-crore Community Health Centre building in Barotiwala. The CM dedicated the newly opened government primary schools at Haripur Sandholi, Suraj Majra, Lubana and Chakkan to the public.

Sukhu announced to upgrade the Baddi Civil Hospital to a 100-bed facility, Rs 25 crore for constructing an SDM office and Rs 10 crore for a sports stadium.

He said Baddi's facilities must keep pace with its growing population. He announced that Baddi, Barotiwala and Chandi schools would follow the CBSE curriculum from the next academic session.

Indian Express 20 NOV 2025

20

# 'Need govt's unconditional support, SEC cannot conduct panchayat elections single-handedly'

## The situation the State Election Commission is currently facing has never arisen in Himachal, at least to the best of my knowledge: Khachi

**Saurabh Parashar**
*Shimla, November 19*

AT LOGGERHEADS with the Himachal Pradesh government over the upcoming Panchayati Raj Institution (PRI) elections, scheduled in January 2026, State Election Commissioner Anil Kumar Khachi said he never witnessed "such a situation regarding Panchayat elections in his over three-decade-long bureaucratic career". In an interview with The Indian Express, Khachi, a 1986-batch former IAS officer of the Himachal cadre, sought the Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu-led Congress government's "unconditional support" to conduct the elections within the prescribed time frame. Before being appointed as the SEC in August 2021, Khachi served as the chief secretary from January 20, 2021, to August 2022 during the previous BJP government. Excerpts:

**How would you describe the current scenario: a communication gap, a crisis, or unwillingness on the part of the state government to conduct panchayat elections?**

I won't call it a crisis. We never were in a crisis. Elections, whether parliamentary, Assembly, or panchayat, are a constitutional process. Nobody can create hurdles, obstruct or stop this process. That said, I believe the situation the State Election Commission is currently facing has never arisen in Himachal, at least to the best of my knowledge. At the same time, I reiterate we have not run out of time. We still have time to meet the constitutional deadline for holding panchayat elections. There might have been instances where elections in some panchayats or local bodies were halted due to litigation, but the entire process was never affected.



EXPRESS interview | ANIL KUMAR KHACHI
STATE ELECTION COMMISSIONER, HP

**The CM says the SEC must follow the Cabinet-approved delimitation decision, but two days ago, you issued a notification barring the delimitation process.**

There are several matters which fall under the purview of the state government and many under the SEC, but one thing is clear: panchayat elections can only be conducted through the joint efforts of both institutions. Panchayat elections are a two-way process — neither the state government nor the SEC can do everything alone. I do not want to comment on the state government's decision, but the SEC needs their unconditional support. The SEC notification falls entirely within the ambit of the Constitution of India.

**Could you explain what you mean by the state government's unconditional support?**

The SEC is almost ready to conduct elections, but we require some clarifications from the state government. First, the reservation roster. If we are to hold elections, we must have clarity on the reservation roster for panchayats, which falls under the government's purview. Ballot papers — an administrative matter — can be prepared very quickly. Second, if the government concludes that the disaster situation has subsided, it must withdraw the order restraining Deputy Commissioners from undertaking election-related work. These are, in my view, the two main constraints currently holding back the conduct of elections. When I use the term "unconditional support," I am referring specifically to these two points. Other issues can be sorted out anytime.

**If the panchayat elections are delayed, will it reflect on you?**

I have already made it clear that the SEC cannot conduct elections single-handedly. We need the state government's support, which is why I am seeking their unconditional support. The Governor of Himachal Pradesh is the constitutional head. As for the commission's preparedness, voter lists for 3,548 out of 3,577 gram panchayats and all 70 Urban Local Bodies (ULBs) have been completed. The remaining 29 gram panchayats, where the compilation work is underway, will have their final voter lists ready by December 1.

**Are you satisfied with the government's response?**

This is not about my personal satisfaction. Instead of asking me, you can look at the impression the SEC is getting from the government, based on the orders and notifications issued by this office.

Indian Express 20 NOV 2025

# HPSEDC shares details on UAE job openings for delivery persons

*Hamirpur:* The Himachal Pradesh State Electronics Development Corporation (HPSEDC) has asked youths interested in working as bike-borne delivery persons in the United Arab Emirates to apply by November 22 for the opportunity, officials said on Wednesday.

The selected candidates would be required to deliver essential items, including food, and would receive a monthly salary of 2,500 dirhams, plus commissions and tips, ranging from Rs 70,000 to 1,00,000 per month, they said.

District Employment Officer Surendra Sharma said the Himachal Pradesh State Electronics Development Corporation has received a communication for the jobs in the UAE through a recruitment representative — JSDC Group of Companies.

Those aged between 20 and 37 years, having passed class 10 examination, and possessing basic knowledge of English would be eligible for the opportunity, he said. Candidates also must have a driving license and a passport, both valid for at least one year. People with tattoos on their face or neck, or colour-blind individuals, would not be considered for the overseas recruitment process. PTI

# Impersonator booked for using Shimla DC's name, photo on WhatsApp

**Express News Service**
*Shimla, November 19*

SHIMLA DEPUTY Commissioner Anupam Kashyap on Wednesday filed a police complaint after he found out that online fraudsters were impersonating him using his name and photograph on WhatsApp.

The complaint was lodged with Shimla Superintendent of Police (SP) Sanjeev Gandhi.

According to police officials, the impersonator was operating through the mobile number showing Vietnam and had been contacting people posing as the Deputy Commissioner.

The DC said such misuse could lead to miscommunication, harassment or financial fraud.

In his written complaint, Kashyap stated that an unidentified person was "fraudulently using my name and photograph on WhatsApp," and urged the police to take immediate legal and technical action.

He also requested the Cyber Cell to trace the person behind the impersonation. A screenshot of the fake WhatsApp profile and chat messages was attached as evidence.

Terming the matter urgent, Kashyap said the misuse of the identity of a public office bearer could have serious consequences.

Police officers said that they began a preliminary inquiry and are coordinating with cybercrime experts to identify the suspect.

22

Indian Express 20 NOV 2025

# 'State still recovering from disaster': Jai Ram questions Congress govt's 3-yr celebrations

**Express News Service**
*Shimla, November 19*

LEADER OF The Opposition (LoP) Jai Ram Thakur said on Wednesday that the ruling Congress government's celebration of three years in office is "hard to digest" as it's taking place at a time when the state is still battling a disaster and the Disaster Management Act is in force.

"Even senior Congress leaders do not seem to understand what exactly the government is celebrating. The Congress government is completing three years in office, but has nothing to showcase," the former chief minister said. "The state is battling a disaster, and the Disaster Management Act is currently in force in Himachal Pradesh. The very law Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu is citing to justify the postponement of the panchayat elections."

Despite such adverse circumstances, I fail to understand why the government feels the need to celebrate three years in office," Thakur said.

"The Sukhu government, which came to power promising system change, cannot resist holding celebrations."

Addressing a press conference, Jai Ram said, "The state treasury has halted payments above Rs 10,000, salaries and pensions are being delayed, medical reimbursements, especially for senior citizens, are not being processed, youths are not getting employment, and outsourced staff are being removed. Over 15,000 people have lost their jobs. Roads have become riddled with potholes, and the condition of basic facilities in rural areas is miserable. Yet the government is busy preparing for celebrations."

Fielding questions on the Bihar Assembly elections, the LoP said the Bihar verdict sent a clear message to the Congress, which would be facing even worse in Himachal. "The Congress will be nowhere to be seen in the next Himachal Assembly election. The people of the state will pack the Congress's bag, which came to power on fake guarantees," he said.



LoP Jai Ram Thakur, BJP chief Dr Rajeev Bindal and party MLA Vipin Singh Parmar address the media in Shimla on Wednesday. EXPRESS

अमर उजाला 20 NOV 2025

# घोषणा के दो महीने बाद भी केंद्र ने नहीं दिए 1500 करोड़ रुपये : सुक्खू

## सीएम बोले-भाजपा का सोशल मीडिया सेल हमारे अच्छे कामों को भी बुरा दिखा रहा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बद्दी (सोलन)।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के तौर पर 1500 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी, लेकिन यह राशि अभी तक नहीं मिल पाई है।

**लोगों को लुटने से बचाना है, सबको बराबर राहत देंगे**

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि यह राशि जल्द दी जाए, जिससे प्रभावितों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2023 में 23 हजार घर नष्ट हो गए थे। इसी तरह 2025 में आपदा से हजारों लोग बेघर हुए हैं। पहले केंद्र और राज्य की ओर से प्रभावितों को डेढ़ लाख रुपये तक राहत राशि दी जाती थी, जिसे उन्होंने बढ़ाकर अब सात लाख कर दिया है।

बद्दी में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सैकड़ों करोड़ की 5,000 बीघा जमीन सिर्फ 1.12 करोड़ रुपये में बड़े उद्योगपतियों को दे दी। कस्टमाइज्ड पैकेज की आड़ में स्टांप ड्यूटी माफ कर दी गई और पांच साल तक 3 रुपये प्रति यूनिट बिजली और मुफ्त पानी देने का प्रावधान किया गया।



बरोटीवाला में सीएम का स्वागत करते अधिकारी और अन्य। संवाद

हम हिमाचल प्रदेश के संसाधनों के संरक्षक हैं इसलिए राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे। प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है, इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपये वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यालय में एक ऐसा सोशल मीडिया प्लेटफार्म तैयार किया है, जिसमें उनके सभी अच्छे कार्यों को भी बुरा दिखाया जाता है।

लोगों को यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह सरकार जनता के लिए कुछ नहीं कर रही है लेकिन उनके साथ प्रदेश के देवी-देवताओं का साथ है, भगवान उनके साथ है। उनकी नीति प्रदेश की संपदा को लुटने से बचाने की है। बद्दी नगर निगम के चुनाव के बारे में उन्होंने कहा कि दो साल का समय बीत जाने के बाद चुनाव कराए जाएंगे।

## सबसे पहले आपदा प्रभावितों की मदद जरूरी : मुख्यमंत्री

**शिमला।** प्रदेश में पंचायत चुनाव से पहले आपदा प्रभावितों की मदद जरूरी है। सरकार का दायित्व है कि पहले आपदा प्रभावित लोगों की मदद करें। रिज मैदान पर बुधवार को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पीड़ितों की मदद करना जरूरी है। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा के चलते काफी नुकसान हुआ है। सरकार पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रही है। ब्यूरो

## सीएम का कुल्लू दौरा रद्द

**कुल्लू।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कुल्लू दौरा रद्द हो गया है। सीएम के दौरे के लिए प्रशासनिक अमले ने खूब तैयारी की थी। उन्होंने वीरवार सुबह पतलीकूहल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करना था। अब कार्यशाला का शुभारंभ राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। संवाद

# इंदिरा गांधी ने देश को बनाया सशक्त : सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को रिज मैदान पर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने दूरदर्शी निर्णयों से भारत को सशक्त बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, हरीश जनारथा, मलेंद्र राजन, रणजीत सिंह राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, डीसी अनुपम कश्यप, एसपी संजीव गांधी और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। ब्यूरो



रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू। संवाद

## सिंचाई योजना को 58.75 करोड़ जारी



केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से मिलते मुकेश अग्निहोत्री।

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की लंबित 58.75 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई है। मुकेश ने इसके केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। संवाद

# इंदिरा के कारण पाकिस्तान ने टेके घुटने : प्रतिभा

## राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर योगदान को किया याद

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सूझबूझ और परिपक्वता से पाकिस्तान को भारत के आगे घुटने टेकने पड़े थे। हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसके विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



यह बात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कही। प्रतिभा ने कहा कि देश के नवनिर्माण में इंदिरा का बहुत बड़ा योगदान रहा। लाहौल-स्पीति के लोगों की मांग पर इंदिरा ने ही रोहतांग टनल के निर्माण को मंजूरी दी थी। पंडित नेहरू के बाद इंदिरा को भी प्रदेश से गहरा लगाव रहा। आज भी गांधी परिवार के सदस्य सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का प्रदेश के प्रति वही स्नेह बना हुआ है।

प्रतिभा ने कहा कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. डॉ. यशवंत सिंह परमार के प्रयासों से हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल हुआ। उनके बाद प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का आधुनिक हिमाचल के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा है। हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का तत्कालीन जनसंघ (आज की भाजपा) ने विरोध किया था और स्टेटहुड को मारो ठुड का नारा दिया था। भाजपा कभी भी प्रदेश की हितैषी नहीं रही।

इस अवसर पर में महापौर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, राज्य सहकारी बैंक के निदेशक हरिकृष्ण हिमराल, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जैनब चंदेल आदि मौजूद रहे।

# समय पर होंगे पंचायत, शहरी निकाय चुनाव : विक्रमादित्य

**डलहौजी (चंबा)।** प्रदेश में पंचायती राज और शहरी निकाय चुनाव समय पर होंगे। प्रदेश के कुछ इलाके अभी भी सड़क से नहीं जुड़ पाए हैं। इन इलाकों को यातायात के लिए बहाल करने के लिए विभागीय मशीनें तैनात हैं, लेकिन अभी भी 100 प्रतिशत गांव सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाए हैं।



डलहौजी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में आपदा के दौरान भारी नुकसान हुआ है। सड़कों की बहाली करना, समय पर सड़कें बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ने का कार्य पूरी मजबूती से करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल को जल्द अध्यक्ष मिलने की संभावना है।

सभी नेताओं की ओर से इस बारे में काफी समय से कांग्रेस हाईकमान से चर्चा चली हुई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 (पीएमजीएसवाई) में प्रदेश के लिए 1500 सड़कें स्वीकृत हुई हैं, जिन पर 2300 करोड़ पर खर्च किए जाएंगे। संवाद

2 0 NOV 2025

# पोर्टमोर स्कूल के समारोह में मेधावी छात्राएं सम्मानित

## समारोह में शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** राजकीय वरिष्ठ आदर्श कन्या माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर के बुधवार को आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावियों को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा सचिव राकेश कंवर और प्रारंभिक शिक्षा की उपनिदेशक निशा भलूनी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी।

मुख्य अतिथि ने पहली से बारहवीं कक्षा तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बारहवीं कक्षा से पार्थवी, पारुल ठाकुर, प्रियंका, त्रिशाला बनर्जी, पायल, साक्षी, ऐश्वर्या और अनन्या पुरस्कृत किया। इनके अलावा आर्ची मेहता, तेजल शर्मा, मोहिनी, तनु कुमारी और अंबिका वर्मा को भी समारोह में सम्मानित किया गया। दसवीं कक्षा की नव्या शर्मा ने 692 अंक प्राप्त कर बोर्ड में पांचवां स्थान हासिल किया और बारहवीं की शिवांगी ने छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। खेल, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।



पोर्टमोर स्कूल के वार्षिक समारोह में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमर उजाला

### समारोह में बच्चों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां

प्रधानाचार्या राखी पंडित ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति और छात्रों की उपलब्धियों को विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

### हलोग स्कूल में दी सर्वाइकल कैंसर की जानकारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला के रोटारैक्ट क्लब ने धामी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हलोग में सर्वाइकल कैंसर के प्रति बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. तानिया सहाय ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर बारे में बताया। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, उपचार विकल्पों और नियमित जांच, एचपीवी टीकाकरण, सुरक्षित यौन व्यवहार तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बारे जागरूक किया गया। इस मौके पर समन्वय डॉ. हरि चंद, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रीति सक्सेना मौजूद रहीं। संवाद

# नगर पंचायत नगरोटा सूरियां के गठन की अधिसूचना रद्द

## प्रशासक की नियुक्ति की अधिसूचना भी की रद्द
## हाईकोर्ट ने आपत्तियों पर पुनर्विचार का दिया आदेश

अदालत से

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने नगर पंचायत नगरोटा सूरियां के गठन से संबंधित 20 दिसंबर 2024 की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस अधिसूचना के आधार पर 15 जनवरी 2025 को जारी प्रशासक को नियुक्त करने की अधिसूचना भी रद्द मानी जाएगी।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने प्रतिवादियों को आदेश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों पर कानून के अनुसार विचार करें। यह प्रक्रिया 30 नवंबर से पहले पूरी की जाए। अदालत ने प्राधिकारी को कारण बताते हुए आदेश पारित करने और यदि याचिकाकर्ता चाहें तो उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देने का भी आदेश दिया है। अदालत में सुनवाई में पाया कि अधिसूचना याचिकाकर्ताओं की ओर से समय पर प्रस्तुत की आपत्तियों पर विचार किए बिना जारी की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने शिकायत की थी कि मसौदा अधिसूचना 24 नवंबर 2024 को प्रकाशित हुई थी और उन्हें आपत्ति दर्ज करने को 14 दिन दिए थे।

याचिकाकर्ताओं ने 3 से 7 दिसंबर 2024 के बीच आपत्तियां दाखिल कर दी थीं। कोर्ट ने अवलोकन और रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री को ध्यान में रखते हुए माना कि याचिकाकर्ताओं की समय पर दी गई आपत्तियों पर विचार किए बिना अधिसूचना जारी की गई। संवाद

### एसडीएम, तहसीलदार की कोर्ट प्रक्रिया बदली

**शिमला।** सरकार ने एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की अदालतों में सुनवाई प्रक्रिया को स्पष्ट और सरल बनाने के लिए नियमों में बदलाव किए हैं। जमीन संबंधी मामलों में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए यह बदलाव किया है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों से जुड़े मामलों में मौके पर नोटिस चस्पा कर कार्रवाई की जाएगी। कब्जा हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन को अधिकार दिए गए हैं। ब्यूरो

### लोक लेखा समिति की बैठक में विभागीय उत्तरों पर चर्चा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय की लोक लेखा समिति की बैठकें बुधवार को मुख्य समिति कक्ष में हुईं। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अनिल शर्मा ने की। बैठक में समिति के सदस्य संजय रत्न, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज, मलेंद्र राजन, केवल सिंह पठानिया, कैप्टन रणजीत सिंह और कमलेश ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग से प्राप्त विभागीय उत्तरों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके तहत मुख्य सचिव (आवास) तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) हिमाचल प्रदेश सरकार का मौखिक साक्ष्य लिया गया। समिति ने विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की प्रगति और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित बिंदुओं पर स्पष्टीकरण लिया। ब्यूरो

### अटल पेंशन योजना पर कल होगी बैठक

**शिमला।** अटल पेंशन योजना को लेकर शुक्रवार को राजधानी शिमला के होटल हॉलीडे होम में बैठक होगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि इस बैठक में योजना को लेकर जागरूक किया जाएगा। योजना से संबंधित समस्याओं का भी हल किया जाएगा। पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण नई दिल्ली सहित प्रदेश के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहेंगे। ब्यूरो

अमर



# अब दैनिक वेतन आधार पर काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को भी ओपीएस का लाभ

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार ने पेंशन देने को कहा, अधिसूचना संशोधित

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दैनिक वेतन आधार पर काम करने वाले हजारों चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को भी अब पेंशन मिलेगी। राज्य सरकार ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें ओपीएस के तहत शामिल करते हुए सुप्रीम कोर्ट के सुरेंद्र सिंह केस का लाभ सभी को देने का फैसला लिया है। बुधवार को वित्त विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों को इस बाबत आदेश जारी किए। वित्त विभाग की ओर से 14 फरवरी 2019 की अधिसूचना को संशोधित कर दिया गया है।

इस निर्णय से हिमाचल प्रदेश के हजारों दैनिक वेतन आधार पर लंबे समय तक कार्य करने वाले कर्मचारियों को पेंशन का रास्ता साफ हो गया है। वर्षों से लंबित मांगों-असमानताओं को दूर करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई थी। विभाग की ओर से जारी कार्यालय आदेश के अनुसार अब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दैनिक वेतन पर सेवा का लाभ (1 वर्ष के बराबर 5 वर्ष) पेंशन के लिए दिया जाएगा, चाहे उनकी नियमितीकरण की तिथि कोई भी रही हो।

यह फैसला पुरानी पेंशन योजना की 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी बहाली के बाद लिया है। संशोधित निर्देशों का लाभ केवल उन कर्मियों को मिलेगा जो अब सीसीएस पेंशन नियम 1972 यानी ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत हैं। इसके तहत पांच वर्ष दैनिक वेतन सेवा को 1 वर्ष क्वालीफाइंग सर्विस माना जाएगा। अधिकतम 2 वर्ष की क्वालीफाइंग सर्विस का लाभ मिलेगा।

### इन कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

यह लाभ उन चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को मिलेगा, जिनकी सेवाएं नियमितीकरण नीति के तहत नियमित की थीं। पेंशन तभी मिलेगी जब नियमित सेवा और दैनिक वेतन सेवा से प्राप्त लाभ के कुल 10 वर्ष बनेंगे। जिनको 15 मई 2003 या उसके बाद नियमित किया गया था और जो एनपीएस में थे, वे भी पेंशन के हकदार होंगे। इन्हें ओपीएस विकल्प चुनना होगा और सरकार के योगदान और लाभांश को सरकारी खजाने में जमा करवाना होगा। जिन कर्मियों ने यह विकल्प नहीं चुना है, वे 60 दिन में विकल्प दर्ज कर सकते हैं। पेंशन की प्रभावी तिथि 15 मई 2003 से पहले नियमित हुए कर्मियों के लिए एक जनवरी 2018 रखी गई है। 15 मई 2003 या इसके बाद में नियमित हुए और पहले एनपीएस में शामिल कर्मचारी को पेंशन 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी।

# 12 लाख की आय वाले परिवारों के छात्रों को 20 लाख का ऋण

### डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के संशोधित नियम जारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब 12 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को भी 20 लाख रुपये ऋण मिल सकेगा। उच्च शिक्षा निदेशालय ने कैबिनेट की मंजूरी के बाद बुधवार को डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के संशोधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। पहले ऋण सुविधा के लिए चार लाख रुपये आय सीमा थी। राज्य का कोई भी विद्यार्थी केवल आर्थिक तंगी के कारण अपने सपनों की शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए बीते दिनों कैबिनेट बैठक में आय सीमा बढ़ाने का निर्णय हुआ था। योजना के तहत हिमाचल के बोनोफाइड छात्रों को मात्र 1 फीसदी ब्याज दर पर शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा प्रदेश के किसी भी निर्धारित बैंक से ली जा सकेगी। यूको बैंक को इस योजना का नोडल बैंक नियुक्त किया गया है। नोडल कार्यालय यूको बैंक मुख्य शाखा शिमला को बनाया गया है, जहां उच्च शिक्षा विभाग से ब्याज सब्सिडी का दावा किया जाएगा। विद्यार्थियों को इस योजना में अधिकतम 20 लाख रुपये तक ऋण लेने की सुविधा मिलेगी। यह ऋण सुविधा ट्यूशन फीस, पुस्तकें, अध्ययन सामग्री, हॉस्टल/बोर्डिंग-लॉजिंग, परीक्षा शुल्क व अन्य शिक्षा संबंधित व्यय पर खर्च हो सकेगी। योजना के संशोधित नियमों के तहत ऋण की सुविधा सिर्फ भारत ही नहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए भी लागू होगी। ब्यूरो

**इन पाठ्यक्रमों के लिए मिलेगा ऋण :** योजना के तहत सभी प्रोफेशनल, टेक्निकल और उच्च शिक्षा को कवर किया गया है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, लॉ, आईटीआई/ पॉलिटेक्निक, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रम पढ़ने के लिए ऋण मिलेगा। इन पाठ्यक्रमों का मान्यता प्राप्त संस्थानों और विश्वविद्यालयों से होना आवश्यक है।

27

2 2 NOV 2023

पंचायती राज चुनाव में तत्परता न दिखाने पर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए नोटिस का सात उपायुक्तों ने दिया जवाब, कहा-

# हिमाचल में लागू डिजास्टर एक्ट के कारण नहीं कर पाए निर्देशों का पालन

**शिमला।** प्रदेश के सात जिलों के उपायुक्तों ने राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस का जवाब भेज दिया है। सभी उपायुक्तों ने आयोग के निर्देशों का पालन न होने का कारण डिजास्टर एक्ट बताया है।

दूसरी ओर, निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर डिजास्टर एक्ट की समीक्षा का आग्रह किया है। आयोग ने लिखा है कि सरकार मौजूदा समय की जमीनी हकीकत की समीक्षा कर डिजास्टर एक्ट पर उचित निर्णय लें। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों को लेकर जिला उपायुक्तों की तत्परता पर नाराजगी जताई थी।

आयोग की ओर से उपायुक्तों को आरक्षण रोस्टर घोषित करने के निर्देश जारी किए गए थे लेकिन किसी भी उपायुक्त ने रोस्टर जारी नहीं किया। आयोग ने चुनाव सामग्री उठाने के निर्देश दिए लेकिन चुनाव सामग्री भी नहीं उठाई गई। निर्धारित समय में उपायुक्तों की ओर से वोटर लिस्टों का प्रकाशन न करने को भी आयोग ने नियमों का उल्लंघन माना था और उपायुक्तों से इस देरी का कारण पूछा था। इस पर उपायुक्तों ने राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में लगाए गए डिजास्टर एक्ट को कारण बताया है। उधर, राज्य चुनाव आयोग बीते 17 नवंबर को आदर्श आचार संहिता के एक क्लॉज को लागू कर चुका है।

इसके तहत पंचायतों और नगर निकायों की सीमाएं फ्रीज कर दी है जिसके बाद सरकार पंचायतों का पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन नहीं कर सकती। चुनाव आयोग के इस फैसले को लेकर प्रदेश सरकार कानूनी सलाह ले रही है। ब्यूरो

**चुनाव आयुक्त की बैठक में न मुख्य सचिव आए न अन्य :** राज्य चुनाव आयुक्त ने पंचायतीराज और स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव, वित्त, राजस्व, सचिव शहरी विकास, सचिव पंचायती राज, सचिव गृह की बैठक बुलाई थी। बैठक में कोई भी अधिकारी शामिल नहीं हुआ। अधिकारियों के बैठक में न आने से चुनाव को लेकर सरकार की तैयारियों पर विचार-विमर्श नहीं हो सका।

**पंचायतों के पुनर्गठन के लिए आए 24 प्रस्ताव :** प्रदेश में पंचायतों के पुनर्गठन के लिए पंचायतीराज विभाग को अब 24 प्रस्ताव मिल चुके हैं। शिमला, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला से अधिकतर प्रस्ताव आए हैं। इन प्रस्तावों पर अब सरकार अंतिम फैसला लेगी। हालांकि, राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों के पुनर्गठन पर रोक लगा दी है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह विवाद और अधिक गहराता दिख रहा है। इस बीच, आयोग ने कहा कि वेबसाइट और सारथी एप पर मतदाता सूचियां उपलब्ध हैं और मतदाता अपने नाम इनमें देख सकते हैं।

सवाल

जर्मन विकास बैंक प्रोजेक्ट के तहत 162 कर्मचारी अगस्त से बैठे हैं घर

# फील्ड कर्मी नौकरी से बाहर, अफसर-नेता जाएंगे जर्मनी

प्रवीण प्रकाश कुमार

**धर्मशाला।** जर्मन विकास बैंक (केएफडब्ल्यू) की ओर से वित्तपोषित हिमाचल प्रदेश वन पारिस्थितिकी तंत्र जलवायु प्रूफिंग परियोजना अपने अंतिम चरण में है। परियोजना मार्च 2026 में पूरी होनी है, लेकिन इसी बीच प्रदेश के 15 अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों (एमएलए) का एक दल दिसंबर में विदेश प्रशिक्षण और अवलोकन यात्रा पर भेजा जा रहा है।

परियोजना समाप्ति से कुछ माह पहले विदेश यात्रा का औचित्य समझ से परे है। उधर, परियोजना में फील्ड में काम करने वाले 162 कर्मचारी पिछले अगस्त से ही बेरोजगार कर दिए हैं। परियोजना लगभग खत्म होने वाली है और कर्मचारियों की सेवाएं बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के समाप्त कर दी गईं। कई कर्मचारी तो पिछले 15 वर्ष से अधिक समय से मिड हिमालयन प्रोजेक्ट और इसके बाद इसी परियोजना के तहत सेवाएं दे रहे थे। विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर किसी भी परियोजना के शुरू होने पर विदेश यात्राएं की जाती हैं ताकि बेहतरीन मॉडल और तकनीक संमझकर प्रोजेक्ट को मजबूत बनाया जा सके।

परियोजना समाप्ति के समय पर्यटन जैसी विदेश यात्रा ने कर्मचारियों व स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ा दी है। उधर, पीसीसीएफ हॉफ संजय सूद ने कहा कि प्रशिक्षण और अवलोकन यात्रा पर एक टीम विदेश जा रही है, लेकिन इस बारे में मुख्य परियोजना निदेशक अधिक जानकारी प्रदान कर सकती हैं। उधर, मुख्य परियोजना निदेशक उपासना पटियाल से जब इस बारे में पक्ष लेना चाहा तो उन्होंने न तो फोन और न ही व्हाट्सएप मैसेज का जवाब दिया।

### मार्च 2026 को खत्म हो रही है जर्मनी से वित्त पोषित परियोजना

### यह 15 लोग जा रहे विदेश

**विधायकों** में सुदर्शन सिंह बबलू, अजय सोलंकी और विवेक शर्मा, अधिकारियों में एसीएस केके पंत, हॉफ संजय सूद, प्रोजेक्ट की सीपीडी उपासना पटियाल, एपीडी कमल भारती, एपीडी डीएस डढवाल, नगर निगम धर्मशाला की ट्री आफिसर तनवी गुप्ता, डीएफओ चंबा कृतज्ञा कुमार, डीएफओ भरमौर एमएन शिवाजी, डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन, डीएफओ चुराह सुशील गुलेरिया, डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा और डीएफओ पालमपुर संजीव कुमार।

जिस परियोजना में धरातल पर कार्य करने वाले निष्ठावान और ईमानदार कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर बेरोजगार कर दिया गया हो, उसी परियोजना के खर्च पर अधिकारियों और नेताओं की विदेश यात्रा समझ से परे है। केएफडब्ल्यू परियोजना मार्च 2026 में अपना कार्यकाल पूरा कर रही है, ऐसे में तीन महीने पहले की जा रही यह विदेश यात्रा किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकती। एक ओर प्रदेश सरकार आर्थिक तंगी का रोना रो रही है, तो दूसरी ओर अधिकारी और नेता विदेश यात्राओं पर जा रहे हैं। सरकार की कथनी और करनी के इस अंतर को जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। -**विपिन सिंह परमार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक**

2 0 NOV 2024

# हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा देने के मामले में लगातार तीन दिन होगी सुनवाई

## 16 से 18 दिसंबर तक प्रदेश हाईकोर्ट में होगी अंतिम सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में सिरमौर जिले के गिरिपार के हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा देने को लेकर जारी अधिसूचना पर अब 16 से 18 दिसंबर तक लगातार अंतिम सुनवाई होगी। अदालत में बुधवार को हाटी समुदाय के मामले पर सुनवाई होनी तय हुई थी, लेकिन कितने लोगों ने इस मामले से संबंधित याचिकाएं दायर की है इसका पूरा ब्यौरा नहीं था।

**मामला 1**

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने इस मामले को 27 नवंबर को रजिस्टर के पास सूचीबद्ध किया गया है। अदालत ने कहा कि मामले में कितनी पार्टियां पक्षकार और प्रतिवादी बनाए गए हैं इसको लेकर एक नया मेमो ऑफ पार्टी रिकॉर्ड पर रखा जाए। सिरमौर जिले के गिरिपार के हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा देने को लेकर जारी अधिसूचना पर हिमाचल हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं।

## झूठे शपथ पत्र पर अधीक्षण अभियंता को 10 हजार जुर्माना

**मामला 2**

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-ठियोग- हाटकोटी पर झूठे शपथ पत्र दाखिल करने पर अधीक्षण अभियंता पर 10 हजार रुपये का टोकन जुर्माना लगाया है। अदालत ने यह राशि उन्हें व्यक्तिगत रूप से मुख्य न्यायाधीश आपदा राहत कोष में जमा करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जियालाल भारद्वाज की खंडपीठ ने झूठा हलफनामा दायर करने को लेकर अधिकारियों पर कड़ी फटकार लगाते हुए टिप्पणी की कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि वास्तविक स्थिति के बारे में कोर्ट के सामने सही तस्वीर पेश नहीं की गई है। मौजूद अधिकारियों ने इसके लिए कोर्ट से क्षमा मांगी और कहा कि उनका इरादा अदालत को गुमराह करने का नहीं था। अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सचिव की ओर से 7 अक्तूबर को प्रस्तुत उस रिपोर्ट पर भी गौर किया, जिसमें उन्होंने ठियोग से शिमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया था। संवाद

## जवाब दाखिल नहीं करने पर सरकार को 20 हजार जुर्माना

**मामला 3**

शिमला। हाईकोर्ट ने एक मामले में प्रतिवादी राज्य सरकार को लगभग चार साल तक जवाब दाखिल न करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत ने कहा कि मामले में नोटिस जारी होने के बाद लगभग चार साल बीत चुके हैं। याचिका पहली बार 1 दिसंबर 2021 को सूचीबद्ध की गई थी, लेकिन आज तक प्रतिवादियों की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

अदालत ने 10 हजार की राशि मुख्य न्यायाधीश आपदा राहत कोष और 10 हजार की राशि याचिकाकर्ता को देने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह लागत उस अधिकारी के वेतन से वसूल की जाएगी जो जवाब दाखिल करने में देरी के लिए जिम्मेदार है। मामले की अगली सुनवाई अब 22 दिसंबर को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी-विभाग की ओर से लगभग चार वर्षों तक जवाब दाखिल न किया जाना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि प्रतिवादियों को न्यायालय के आदेशों का कोई सम्मान नहीं है। हालांकि, अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि 1 दिसंबर 2021 के बाद मामला कभी कोर्ट के सामने सूचीबद्ध नहीं हुआ। संवाद

**मामला 4**

**कम्युनिटी हेल्थ अफसरों पर 27 को सुनवाई :** हाईकोर्ट में एचएलएल के माध्यम से वर्ष 2019 में आउटसोर्स पर रखे गए कम्युनिटी हेल्थ अफसरों को नेशनल हेल्थ मिशन में शामिल करने के मामले की अब 27 नवंबर को सुनवाई होगी। कोर्ट में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने तर्क दिया है कि भले ही उन्हें एचएलएल की ओर से नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्हें एनएचएम का कर्मचारी माना जाना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत से मांग की है कि उनकी अनुबंध सेवाओं को एनएचएम के तहत विलय कर दिया जाए। संवाद

# पैसा न मिलने से पंचायतों में मनरेगा के कार्य अटके

शिमला। केंद्र से मैटीरियल कंपोनेंट की राशि प्राप्त न होने और पंचायतों में स्टाफ की कमी के चलते मनरेगा कार्य लटक गए हैं।

पंचायतों के बहुत से ऐसे कार्य हैं जो शुरू ही नहीं किए जा सके हैं। वहीं जो शुरू हुए थे वह आधे अधूरे हैं। शहर से सटी पंचायत टुटू-

### स्टाफ की कमी से भी हो रही है दिक्कत

मजठाई में सचिव को छोड़कर अन्य सभी स्वीकृत पद खाली हैं। इसमें ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक और चौकीदार का पद कई सालों से रिक्त है। पंचायत टुटू-मजठाई के प्रधान उत्तम कश्यप ने बताया कि संबंधित विभाग के साथ स्टाफ की कमी का मामला उठाया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

इस प्रकार जहां एक ओर समय पर धनराशि प्राप्त न होने और स्टाफ की कमी के चलते पंचायतों की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर इन कार्यों के संचालन के लिए जिम्मेवार कर्मचारियों को उनकी क्षमता से अधिक कार्यभार सौंपा जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी सामाजिक कल्याण योजना है। संवाद

29

20 NOV 2025

# होम स्टे पोर्टल तैयार, अब घर बैठे पंजीकरण

## इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कारपोरेशन ने बनाया पोर्टल, सीएम करेंगे शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 4,500 से अधिक होम स्टे संचालकों को अब लाइसेंस के पंजीकरण या नवीनीकरण के लिए पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद पर्यटन विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से होम स्टे पोर्टल तैयार कर लिया है। पोर्टल के औपचारिक शुभारंभ के लिए विभाग ने मुख्यमंत्री कार्यालय से समय मांगा है। संचालक अब घर बैठे ऑनलाइन होम स्टे पंजीकरण कर सकेंगे। पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज स्कैन कर पोर्टल में अपलोड करने होंगे।

इसको लेकर फीस भी ऑनलाइन जमा हो सकेगी। संचालकों को होम स्टे लाइसेंस भी ऑनलाइन ही मिल जाएगा। पोर्टल की सुविधा शुरू होने से जहां लोगों के समय की बचत तो होगी वहीं हर साल होने वाले नवीनीकरण के लिए भी बार बार औपचारिकताएं नहीं करनी होंगी।

### 45 सौ संचालक करवा सकेंगे नवीनीकरण

"इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कारपोरेशन के माध्यम से होम स्टे के पंजीकरण और नवीनीकरण के लिए पोर्टल तैयार है। जल्द से जल्द मुख्यमंत्री के हाथों शुभारंभ करवाया जाएगा। लोग अब ऑनलाइन माध्यम से होम स्टे पंजीकरण करवा सकेंगे।

**- विवेक भाटिया,** निदेशक, पर्यटन विभाग, हिमाचल प्रदेश

### अधिकारी होम स्टे का करेंगे निरीक्षण

पोटल पर आवेदन के बाद पर्यटन विकास अधिकारी होम स्टे का निरीक्षण करेंगे और होम स्टे रूल्स 2025 के तहत अनिवार्य किए गए प्रावधानों की जांच करेंगे। यदि व्यवस्थाएं मानकों के तहत सही पाई जाती है तो ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन को स्वीकृति दी जाएगी। पोर्टल पर ही होम स्टे संचालन का लाइसेंस जारी होगा, जिसे संचालक डाउनलोड कर प्रिंट ले सकेंगे।

### यह है पंजीकरण करवाने की प्रक्रिया

- सबसे पहले विभाग का ऑनलाइन पोर्टल खोलें
- आवेदन चुनें, नया पंजीकरण या नवीनीकरण और होमस्टे की श्रेणी का चयन करेंगे, सिल्वर, गोल्डन या डायमंड
- फॉर्म भरें, सभी जानकारी के साथ ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें।
- दस्तावेज अपलोड करें, राजस्व कागजात (जमाबंदी, ततीमा) स्कैन कर अपलोड करें।
- होम स्टे के भीतर और बाहर की तस्वीरें अपलोड करें
- अंत में ऑनलाइन बैंकिंग या पेमेंट वॉलेट से शुल्क का भुगतान करें

20 NOV 2025

# शिमला रोपवे परियोजना के लिए काटे जाएंगे 1,423 पेड़

## शिमला शहरी और ग्रामीण वन मंडल क्षेत्र से होकर बनेगा 13.79 किमी रोपवे

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** राजधानी में शिमला रोपवे के निर्माण के बड़े प्रोजेक्ट के लिए शिमला शहरी और ग्रामीण वन मंडल में 1423 पेड़ कटेंगे। 13.79 किलोमीटर के इस प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ की ओर से प्रथम चरण की क्लीयरेंस मिल चुकी है।

1734.70 करोड़ के इस रोपवे का निर्माण वन मंडल शिमला शहरी ग्रामीण के क्षेत्र में किया जाना है। इसमें शिमला शहरी वन मंडल में किए रोपवे सर्वे में 983 और शिमला ग्रामीण वन मंडल में 440 पेड़ काटे जाने है। मंत्रालय से अभी एफसीए की पहले चरण की मंजूरी दी है।

रोपवे का निर्माण कर रहे रोपवे-रेपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डवेलपमेंट कार्पोरेशन को इस निर्माण कार्य में कटने वाले पेड़ों की एवज में निर्धारित राशि सहित अन्य औपचारिकताओं को पूरा करना होगा। इसके बाद ही मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय से दूसरे चरण की वन मंजूरी मिलेगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। वन मंडल अधिकारी शिमला शहरी पवन चौहान ने माना कि मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय चंड़ीगढ़ से रोपवे प्रोजेक्ट को मिली फॉरेस्ट क्लीयरेंस में इस निर्माण में दोनों वन मंडलों के 1423 पेड़ों को काटा जाना है।

रोपवे प्रोजेक्ट में शिमला शहरी का 4.5639 हेक्टेयर और शिमला ग्रामीण का 1. 6270 हेक्टेयर एरिया शामिल होगा। इस पर निर्माण कार्य होना है। बरसात में गिर चुके हैं 1000 से अधिक पेड़

विकासात्मक कार्यों के लिए शहर में हर साल पेड़ काटे जा रहे हैं। पिछली दो से तीन बरसातों में राजधानी के करीब एक हजार से अधिक पेड़ गिरे हैं। यही नहीं भवनों के लिए प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा घोषित किए खतरनाक करीब पांच सौ पेड़ कट चुके हैं। इससे शिमला शहर में पेड़ और कम हो जाएंगे।

गौरतलब है कि हर साल शिमला शहर में बरसात और हिमपात के दौरान सैकड़ों पेड़ गिरते हैं। इससे पेड़ों की संख्या भी कम हो रही है। हालांकि सरकारी विभाग हजारों की तादाद में नए पेड़ भी लगाते हैं। लेकिन अंधाधुंध के निर्माण कार्यों के चलते पेड़ों का हजारों की संख्या में कटान हो रहा है।

### यह है रोपवे प्रोजेक्ट का प्रस्तावित रूट



**राजधानी** के 13.79 किलोमीटर का रोपवे प्रोजेक्ट तारादेवी से चक्कर-आईएसबीट तक बनाया जाना है। इसके बाद रोपवे का रूट दो जगह के लिए डायवर्ट होगा, एक आईएसबीटी से 103 टनल-विक्ट्री टनल-आईजीएमसी-संजौली-नवबहार से होते हुए छोटा शिमला तक। दूसरा डायवर्ट होने वाला रोपवे का रूट आईएसबीटी से रेलवे स्टेशन, ओल्ड बस अड्डा, लिफ्ट और वहां से सचिवालय तक बनाया जाना है।



केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने दी प्रथम चरण की मंजूरी

31

20 NOV 2025

# सरकार के खिलाफ चार दिसंबर को धर्मशाला में प्रदर्शन करेगी भाजपा

## जोरावर स्टेडियम में तीन साल की योजनाओं पर उठाए जाएंगे सवाल

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** भाजपा चार दिसंबर को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ धर्मशाला में प्रदर्शन करेगी। विधानसभा के शीत सत्र के दौरान जोरावर स्टेडियम में सरकार के तीन साल की योजनाओं पर सवाल उठाए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि इसके लिए पूर्व मंत्री और विधायक विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

**विधायक परमार की अध्यक्षता में समिति का गठन किया**

सह प्रभारी के तौर पर उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, उपाध्यक्ष पवन काजल, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर और विधायक सुधीर शर्मा को जिम्मेवारी सौंपी गई है। डॉ. बिंदल ने कहा कि पंचायतीराज चुनाव को टाला गया तो भाजपा सड़कों पर उतर कर विरोध करेगी। अपने बड़े भाई और चुराह से विधायक हंसराज के मामले में डॉ. बिंदल ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का 3 साल का जश्न गले से नहीं उतर रहा है। प्रदेश आपदा से जूझ रहा है। हिमाचल प्रदेश में डिजास्टर एक्ट लागू है। जिसका हवाला देकर मुख्यमंत्री की ओर से पंचायत चुनाव को स्थगित करने की कोशिशें जारी हैं।



पत्रकारों को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। संवाद

**बिहार में बोलेरो, अब हिमाचल में ऑल्टो में फिट होगी कांग्रेस : जयराम**

जयराम ठाकुर ने कहा कि बिहार की धरती ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है और हिमाचल में कांग्रेस का हाल और भी बुरा होगा। दूर-दूर तक कांग्रेस विधानसभा के चुनाव में दिखाई नहीं देगी। उन्होंने कहा कि बिहार में तो कांग्रेस बोलेरो गाड़ी में फिट हुई है। हिमाचल की जनता झूठी गारंटियों के दम पर पिछली बार सत्ता में आए कांग्रेस को अगले विधानसभा चुनाव में ऑल्टो कार में फिट कर देगी। ऑल्टो गाड़ी वैसे भी सीएम को प्रिय है।

## पंचायत चुनाव, गारंटियों और कर्मचारियों के मुद्दों पर सत्र में सरकार को घेरेगी भाजपा

**शिमला।** विधानसभा सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिमला में नेता विपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर घेरने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में विशेष रूप से पंचायत चुनावों में देरी, कर्मचारियों-पेंशनरों से जुड़े मुद्दों, गारंटी योजनाओं की स्थिति, बेरोजगारी और आपदा राहत कार्यों में सरकार की सुस्ती को लेकर हमला बोलने पर सहमति बनी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी और प्रत्येक विभागीय कमी को तथ्यों सहित विधानसभा में रखा जाएगा। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सत्र को लेकर 25 नवंबर को सर्वदलीय बैठक होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष से सदन की कार्यवाही में सकारात्मक सहयोग का आह्वान किया जाएगा। उधर, कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी 25 नवंबर को होगी। ब्यूरो

# चुराह से भाजपा विधायक हंसराज से दो घंटे पूछताछ

## विधायक की पत्नी भी पहुंची थाने, युवती को धमकाने के आरोप में उनसे भी पूछे सवाल



**चंबा।** पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में चुराह से भाजपा के विधायक हंसराज बुधवार को तीसरी बार महिला पुलिस थाना चंबा पहुंचे। पुलिस टीम ने उनसे करीब दो घंटे पूछताछ की। इस दौरान विधायक की पत्नी भी मौजूद रहीं और उनसे भी सवाल-जवाब किए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार विधायक की पत्नी से युवती की ओर से लगाए धमकाने के आरोपों पर पूछताछ की गई। उधर, युवती की ओर से लगाए आरोपों के बाद पुलिस ने चंडीगढ़ स्थित एक होटल सहित अन्य स्थानों से भी साक्ष्य जुटाए हैं।

लगभग एक वर्ष पहले युवती ने विधायक पर अश्लील चैट और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही उसने विधायक की पत्नी पर भी धमकाने का आरोप लगाया था। लेकिन बाद में न्यायालय में अपने बयान से पलटते हुए आरोप वापस ले लिए थे। हाल ही में युवती ने सोशल मीडिया पर फिर से सामने आकर विधायक पर संगीन आरोप लगाए। इसके बाद मामला एक बार फिर से उछला और महिला आयोग के आदेश पर पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की। युवती ने इस बार पुलिस और न्यायालय में अपने विस्तृत बयान भी दर्ज करवाए हैं। युवती के पिता ने भी सोशल मीडिया और पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने बताई गई जगहों पर दबिश देकर अतिरिक्त साक्ष्य एकत्र किए।

विधायक ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने पुलिस जांच में सहयोग करने के आदेशों के साथ जमानत दी। इसी क्रम में विधायक ने 13, 15 और अब 19 नवंबर को महिला थाना पहुंचकर पूछताछ में सहयोग किया है। एएसपी चंबा हितेश लखनपाल ने कहा कि पुलिस टीम मामले की जांच पूरी निष्पक्षता से कर रही है। संवाद

पंजाब केसरी
20 NOV 2025



### मुख्यमंत्री ने दून में आपदा प्रभावित परिवारों को बांटी राहत राशि

# हम हिमाचल के संसाधनों के संरक्षक, राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे : सुक्खू

मानपुरा, 19 नवम्बर (बस्सी): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दून विधानसभा क्षेत्र के 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपए की राहत राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को अंतिम किस्त के रूप में 17,03,000 रुपए के चैक प्रदान किए। क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 3 क्षयरोगियों को पोषण किटें भी प्रदान कीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बद्दी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा सरकार आपदा प्रभावित परिवारों की लगातार सहायता कर रही है। सरकार ने (शेष पृष्ठ 2 कालम 5 पर)



मानपुरा : बद्दी पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत करते विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता। (बस्सी)

**हम हिमाचल के....**

सहायता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किया और आज प्रभावित परिवारों को अपने घर फिर से बनाने के लिए 7 लाख रुपए मिल रहे हैं।

वह केंद्र सरकार से सहायता लेने के लिए भाजपा के सभी सातों सांसदों के साथ केंद्र जाने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ के पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन हमें अभी तक धनराशि नहीं मिली है। सरकार अकेले ही आपदा प्रभावित परिवारों का दर्द बांट रही है। उन्होंने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने के लिए पूर्व भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सैंकड़ों करोड़ रुपए मूल्य की 5,000 बीघा जमीन सिर्फ 1.12 करोड़ रुपए में बड़े उद्योगपतियों को दे दी। कस्टमाइज्ड पैकेज की आड़ में स्टांप ड्यूटी माफ कर दी गई और 5 साल तक 3 रुपए प्रति यूनिट बिजली और मुफ्त पानी देने का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि हम हिमाचल के संसाधनों के संरक्षक हैं, इसलिए राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार मैडीकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है। इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपए वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। भाजपा का सोशल मीडिया सैल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कई चुनौतियों के बावजूद हिमाचल आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।



*शिमला : पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर रिज स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। (नरेश)*

पंजाब केसरी

NOV 2025

# आपदा पीड़ितों का दर्द समझती है सरकार, विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

शिमला, 19 नवम्बर (ब्यूरो): मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को ऐतिहासिक रिज पर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि आपदा पीड़ितों का दर्द सरकार समझती है और राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है। निश्चित तौर पर जब कहीं आपदा आती है तो पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम सरकार की जिम्मेदारी होती है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। वहीं पंचायत चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इंदिरा गांधी एक ऐसी शख्सियत थीं, जिनके साहस की कोई मिसाल नहीं मिलती है। वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि बंगलादेश जो उपजा है, वह भी इंदिरा गांधी की ही सोच थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलना है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कांग्रेस पार्टी की प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डा. (कर्नल) धनीराम शांडिल, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह और अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने देश भक्ति और भजन गायन की प्रस्तुति के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी।



*शिमला : पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देतीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व अन्य।* (नरेश)

### इंदिरा गांधी आयरन लेडी ऑफ इंडिया : रोहित

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी एक ऐसा व्यक्तित्व थीं, जिन्होंने सत्ता को जिम्मेदारी, दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ परिभाषित किया। उनके फैसले कठोर थे, उनका नेतृत्व अडिग था और उनकी सोच समय से आगे चलती थी। यही कारण है कि उन्हें आयरन लेडी ऑफ इंडिया कहा जाता है। इंदिरा गांधी ने कठिन परिस्थितियों में भी देश को मजबूती से संभाला।

### देश के नवनिर्माण में बड़ा योगदान : प्रतिभा

प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश के नवनिर्माण में स्व. इंदिरा गांधी का बहुत बड़ा योगदान है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी की सूझबूझ व राजनीतिक परिपक्वता से ही पाकिस्तान को अपने नापाक इरादों से भारत के आगे घुटने टेकने पड़े थे।

# केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले अग्निहोत्री, 58.75 करोड़ राशि जारी करने पर जताया आभार



ऊना : दिल्ली में जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात करते डिप्टी सी.एम. मुकेश अग्निहोत्री।

ऊना, 19 नवम्बर (सुरेन्द्र): डिप्टी सी.एम. मुकेश अग्निहोत्री ने दिल्ली में जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लम्बित पड़ी 58.75 करोड़ रुपए की राशि जारी करने के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया।

डिप्टी सी.एम. ने कहा कि काफी समय से यह राशि जारी नहीं हुई थी और इसे अब जारी किया गया है। इससे योजनाएं क्रियान्वित करने में प्रगति होगी। डिप्टी सी.एम. ने इस दौरान प्रदेश की कई और योजनाओं पर चर्चा की, ताकि पहाड़ी राज्य हिमाचल में अधिक से अधिक सिंचाई योजनाएं बनाई जा सकें।

# दुर्गम क्षेत्रों में कम आबादी वाले गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ना प्राथमिकता : विक्रमादित्य

## पी.एम.जी.एस.वाई.-4 के तहत हिमाचल की 1500 सड़कों के लिए 2300 करोड़ रुपए स्वीकृत

चम्बा, 19 नवम्बर (काकू): दुर्गम क्षेत्रों में कम आबादी वाले गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। आने वाले समय में जिला चम्बा के शेष कम आबादी वाले गांवों को भी शीघ्र सड़क सुविधा प्रदान कर दी जाएगी। यह बात लोक निर्माण तथा शहरी विकास विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने चम्बा में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 सड़कें स्वीकृत हुई हैं, जिन पर 2300 करोड़ पर खर्च किए जाएंगे।

पी.एम.सी. 4 के तहत जिला चम्बा के लिए 65 सड़कें स्वीकृत हुई हैं, जिन पर 553.68 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पी.एम.जी.एस.वाई.-4 के अंतर्गत भरमौर विधानसभा क्षेत्र की 29 सड़कों पर 290.19करोड़ रुपए, भटियात विधानसभा क्षेत्र की 12 सड़कों पर 104.74 करोड़ रुपए, चम्बा विधानसभा क्षेत्र की 14 सड़कों पर 81.24 करोड़ रुपए, चुराह विधानसभा क्षेत्र की 3 सड़कों पर 21.07 करोड़ रुपए तथा डल्हौजी विधानसभा क्षेत्र की 7 सड़कों पर 56.44 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पी.एम.जी.एस.वाई.-4 के तहत जिला चम्बा में 327 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखते हैं। हिमाचल के हितों की उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष आवाज उठाई और पी.एम.जी.एस.वाई.-4 के लिए बजट स्वीकृत करवाया।



चम्बा : पत्रकार वार्ता के दौरान लोक निर्माण तथा शहरी विकास विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह। (कुलदीप)

अब सभी जिलों को अधिक से अधिक बजट स्वीकृत किया जाएगा।

आपदा में हुए नुक्सान का आकलन कर एस्टीमेट केंद्र को भेजा गया है, लेकिन प्रधानमंत्री की 1500 करोड़ रुपए की घोषणा के बावजूद अभी तक कोई पैसा नहीं आया है। प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया जाएगा कि जल्द से जल्द राहत राशि जारी की जाए। इस समय प्रदेश को राहत की जरूरत है। इस अवसर पर चम्बा सदर के विधायक नीरज नैय्यर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी, अमित भरमौरी व करतार सिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# पोर्टमोर, कोटखाई, कुफरी, चियोग व बड़ागांव स्कूलों के वार्षिक समारोहों में मेधावी सम्मानित



*शिमला : राजकीय पाठशाला पोर्टमोर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं। (नरेश)*

शिमला, 19 नवम्बर (ब्यूरो): राजकीय वरिष्ठ आदर्श माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर शिमला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव राकेश कंवर तथा प्रारम्भिक शिक्षा की उपनिदेशक निशा भलूनी रहीं। समारोह में विद्यालयों के शिक्षक व लगभग 2200 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्राथमिक विद्यालय बोर्ड मोड़ के बच्चों ने पहली बार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मंच पर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने कक्षा पहली से 12वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि राकेश कंवर ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए अनुशासन, लक्ष्य-संकल्प और निरंतर प्रयास पर बल दिया। उन्होंने 2 महत्वपूर्ण प्रेरक कथाएं सांझा कर विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यवान पहलुओं से अवगत कराया तथा उनकी प्रस्तुतियों की हृदय से सराहना की।

**रोहड़ू (बशनाट) :** डी.ए.वी. सैंटेनरी पब्लिक स्कूल कोटखाई में बुधवार को वार्षिक समारोह हर्ष और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की सम्मानित हस्ती नीलम सरैक ने शिरकत की। वहीं रविंद्र चौहान, पी.टी.ए. अध्यक्ष मोहिंद्र संग्रोली तथा उपाध्यक्ष अमृता पुर्टा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह की थीम 'संस्कार' रही, जिसके अंतर्गत छात्रों में नैतिकता, शिष्टाचार और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रदर्शन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी सांझा की तथा सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

**शिमला (ब्यूरो) :** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग ने अपना वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया। स्थानीय प्रधान दिनेश जागटा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि समाजसेवी एवं व्यवसायी टिंकी शर्मा और अमित शर्मा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बीते शैक्षणिक सत्र के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल व अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले करीब 400 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय द्वारा प्रकाशित ज्ञान दीपिका स्मारिका का भी विमोचन किया गया। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक पोशाकों में प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में आए लोगों का मनोरंजन किया। पहाड़ी नाटी पर पूरा पंडाल झूम उठा। मुख्य अतिथि प्रधान दिनेश जागटा ने कहा कि वर्ष 1951 में चियोग में प्राथमिक पाठशाला स्थापित हुई थी।

**कुफरी (गौतम) :** सीनियर सैकेंडरी स्कूल कुफरी में बुधवार को वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि मोहन लाल मेहता शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश खसिया ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें विद्यालय द्वारा सालभर की विभिन्न गतिविधियों तथा शिक्षा व खेलकूद आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें पहाड़ी नाटी, लोकनृत्य, पंजाबी गिद्दा, डांस, सिंदूर ऑप्रेशन नाटक और सोशल मीडिया से हो रहे आम जनता के नुक्सान को लेकर नाट्य रूपांतर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर साल भर की शिक्षा सहित अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

**कुमारसैन (सोनी) :** सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय बड़ागांव में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्योत्सना भारद्वाज, पूर्व प्रधानाचार्य निहाल ठाकुर, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दिवेश हिमराल और निवेदिता चंदेल विशेष रूप से मौजूद रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि संदीपनी भारद्वाज को स्मृतिचिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की वर्षभर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि संदीपनी भारद्वाज ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ते हुए अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

20 NOV 2025

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पैंशन देने के लिए सामने आया नया फॉर्मूला

**न्यायालय के आदेश के बाद वित्त विभाग की तरफ से जारी किए गए आदेश**

## पैंशन देने के लिए 1:5 का फॉर्मूला लागू होगा, 60 दिन के भीतर करना होगा आवेदन

शिमला, 19 नवम्बर (कुलदीप): प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पैंशन देने के लिए नया फॉर्मूला सामने आया है। इसके तहत न्यायालय के निर्देशानुसार पैंशन देने के लिए 1:5 (1 अनुपात 5) का फॉर्मूला अपनाया जाएगा। इसे आधार बनाकर वित्त विभाग की तरफ से आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें पात्र कर्मचारी 60 दिन के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

राज्य सरकार की तरफ से पुरानी पैंशन देने के लिए 10 वर्ष की नियमित सेवा की शर्त लगाई गई है। इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की 10 वर्ष की नियमित सेवा पूरी नहीं है तो उसको सशर्त रियायत दी जाएगी। यानी यदि किसी कर्मचारी की 8 वर्ष की नियमित सेवा है और उसने नियमित होने से पहले सरकारी क्षेत्र में 10 वर्ष सेवाएं दी हैं तो वह पैंशन का हकदार होगा। इसमें 1:5 के पैंशन फॉर्मूले के अनुसार 5 वर्ष के लिए 1 वर्ष तथा 10 वर्ष के लिए 2 वर्ष की सेवा अवधि को गिना जाएगा।

वित्त विभाग की तरफ से यह आदेश सुंदर सिंह बनाम एच.पी. स्टेट मामले के तहत आए हैं। इसमें प्रमुख रूप से 8 बिंदुओं को लेकर निर्देश आए हैं। ये निर्देश सभी मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों, प्रिंसीपल अकाऊंटैंट जनरल (ए.एंड ई.), प्रिंसीपल अकाऊंटैंट जनरल (ऑडिट), हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, सभी उपायुक्त, सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश और प्रभारी एन.आई.सी. प्रदेश सचिवालय को जारी किए गए हैं।

### नियमित सेवा अवधि से वंचित रहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का एक वर्ग

**उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद अपने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय पर सरकारी स्तर पर अमल भी हुआ है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का एक वर्ग जब 10 वर्ष की नियमित सेवा अवधि से वंचित रह रहा था, तो उनकी तरफ से न्यायालय में चुनौती दी गई। इसके आधार पर यह आदेश आए हैं, जिस पर सरकार ने अमल करने के निर्देश जारी किए हैं।**

# एच.पी. शिवा परियोजना के तहत फरवरी में 2000 हैक्टेयर क्षेत्र में अढ़ाई लाख प्लांटेशन का लक्ष्य

- **संतरा, अमरूद, अनार, आम, पलम के लगाए जाएंगे पौधे**
- **जनवरी 2026 तक 144 सिंचाई योजनाओं को पूर्ण करने का टारगेट**

शिमला, 19 नवम्बर (भूपिन्द्र): सरकार ने एच.पी. शिवा परियोजना (हिमाचल प्रदेश उपोष्णक कटिबंधीय बागवानी, सिंचाई और मूल्य वर्धन परियोजना) के तहत 2 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में अढ़ाई लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 2 हजार हैक्टेयर कलस्टर में संतरा, अमरूद, अनार, आम व पलम आदि के पौधे लगाए जाएंगे। ये पौधे अगले वर्ष फरवरी माह में लगाए जाएंगे।

इसके अलावा जनवरी 2026 तक 144 सिंचाई योजनाओं को पूर्ण करने का भी टारगेट रखा है। हिमाचल प्रदेश में करीब 1300 करोड़ रुपए की एच.पी. शिवा परियोजना को 7 जिलों (बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर और ऊना) के 28 विकास खंडों में लगभग 6,000 हैक्टेयर क्षेत्र में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस योजना से 15,000 से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे।



इस परियोजना में लगभग एक करोड़ फल पौध रोपित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जो राज्य ही नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण संतुलन में सहायक होने के साथ ही जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को भी कम करेगा। यह परियोजना वर्ष 2027-28 तक है। इस योजना को राज्य में तेज गति से पूरा किया जा रहा है। इस वर्ष अक्तूबर तक हिमाचल में भारी बारिश से परियोजना के तहत किए जा रहे सिविल कार्य प्रभावित हुए हैं, लेकिन अब विभाग ने इसमें गति लाई है।

विभाग ने 144 लिफ्ट सिंचाई योजनाएं, कलस्टरों की फैंसिंग, खेतों की वैज्ञानिक तैयारी तथा ड्रिप सिंचाई प्रणाली की स्थापना तेजी से की जा रही है। इसके अलावा जनवरी 2026 तक सभी कलस्टरों में जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा हेतु आधुनिक फैंसिंग की जाएगी।

### पौधारोपण के लिए किए जा रहे यह कार्य

एच.पी. शिवा परियोजना के तहत अगले वर्ष फरवरी व मार्च में पौधारोपण की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। इसके तहत मिट्टी की जांच की जा रही है। पौधशालाओं से प्रमाणित पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। क्षेत्र में कीट व रोग प्रबंधन के उपाय किए जा रहे हैं तथा वैज्ञानिक खेत तैयारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि रोपण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण हो सके।

साथ ही मृदा संरक्षण व नमी प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए खेत समतलीकरण तथा वैज्ञानिक ढंग से ड्रिप सिंचाई प्रणाली को स्थापित किया जाएगा।

37

20 NOV 2025

# कैसे बिहार की जीत ने नड्डा की राजनीतिक हैसियत को मोदी और आर.एस.एस. की नजरों में और ऊंचा कर दिया



आईना

के.एस. तोमर
राजनीतिक विश्लेषक व राष्ट्रीय स्तंभकार

बिहार विधानसभा चुनाव में एन.डी.ए. की निर्णायक जीत ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की राजनीतिक विश्वसनीयता को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। अपने विस्तारित कार्यकाल समाप्ति की ओर बढ़ते हुए नड्डा के लिए यह जीत केवल एक चुनावी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक ऐसा 'पार्टिंग शॉट' है, जो उनकी शांत, अनुशासित और संगठन आधारित कार्यशैली की ताकत को पुन: स्थापित करता है। चुनावी विशेषज्ञों का मानना है कि वे कभी आक्रामक बयानबाजी या शोर-शराबे वाली चुनावी रणनीतियों पर निर्भर नहीं रहे। उनका वास्तविक प्रभाव राज्य संगठन पर पकड़, बूथ प्रबंधन, सामाजिक समीकरणों की समझ और आर.एस.एस. के साथ संतुलित तालमेल के कारण विकसित हुआ है।

बिहार ने यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की सबसे प्रभावी रणनीति आज भी उसी लो-प्रोफाइल लेकिन हाई-इम्पैक्ट मॉडल पर टिकी है, जिसकी नड्डा सटीक मिसाल हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी मजबूत नतीजे दिए। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष की संयुक्त चुनौती के बावजूद भाजपा 240 सीटों के साथ सत्ता में लौटने में सफल रही। बिहार का परिणाम इस रिकॉर्ड को मुहर लगाता है और उन्हें भाजपा-मोदी-आर.एस.एस. धुरी के एक और अधिक केंद्रीय स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

कुल मिलाकर बिहार के जनादेश ने उत्तर भारत की राजनीति में भाजपा की दिशा निर्धारित करने में नड्डा की केंद्रीय भूमिका को और मजबूत किया है। अब पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में भी नड्डा की प्रभावशीलता का असर महसूस किया जाएगा।

**नड्डा का 'पार्टिंग शॉट' क्या बनाता है खास**

नड्डा के लिए यह 'पार्टिंग शॉट' इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वे शीघ्र ही पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नए नेतृत्व को सौंपने वाले हैं। बिहार की विजय ने उनके कार्यकाल को सामान्य से ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचा दिया है और उन्हें भाजपा के मुख्य रणनीतिकारों की पहली पंक्ति में स्थायी स्थान दिला दिया है।

**हिमाचल की राजनीति में बढ़ता प्रभाव**

नड्डा की इस बढ़ी हुई हैसियत का सीधा प्रभाव उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में भी दिखाई देगा। राज्य में भाजपा संगठन 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए पुनर्संरचना की प्रक्रिया से गुजर रहा है। ऐसे समय में केंद्रीय नेतृत्व में नड्डा की स्वीकृति और रणनीतिक स्पष्टता राज्य इकाई में उनकी भूमिका को और निर्णायक बनाएगी।

**हिमाचल में सी.एम. रेस : बढ़ती जटिलता**

यही वह पृष्ठभूमि है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आर.एस.एस. की नजर में नड्डा का कद और बढ़ा है। भविष्य में उन्हें 2027 के हिमाचल चुनावों से पहले अधिक प्रत्यक्ष भूमिका में भी उतारा जा सकता है। इस बीच, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्य राजनीति में अत्यधिक सक्रिय हो गए हैं और संभावित मुख्यमंत्री दावेदारों में प्रमुख माने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के साथ उनकी निकटता उनके पक्ष में जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी यदि भाजपा सत्ता में लौटती है तो प्रबल दावेदार बने रहेंगे, हालांकि अंतिम निर्णय हमेशा की तरह हाईकमांड के हाथों में होगा। राज्य भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ. राजीव बिंदल के आगमन ने मुख्यमंत्री पद की दौड़ को और जटिल बना दिया है।

**मोदी और आर.एस.एस. की नजर में क्यों बढ़ा कद**

इस जीत ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व को तीन स्पष्ट संदेश दिए-अनुशासन, वैचारिक स्थिरता और संगठनात्मक दक्षता। पहला, नड्डा ने अनिश्चित माने जाने वाले जे.डी.यू. के साथ गठबंधन को बिना किसी टकराव के संभाला। दूसरा, बूथ स्तर तक उन्होंने आर.एस.एस. के साथ घनिष्ठ समन्वय कायम रखा, जिससे विभिन्न सामाजिक समूहों में भाजपा की पकड़ मजबूत हुई। तीसरा, उन्होंने संगठन को डेटा आधारित और गुट-तटस्थ ढांचे में ढालने की दिशा में जो प्रयास किए, उससे राज्यों में लक्ष्य आधारित कार्य संस्कृति विकसित हुई। बिहार ने सिद्ध कर दिया कि जटिल सामाजिक परिदृश्य में भी भाजपा की पकड़ को वे स्थिर रख सकते हैं और यही उन्हें शीर्ष नेतृत्व की पहली पसंद बनाता है।

**मोदी-शाह-नड्डा की संयुक्त रणनीति**

पूरी बिहार रणनीति मोदी-शाह-नड्डा की संयुक्त तिकड़ी पर आधारित थी-मोदी की भावनात्मक और वैचारिक अपील, शाह की सामाजिक इंजीनियरिंग व टिकट प्रबंधन की विशेषज्ञता और नड्डा की बूथ विस्तार क्षमता तथा आर.एस.एस. के साथ गहन समन्वय। अंतत: यह जनादेश बताता है कि भाजपा की असली ताकत अनुशासन, संगठन और रणनीतिक दूरदर्शिता में निहित है और नड्डा इस मॉडल के सबसे भरोसेमंद संरक्षक हैं।

पंजाब

20 NOV 20..

38

# पुलिस विभाग की मैडीकल बिल भुगतान की शर्त अन्यायपूर्ण

## हाईकोर्ट ने दिए आदेश, बिना शर्त किया जाए भुगतान

शिमला, 19 नवम्बर (मनोहर): प्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग द्वारा मैडीकल बिल भुगतान को लेकर लगाई शर्त को अन्यायपूर्ण ठहराया है। विभाग ने सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पैक्टर के मैडीकल बिल का भुगतान करने से पहले शर्त लगाई थी कि पहले वह मुख्यमंत्री राहत कोष से बेटे के इलाज के लिए वर्ष 2012 में मिली सवा लाख रुपए की राशि लौटाए। कोर्ट ने इस शर्त को अत्यंत कठोर ठहराया और पुलिस विभाग को आदेश दिए कि वह याचिकाकर्त्ता के मैडीकल बिल का बिना शर्त भुगतान करे।

मामले के अनुसार याचिकाकर्त्ता प्रीतम मार्शल पुलिस विभाग में कार्यरत था और विभाग से निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। वर्तमान में उनकी आयु 68 वर्ष है। याचिकाकर्त्ता के पुत्र को वर्ष 2005 में क्रोनिक किडनी रोग/किडनी फेलियर का पता चला था और उन्हें सप्ताह में 2 बार हीमोडायलिसिस करवाने की सलाह दी गई थी। याचिकाकर्त्ता ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया, जिन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से 1,25,000 रुपए की राशि स्वीकृत की।



याचिकाकर्त्ता का पुत्र अपनी बीमारी से हार गया और 23 सितम्बर, 2021 को उसकी मृत्यु हो गई। याचिकाकर्त्ता की शिकायत थी कि अब विवादित आदेश के अनुसार, याचिकाकर्त्ता को देय चिकित्सा प्रतिपूर्ति के संबंध में यह आदेश दिया गया है कि उससे मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त 1,25,000 रुपए की राशि काट ली जाएगी। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने याचिका को स्वीकारते हुए कहा कि चूंकि याचिकाकर्त्ता के बेटे ने लगभग एक दशक तक बीमारी से जूझने के बाद वर्ष 2021 में अपनी जान गंवा दी, जो न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि बच्चे और याचिकाकर्त्ता के परिवार के लिए भी भावनात्मक रूप से कष्टदायक थी। इसलिए उनका सुविचारित मत है कि इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए, विभाग को कुछ अधिक करुणा और सहानुभूति दिखानी होगी।

कोर्ट ने प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्त्ता के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा बिलों से 1,25,000 रुपए की राशि की कटौती किए बिना उसे चुकाएं, जो उसे वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत भुगतान की गई थी।

### एन.एच. शिमला के अधीक्षण अभियंता को 10 हजार का सांकेतिक जुर्माना

प्रदेश हाईकोर्ट ने अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला पर अदालत के समक्ष सही तस्वीर पेश न करने पर 10,000 रुपए का सांकेतिक जुर्माना लगाने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने उक्त अधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग-5, शिमला से ठियोग तक की खस्ता हालत बारे स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए थे।

कोर्ट ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग की दयनीय स्थिति पर संबंधित अधिकारी की उदासीनता पर कड़ा संज्ञान लिया था। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज ने जनहित याचिका के दौरान अधीक्षण अभियंता, रतन कुमार शर्मा द्वारा दायर हलफनामे का अवलोकन करने पर इसे लापरवाही भरा बताया था।

कोर्ट ने उक्त अधिकारी को कोर्ट में तलब करते हुए आकर अपना स्पष्टीकरण देने के आदेश भी दिए थे। कोर्ट ने उक्त अधिकारी से पूछा था कि उसने हलफनामा लापरवाही से क्यों दायर किया, जिसमें रिकॉर्ड के विपरीत तस्वीर पेश करने की कोशिश की गई और कारण बताएं कि उन पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। कोर्ट ने कहा था कि यह स्पष्ट है कि उक्त अधिकारी ने कभी भी संबंधित स्थल/सड़क का दौरा नहीं किया। कोर्ट ने एक बार फिर जिला विधिक सहायता सेवा अथॉरिटी शिमला को इस राजमार्ग का निरीक्षण कर उक्त अधीक्षण अभियंता द्वारा कोर्ट को बताए गए तथ्यों की सत्यता जांचने के आदेश दिए।

पंजाब केसरी

20 NOV 2025



# मुख्य सचिव बताएं राज्य में कब तक समाप्त होगा डिजास्टर एक्ट : चुनाव आयोग

## 2 डी.सी. ने आयोग को भेजा जवाब, डिजास्टर एक्ट लागू होने के कारण नहीं उठा पाए चुनाव सामग्री

शिमला, 19 नवम्बर (भूपिन्द्र): हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकाय चुनावों पर छाए संकट के बादल छंटने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच राज्य चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव से पूछा है कि राज्य में कब तक डिजास्टर एक्ट समाप्त होगा, ताकि चुनाव करवाए जा सकें।

इसे लेकर आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। इसमें पूछा गया है कि कब तक राज्य में स्थिति सामान्य होगी, ताकि आयोग का चुनाव करवाने को

### आयोग व सरकार को मिलकर करवाने हैं चुनाव : खाची

हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि आयोग चुनाव करवाने के लिए तैयार है। आयोग का दायित्व समय पर चुनाव करवाने के लिए तैयारियां करना है तथा चुनाव आयोग व सरकार को मिलकर करवाने हैं।

लेकर स्थिति स्पष्ट हो सके तथा वह उसी हिसाब से चुनावों की तैयारियां कर सके। इसके (शेष पृष्ठ 2 कालम 1 पर)

### मुख्य सचिव बताएं राज्य...

अलावा 2 डी.सी. ने भी आयोग के स्पष्टीकरण का जवाब दे दिया है। इसमें डी.सी. ने कहा कि राज्य में डिजास्टर एक्ट लागू है, इसलिए वह न तो चुनाव सामग्री को उठा पाए हैं तथा न ही मतदाता सूची का प्रकाशन कर पाए हैं। हालांकि राज्य चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए करीब 99 फीसदी तैयारियां पूरी कर ली हैं, लेकिन अभी भी पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों के चुनावों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इसे देखते हुए आयोग ने सी.एस. को पत्र लिखा है। अब आयोग को सी.एस. के जवाब का इंतजार है।

उधर राज्य में 31 जनवरी को पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में इससे पहले चुनाव करवाना अनिवार्य है लेकिन सरकार ने आपदा का हवाला दिया है। राज्य में 13 नवम्बर को आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। इसके बाद आयोग ने इसे अपनी वैबसाइट पर डाल दिया, लेकिन जिलों के डी.सी. ने प्रकाशन को लेकर एक फार्म पर हस्ताक्षर करने थे, जो उन्होंने नहीं किया। इसे आयोग ने नियमों का उल्लंघन माना तथा सभी डी.सी. से इसका स्पष्टीकरण मांगा। इसके अलावा गत दिनों आयोग ने मुख्य सचिव व अन्य सचिवों की बैठक बुलाई थी, लेकिन बैठक में भी कोई नहीं आया।

# 1404 लैक्चरारों के छीने गए सेवा लाभों को तुरंत बहाल करे हिमाचल सरकार : हाईकोर्ट



शिमला, 19 नवम्बर (मनोहर): प्रदेश हाईकोर्ट ने हिमाचल सरकार को आदेश दिया है कि वह स्कूल कैडर के 1404 लैक्चरारों के छीने गए सेवा लाभों को तुरंत बहाल करे। यह सेवा लाभ उन्हें अदालत के निर्णयों के आधार पर दिए गए थे।

लाभार्थी शिक्षकों को वर्ष 2009 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था, लेकिन अदालत के आदेशों के आधार पर उनकी सेवाओं को नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से नियमित माना गया था। शिक्षा विभाग ने यह लाभ पहले से ही इन शिक्षकों को दिए थे, लेकिन एक्ट की आड़ में कार्यालय आदेश 17 मार्च, 2025 के तहत वापस ले लिए गए थे।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने शिक्षा विभाग को 31 दिसम्बर, 2025 को या उससे पहले याचिकाकर्त्ताओं और अन्य समान स्थिति वाले अध्यापकों को समान लाभ देने के आदेश भी दिए।

याचिकाकर्त्ताओं ने बताया था कि वे विवादित कार्यालय आदेश 17 मार्च, 2025 से व्यथित थे, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारियों की शर्तें अधिनियम, 2024 के बाद, प्रतिवादी शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें दिए गए सेवा लाभ वापस ले लिए थे। परिणामस्वरूप, याचिकाकर्त्ताओं के पहले से विस्तारित सेवा लाभ वापस ले लिए गए, जबकि समान स्थिति वाले अन्य व्यक्तियों के समान लाभों के दावे को कार्यालय आदेश 17 मार्च, 2025 के आधार पर अलग-अलग आदेश पारित करके खारिज कर दिया गया।

इसके बाद याचिकाकर्त्ताओं ने अनुपालना याचिकाएं दायर कीं और न्यायालय ने प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे (शेष पृष्ठ 2 कालम 1 पर)

### 1404 लैक्चरारों के...

निर्णय को अक्षरशः लागू करें, क्योंकि यह अंतिम हो गया है। शिक्षा विभाग द्वारा इस मामले को फिर से सरकार के समक्ष उठाया गया।

शिक्षा विभाग को सूचित किया गया कि उपरोक्त निर्णय सेवा शर्त एक्ट के अंतर्गत नहीं आता है। यह कहा गया कि कुछ याचिकाकर्त्ताओं को दिनांक 18 अगस्त 2025 के आदेश द्वारा अनुबंध पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियमित नियुक्ति की अनुमति दी गई थी। इन 1404 पदों पर भर्ती किए गए शेष व्याख्याताओं को भी नियमित नियुक्ति दी जानी है। सरकार द्वारा शिक्षा विभाग को बताया गया कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णय के अनुपालन में दिनांक 17 मार्च 2025 का आदेश निष्प्रभावी हो गया है और याचिकाकर्त्ताओं और गैर-याचिकाकर्त्ताओं को शुरू से ही नियमित कर्मचारी माना जाए। याचिकाकर्त्ताओं का कहना था कि 10 सितम्बर, 2025 के उपरोक्त कार्यालय आदेशों के मद्देनजर, 17 मार्च 2025 के कार्यालय आदेश के कारण उत्पन्न उनकी शिकायतों का निवारण हो गया है और इसलिए इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए कुछ भी शेष नहीं है, सिवाय इसके कि प्रतिवादियों को समयबद्ध तरीके से याचिकाकर्त्ताओं को स्वीकार्य सेवा लाभ बहाल करने के निर्देश जारी किए जाएं।

40

20 NOV 2025

# हिमाचल में संवैधानिक संकट, सरकार व चुनाव आयोग में टकराव : भाजपा

## शीतकालीन सत्र को घेरने के लिए भाजपा विधायक दल ने बनाई रणनीति




*शिमला : भाजपा विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल भी उपस्थित रहे।* (नरेश)

शिमला, 19 नवम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के साथ सीधे टकराव पर उतर आई है। भाजपा का आरोप है कि चुनाव आयोग पंचायत चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहता है, लेकिन सरकार उसमें अड़ंगा अड़ा रही है। भाजपा विधायक दल की सर्किट हाऊस शिमला में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस विषय पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

बैठक में शीतकालीन सत्र को घेरने के लिए भाजपा विधायक दल की तरफ से रणनीति बनाई गई तथा बिहार विधानसभा चुनाव में एन.डी.ए. की जीत के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को बधाई दी गई और इससे संबंधित प्रस्ताव को पारित किया। भाजपा विधायक दल के सचिव रणधीर शर्मा ने बताया कि बैठक में प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से धर्मशाला में शुरू हो रहा है, जिसमें सरकार को अलग-अलग विषयों पर घेरने की योजना बनाई गई। इसके लिए अलग-अलग नियमों के तहत चर्चा लाई जाएगी, जिसमें प्राकृतिक आपदा से हुआ नुक्सान शामिल है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को टालने की कोशिश करना संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग से टकराव करने जैसा है तथा इस विषय को सत्र के दौरान उठाया जाएगा।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और शिक्षा व स्वास्थ्य के गिरते स्तर को लेकर भी अलग-अलग नियमों के तहत चर्चा लाई जाएगी। विधानसभा के बाहर धर्मशाला में जोरावर स्टेडियम में 4 दिसम्बर को भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है, जिसमें सरकार की खामियों, भ्रष्टाचार और तानाशाहीपूर्ण रवैये को बेनकाब किया जाएगा।

पंजाब केसरी

20 NOV 2025

# अगले चुनाव में सी.एम. की आल्टो कार में समा जाएगा कांग्रेस विधायक दल : जयराम

## शीतकालीन सत्र में हर मुद्दे पर होगी चर्चा, अंदर नहीं बोलने दिया तो बाहर पक्ष रखेंगे

### डिजास्टर एक्ट की आड़ में पंचायत चुनाव टालने की तैयारी, पर जश्न मनाने को पूरी छूट

शिमला, 19 नवम्बर (कुलदीप): नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विधायक दल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की आल्टो कार में समा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश और प्रदेश सरकार की कारगुजारियों के बाद इस बात के स्पष्ट संकेत मिल गए हैं। जयराम ठाकुर शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल धर्मशाला के तपोवन में होने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। यदि भाजपा विधायकों को सदन के अंदर नहीं बोलने दिया तो बाहर अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार डिजास्टर एक्ट की आड़ में पंचायत चुनाव टालने की तैयारी कर रही है, पर जश्न मनाने के लिए पूरी छूट है। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से 10 हजार रुपए से अधिक की राशि का भुगतान ट्रेजरी से नहीं हो रहा है। इसी तरह वेतन, पैंशन और मैडीकल बिल का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है।

युवाओं को रोजगार नहीं मिला रहा है और आऊटसोर्स पर लगे 15 हजार से अधिक कर्मचारियों को निकाला जा चुका है। सड़कों पर हर जगह गड्ढे पड़ने के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। प्रदेश सरकार की आज ऐसी एक भी योजना नहीं है, जिसका जिक्र जनता के बीच किया जा सके।



*शिमला : पत्रकार वार्ता करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। (नरेश)*

## 4 दिसम्बर को धर्मशाला में भाजपा का प्रदर्शन, परमार बनाए प्रभारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने कहा है कि 4 दिसम्बर को धर्मशाला में भाजपा विशाल प्रदर्शन करेगी, जिसके लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन परमार को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा विधायक सुधीर शर्मा व पवन काजल के साथ पार्टी प्रदेश पदाधिकारी बिहारी लाल शर्मा और त्रिलोक कपूर को सह प्रभारी बनाया गया है। डा. राजीव बिंदल शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार इस समय मूर्छित अवस्था में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के 3 वर्ष युवा बेरोजगारों की बर्बादी, आर्थिक दिवालिएपन, बिगड़ती कानून व्यवस्था, हत्या, लूट, डकैती, फिरौती, माफियाराज, महिलाओं, युवाओं, किसानों, बागवानों और मजदूरों के शोषण के लिए जाने जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाई-भतीजावाद वाली इस सरकार में सिर्फ मित्रों की पूछ है। कांग्रेस की तरफ से विधानसभा चुनाव के समय दी गई सभी गारंटियां झूठी निकली हैं, जिसका खमियाजा आगामी चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

दिव्य हिमाचल

# बद्दी में खुलेगा पीडब्ल्यूडी का नया मंडल

## सीएम सुक्खू ने की घोषणा।

**बद्दी सिविल अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 100 बिस्तर की होगी, 10 करोड़ से बनेगा स्टेडियम**

**एसडीएम ऑफिस निर्माण को मिलेंगे 25 करोड़, अत्याधुनिक बस स्टैंड बनाने का भी किया वादा**

**दून के एक दिवसीय दौरे में 383 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास**



बद्दी में आयोजित जनसभा के दौरान मंच पर मौजूद सीएम सुक्खू व अन्य गणमान्य

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — बद्दी

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान विकास की कई सौगातें दीं। उन्होंने क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं और औद्योगिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए बद्दी में लोक निर्माण विभाग का नया मंडल खोलने की घोषणा की, जिससे सड़क तथा निर्माण कार्यों को गति मिलेगी। इसके अलावा दून विधायक के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने बद्दी नागरिक अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 100 बिस्तर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बद्दी जैसे औद्योगिक और जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके अलावा एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत करने और बद्दी में 10 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा ने क्षेत्र के युवाओं को नई उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बद्दी की लगातार बढ़ती आबादी और औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए यहां एक अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक धनराशि की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। दून विधानसभा क्षेत्र प्रदेश की आर्थिक रीढ़ है और सरकार इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस करने को प्रतिबद्ध है।

### सोलन के तीन स्कूलों में लागू होगा सीबीएसई पैटर्न

मुख्यमंत्री ने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के सरकारी स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है। इससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम का लाभ मिलेगा।



### मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया डाटा स्टोरेज सेंटर का उद्घाटन

बद्दी — मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बद्दी स्थित टैक्जायफर टेक्नोलोजीस प्राइवेट लिमिटेड के प्रथम ऑल डाटा स्टोरेज सेंटर का उद्घाटन किया। यह बद्दीदूबीबीएन क्षेत्र का पहला ऐसा अत्याधुनिक केंद्र है, जो स्थानीय उद्योगों और उद्यमियों को उच्च स्तर की डिजिटल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाएगा। कंपनी के निदेशक दीपेंद्र पाल सिंह और प्रदीप कुमार टिंटू ने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता योजनाओं में डेटा स्टोरेज यूनिट भी शामिल है। इसी कड़ी में यह आधुनिक सुविधा विकसित की गई है। कंपनी द्वारा वेबसाइट होस्टिंग, मोबाइल एप्लिकेशन होस्टिंग, सर्वर को-लोकेशन, डाटा प्रोटेक्शन, डिज़ास्टर रिकवरी, बैकअप, ईमेल सर्वर होस्टिंग, वीपीएस, डेडिकेटेड सर्वर, क्लाउड होस्टिंग और अन्य मैनेज्ड सर्विसेज प्रदान की जाएंगी। निदेशकों ने कहा कि यह बद्दी का पहला ऑल डाटा स्टोरेज सेंटर है, जिससे पूरे बीबीएन क्षेत्र को सुरक्षित, तेज़ और भरोसेमंद डिजिटल सेवाएं मिलेंगी।

### 383 करोड़ की 12 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

मुख्यमंत्री सुक्खू ने दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे में 383 करोड़ रुपए की 12 विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने 86 करोड़ रुपए की बद्दी-साई-रामशहर-सड़क, 15.78 करोड़ की ट्यूबवेल योजना, 10.64 करोड़ के नागरिक अस्पताल बद्दी और 3.15 करोड़ की लागत से बने सीएचसी बरोटीवाला भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही शिक्षा खंड बद्दी के हरिपुर संडोली, सूरज माजरा, लबाना और चक्कां के नए प्राथमिक विद्यालयों का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने आगे 73.21 करोड़ रुपए की गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति योजना, बद्दी, 63.73 करोड़ की बद्दी-शीतलपुर-जंगातखाना सड़क, 40 करोड़ के आईएसबीटी बद्दी, 37.67 करोड़ रुपए के मिनी सचिवालय भवन बद्दी, 37.10 करोड़ की बद्दी के छूटे क्षेत्रों के लिए सीवरेज योजना तथा पांच करोड़ रुपए की लागत वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, कल्याणपुर की आधारशिला भी रखी।

# केंद्र सरकार ने 1500 करोड़ देने थे, एक रुपया नहीं मिला



- बद्दी में बोले मुख्यमंत्री सुक्खू आपदा प्रभावितों के साथ हर कदम पर खड़ी है प्रदेश सरकार
- ज़मीनी हालात देखकर जारी किए गए विशेष राहत पैकेज
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को बांटे चेक

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — बद्दी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार पर बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने आपदा के दौरान 1500 करोड़ रुपए का पैकेज घोषित किया था, पर आज तक एक रुपया भी नहीं आया। उन्होंने कहा कि वह भाजपा के सातों सांसदों के साथ स्वयं दिल्ली जाने को तैयार हैं, बस प्रदेश हित पर राजनीति न हो। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद कर रही है और इस दिशा में लगातार कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि विनाशकारी आपदा के दौरान उन्होंने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और ज़मीनी हालात देखकर विशेष राहत पैकेज जारी किए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को वास्तविक राहत मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार ने हिमाचल राहत नियमावली में बड़े बदलाव किए। आज घर दोबारा बनाने वाले परिवारों को सात लाख रुपए की सहायता मिल रही है। यह हमारे संकल्प का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने दून विधानसभा क्षेत्र के पीड़ित परिवारों को सीधी राहत पहुंचाते हुए 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपए की सहायता राशि सौंपी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को 17,03,000 रुपए की अंतिम किस्त के चेक प्रदान किए। इसके अतिरिक्त क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत तीन टीबी मरीजों को पोषण किट भी प्रदान की गईं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम हर पीड़ित परिवार तक राहत पहुंचाने के लिए ज़मीन पर काम कर रहे हैं।

दिव्य हिमाचल 20 NOV

# भाजपा ने कस्टमाइज पैकेज के नाम पर लुटा दी प्रदेश की बहुमूल्य संपदा

## बद्दी में विपक्षी दल पर बरसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू; कहा, हम हिमाचल की संपत्ति लुटने नहीं देंगे

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — बद्दी**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तीखे राजनीतिक तेवरों के साथ आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने कस्टमाइज्ड पैकेज की आड़ में हिमाचल की सैकड़ों करोड़ रुपए मूल्य की 5000 बीघा जमीन मात्र 1.12 करोड़ रुपए में उद्योगपतियों के हवाले कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टांप ड्यूटी माफ करने से लेकर तीन रुपए प्रति यूनिट बिजली और मुफ्त पानी देने तक, भाजपा शासन के फैसले हिमाचल के हितों के विपरीत और कुछ चुनिंदा घरानों के हित में उठाए गए कदम थे। सीएम सुक्खू ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि हम हिमाचल के संसाधनों के संरक्षक हैं। राज्य की संपत्ति को किसी भी कीमत पर लूटने नहीं देंगे। दून विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान बद्दी में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के रास्तों पर रोक लगाई, भाजपा का सोशल मीडिया सैल बौखलाहट में उन्हें निशाना बनाने लगा। हमने विधवाओं, अनाथ बच्चों,

भाजपा ने कस्टमाइज : पृष्ठ आठ पर



बद्दी : दून विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुक्खू को सम्मानित करने का दौर

### मुख्यमंत्री के स्नेह से विकास कर रहा बद्दी

दून विधायक चौधरी राम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दून क्षेत्र में पहले से 475 करोड़ रुपए के विकास कार्य जारी हैं और मुख्यमंत्री ने बुधवार को लगभग 400 करोड़ रुपए की नई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर क्षेत्र की विकास रफ्तार को नई दिशा दी है। उन्होंने 50 बिस्तरों वाले नए बद्दी अस्पताल के लोकार्पण को दून की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि मुख्यमंत्री का दून के प्रति विशेष स्नेह ही यहां विकास की स्थायी गति का आधार है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, विधायक बावा हरदीप, जोगिंद्रा सहकारी बैंक अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता शिव कुमार, सुरेंद्र सेठी, उपायुक्त मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

### मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बोले, भारत को बनाया मजबूत



**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. धनी राम शांडिल, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, हरीश जनारथा, मलेंद्र राजन, रणजीत सिंह राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### इंदिरा के कारण ही है हिमाचल का अस्तित्व



**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि देश के नवनिर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का बहुत बड़ा योगदान है। प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसके विकास में भी उनके योगदान को हिमाचल कभी नहीं भुला सकता। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि उनकी सूझ बूझ से पाकिस्तान को अपने नापाक इरादों से भारत के आगे घुटने टेकने पड़े थे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि लाहुल स्पीति के लोगों की मांग पर इंदिरा गांधी ने ही रोहतांग टनल के निर्माण को मंजूरी दी थी। पंडित जवाहर लाल नेहरू की तरह इंदिरा गांधी को भी प्रदेश से बहुत लगाव था।

**भाजपा ने कस्टमाइज...**

महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुरक्षित किया है। यही बात भ्रष्टाचार के संरक्षकों को चुभ रही है। मेडिकल डिवाइस पार्क का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपए इसलिए लौटाए गए, क्योंकि परियोजना की शर्तें हिमाचल के हितों के विरुद्ध थीं। यह पार्क अब राज्य सरकार खुद बनाएगी, ताकि बाहरी दबाव, निजी सौदेबाजी और राजनीतिक हित प्रदेश के फैसलों पर हावी न हो सकें। सीएम सुक्खू ने भाजपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके शासनकाल के अंत में प्रदेश पर 75000 करोड़ रुपए का कर्ज और कर्मचारियों से संबंधित 10000 करोड़ रुपए की देनदारियां थीं। इसके अलावा, कार्यकाल के अंतिम महीनों में बिना बजट, बिना कर्मचारियों और बिना आवश्यकता के संस्थान खोलकर सिर्फ चुनावी लाभ लेने की कोशिश की गई। भाजपा शासनकाल में पेपर लीक हुए थे, जिसके बाद उनकी सरकार ने आयोग भंग कर दिया और अब केवल योग्यता आधारित, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू है। हमारी सरकार जनता की सरकार है और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

दिव्य हिमाचल

20 NOV 2025



## मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल पहुंचेंगे बिलासपुर, देंगे करोड़ों के तोहफे

बिलासपुर — मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के 21 नवंबर को प्रस्तावित बिलासपुर दौरे का शेड्यूल जारी हो गया है। इसके तहत सीएम शुक्रवार सुबह 11 बजे गोबिंदसागर झील के समीप लुहणू मैदान में चौपर के माध्यम से पहुंचेंगे। यहां वह जल तरंग जोश महोत्सव-2025 का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री रेडक्रॉस और आजीविका मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही सीएम विभिन्न विभागों की लगभग 100 करोड़ रुपए की विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे...

# मंडी में सजेगा राष्ट्रीय सम्मेलन मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे शुभारंभ

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-कुल्लू



■ राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने लिया तैयारियों का जायजा

भारत में भू-प्रशासन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्मेन रिसोर्ट पतलीकूहल मनाली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों का जायजा बुधवार को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने लिया और अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। राजस्व मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 15 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी डेलीगेट्स भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान लैंड रिफॉर्म्स, डिजिटलीकरण ऑफलैंड रिकॉर्ड्स, भू-प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता और तकनीकी नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, निदेशक हिमाचल प्रदेश भू-अभिलेख अभिषेक वर्मा, उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विंटर नहीं, बजट सत्र में आएगी वित्तायोग रिपोर्ट

## 16वें वित्तायोग ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट; वित्त मंत्रालय समीक्षा करेगा, हिमाचल में धुकधुकी बढ़ी

राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला

16वें वित्त आयोग की जिस रिपोर्ट का इंतजार हिमाचल को है, वह राष्ट्रपति को सौंपी जा चुकी है। इसी रिपोर्ट पर राज्य के अगले पांच साल निर्भर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल के हित में सिफारिशें बनाने के लिए वित्त आयोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढ़िया से दिल्ली जाकर चार बार मिले हैं, लेकिन इस रिपोर्ट में पनगढ़िया ने क्या लिखा है, इसका पता फरवरी महीने में चलेगा। अब इस रिपोर्ट को अगले दो महीने केंद्रीय वित्त मंत्रालय स्क्रीनिंग करेगा। सामान्य तौर पर संसद के शीतकालीन सत्र में इस रिपोर्ट को रखा जाता था। इस बार शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से है, लेकिन

विंटर नहीं, बजट : पृष्ठ आठ पर

### हिमाचल को हर साल चाहिए 10 हजार करोड़ ग्रांट



14वें वित्त आयोग ने वित्त वर्ष 2015-16 से 2020 तक हिमाचल को 40624 करोड़ रेवेन्यू डिफिसिट ग्रांट दी थी। पूर्व जयराम सरकार के समय 15वें वित्त आयोग में यह राशि घटकर 37199 करोड़ हो गई। इससे भी ज्यादा नुकसान इसे टेपर करने से हुआ है। वित्त वर्ष 2021-22 में 10249 करोड़ आरडीजी में मिले, जबकि वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में सिर्फ 3257 करोड़ लिमिट रह गई है। इसीलिए सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने 16वें वित्त आयोग से मांग की थी कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को टेपर न किया जाए और हर वर्ष आठ से 10 हजार करोड़ के बीच ग्रांट मिले।

### हिमाचल की ये हैं मांगें

- डिविजिबल टैक्स पूल से केंद्र और राज्यों का हिस्सा 55:45 हो। 15वें वित्तायोग में यह 59:41 था
- जियोग्राफिकल डिसएडवांटेज के चलते हिमाचल का राजस्व घाटा अनुदान बढ़ाया जाए। टेपरिंग बिल्कुल न हो
- इकोलॉजी में योगदान के चलते पहाड़ी राज्यों के लिए बने 50,000 करोड़ का ग्रीन फंड
- होरिजॉन्टल डिवाल्यूशन फॉर्मूला बदलें, ट्री लाइन से ऊपर के ग्रीन डिजर्ट का लाभ भी मिले

### विंटर नहीं, बजट...

भारत सरकार में फैसला हुआ है कि 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट अब शीतकालीन सत्र नहीं, बल्कि संसद के बजट सत्र में रखी जाएगी। इसलिए राज्यों के लिए टैक्स आबंटन पर क्या निर्णय हुआ है, इसका पता भी अगले साल के फरवरी महीने में चलेगा। वित्त आयोग केंद्र सरकार को सिफारिश करता है कि कुल टैक्स कलेक्शन में से केंद्र और राज्यों के बीच में बंटवारा कैसे होगा। हिमाचल जैसे रेवेन्यू डेफिसिट राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान भी वित्त आयोग रिकमेंड करता है। पंचायती राज और शहरी निकायों को ग्रांट के साथ-साथ आपदा राहत का पैसा भी इसी रिपोर्ट के फार्मूले से राज्यों को मिलता है। हिमाचल ने आपदा राहत के लिए बनाए गए इंडेक्स में बदलाव के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों के लिए 50 हजार करोड़ का ग्रीन फंड बनाने की मांग पहली बार की थी, लेकिन राज्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती राजस्व घाटा अनुदान है।

दिव्य हिमाचल

20 NOV 2025



# हर घर-खेत को मिलेगा पानी



- पीएम कृषि सिंचाई योजना के तहत 58.75 करोड़ जारी होने पर बोले डिप्टी सीएम

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर खेत और घर को पानी मिले, इसके लिए काम किया जा रहा है। इससे पहले उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से शिष्टाचार भेंट कर हिमाचल प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लंबित 58.75 करोड़ की राशि जारी करने के लिए आभार जताया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि काफी समय से यह पैसा जारी नहीं हुआ था। अब यह पैसा जारी हुआ है और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लंबित 58.75 करोड़ मिलने से विकास के कार्यों में और प्रगति होगी और जो प्रोजेक्ट हैं, उन्हें आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से चर्चा की गई है और कुछ योजनाएं और मांगी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि आने वाले समय में हिमाचल को और योजनाएं मिलेंगी।

# मंडी में मुख्यमंत्री की पसंद का होगा रैली स्थल

## सुक्खू सरकार जश्न को तैयार, राजस्व मंत्री ने ली अधिकारियों से फीडबैक, मंत्रिमंडल तय करेगा स्थान



### पड्डल मैदान या जवाहर पार्क में से एक का चयन होगा

पड्डल और जवाहर पार्क में से किसी एक स्थान पर रैली होनी है। पड्डल में रैली होती है तो गाड़ियां बस अड्डे पर लोगों को उतार देंगी और जवाहर पार्क में कार्यक्रम होने पर झील किनारे लोगों को उतार दिया जाएगा। यहां से लोगों को पैदल ही सभा स्थल तक जाना होगा। खाना प्रति गाड़ी में सवारियों के हिसाब से डिलीवर किया जाएगा। निजी गाड़ियों में आने वाले लोगों को उसी सूरत में पैकड खाना मिल पाएगा, जिन वाहनों पर रैली के स्टिकर लगे होंगे।

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — सुंदरनगर

सुक्खू सरकार के गठन का तीसरा जश्न सीएम की पसंद के स्थान पर आयोजित होगा। मंडी में ही सरकार 11 दिसंबर को जश्न मनाएगी, यह तय है, लेकिन कहां होगा इसको लेकर अब माथापच्ची हो रही है। जश्न के लिए स्थल का चयन करने को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी मंडी पंहुचे और उन्होंने पड्डल सहित सुंदरनगर के जवाहर पार्क के संबंध में जानकारी ली है। यह बैठक बल्ह में आयोजित हुई है। इस दौरान कांग्रेस नेता सोहन लाल ठाकुर, प्रकाश चौधरी और संजीव गुलेरिया के साथ मंडी डीसी अपूर्व देवगन, एडीसी गुरसिमर सिंह, एएसपी अभिमन्यु वर्मा सहित बीडीओ बल्ह राजेंद्र साथ रहे। मंत्री जगत सिंह नेगी के समक्ष मंडी जिला प्रशासन के साहबों ने जवाहर पार्क और पड्डल मैदान में जश्न रैली आयोजित किए जाने की सूरत में वाहन पार्किंग, रैली स्थल पर लोगों को लाने ले जाने सहित रैली में आने वाले लोगों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था पर चर्चा की गई है। बैठक के दौरान ही कांग्रेस नेताओं ने अपना पक्ष भी रखा है और प्रशासन ने लॉ एंड ऑर्डर के हिसाब से भीड़ नियंत्रण के मसले पर अपना ब्लू प्रिंट पेश किया है। दोनों ही मैदानों में इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी की रैलियां हो चुकी हैं, ऐसे में प्रशासन को हेलिपेड सहित वीवीआईपी मूवमेंट की ज्यादा दिक्कत नहीं है। रैली में 50 हजार लोगों के जुटने की संभावनाओं के बीच ही तैयारियां की जा रही हैं। फीडबैक लेकर मंत्री शिमला रवाना हो गए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि 24 नवंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में रैली स्थल पर मुहर लग जाएगी। तय है कि सीएम की पसंद के स्थान पर ही रैली की जाएगी।

### कंसाचौक रेस से बाहर

बल्ह का कंसाचौक मैदान सुक्खू सरकार के गठन के जश्न स्थल चयन की रेस से बाहर हो गया है। कांग्रेस दिग्गज प्रकाश चौधरी सहित एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने जश्न रैली के लिए कंसा चौक में करवाने से इनकार कर दिया है।

दिव्य हिमाचल 2 0 NOV 2025



आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया संबोधित

# शिमला में गूंजे 'इंदिरा गांधी अमर रहे' के स्वर

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार रिज पर सियासत भी दिखी और भावनाओं का उफान भी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की आयरन लेडी को याद करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत की वह शक्ति थीं जिन्होंने कठिन दौर में भी झुकना नहीं सीखा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की सोच, साहस और फैसला लेने की क्षमता आज भी राजनीति के लिए एक मानक है। रोहित ठाकुर ने तंज भरे शब्दों में कहा कि इंदिरा गांधी के फैसले भले कठोर थे, लेकिन देशहित सर्वोपरि था। उनकी दूरदृष्टि और दृढ़ता आज की सियासत में दुर्लभ होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी उन्हीं आदर्शों से प्रेरणा लेकर जनता की सेवा में लगी है। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। रिज देशभक्ति के गीतों से गूंज उठा, जब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने भजन और देशभक्ति प्रस्तुत कर इंदिरा गांधी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। रिज मैदान पर उमड़ी भीड़ और नेताओं के भावुक संबोधन ने साफ कर दिया कि इंदिरा गांधी का प्रभाव और व्यक्तित्व आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है और उनकी जयंती हर बार नए राजनीतिक संदेश छोड़ जाती है।



# कोटखाई के कुफ्टू फार्म पर बनेगा केंद्रीय विद्यालय

## कल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे भूमि का निरीक्षण

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को दो केंद्रीय विद्यालयों का तोहफा दिया है। जिला शिमला के कोटखाई और सिरमौर के पांवटा साहिब में केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे। ऐसे में इन विद्यालयों के निर्माण को लेकर भी प्रदेश सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोटखाई में इस केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए कुफ्टू फार्म में स्थान चिन्हित कर लिया है। यह जमीन उद्यान विभाग की है और इस जमीन को शिफ्ट करने का कार्य चल रहा है। ऐसे में इसको लेकर प्रक्रिया तेज चल रही है एसडीएम कोटखाई गुरमीत नेगी ने बताया कि 30 बिघा इस जमीन को स्थानांतरण करने का काम चल रहा है। अब कल यानी 21 नवंबर को शिक्षा मंत्री इस भूमि का निरीक्षण करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यहां पर करीब 35 से 40 बीघा जमीन सरकार की खाली पड़ी हैं। वहीं यहां पर पेड़ों को काटने की भी आवश्यकता नहीं है। ऐसे में शिक्षा मंत्री ने ही इस स्थान को चिन्हित किया है। ऐसे में कल इस स्थान का निरीक्षण शिक्षा मंत्री अधिकारियों के साथ करने वाले हैं। वहीं इस स्थान पर किस तरह से यह विद्यालय बनाया जाएगा इसको लेकर भी मौके पर चर्चा होनी है। यहां पर विद्यालय के निर्माण के लिए नक्शा तैयार करने को भी आदेश दिए जा सकते हैं। बता दें कि हिमाचल के कोटखाई में प्राथमिकता से सबसे पहले इस स्कूल के निर्माण कार्य करने का प्लान मंत्री ने किया है। हालांकि शिक्षा मंत्री चाहते हैं कि पांवटा साहिब और कोटखाई में दोनों स्कूलों का काम साथ में शुरू किया जाए लेकिन पांवटा साहिब में अभी स्थान को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे में कोटखाई में स्कूल बनाने का काम पहले शुरू हो जाएगा।

### मंत्रिमंडलीय समिति ने दी केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का कहना है कि यह उपलब्धि जुब्बल-नावर-कोटखाई व पांवटा साहिब के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। राज्य सरकार के सुझाए गए प्रस्तावों के आधार पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कोटखाई और पांवटा साहिब में दो नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी है। अब जल्द ही इन स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए भूमि चयन हो गया है। अब बस नक्शों को तैयार कर शिलान्यास किया जाएगा।

## कोटखाई में बनेगा केंद्रीय विद्यालय

**शिमला** — केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को दो केंद्रीय विद्यालयों का तोहफा दिया है। जिला शिमला के कोटखाई और सिरमौर के पांवटा साहिब में केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे। ऐसे में इन विद्यालयों के निर्माण को लेकर भी प्रदेश सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, कोटखाई में इस केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए कुफ्टू फार्म में स्थान चिन्हित कर लिया गया है। यह जमीन उद्यान विभाग की है और इस जमीन को शिफ्ट करने का कार्य चल रहा है। ऐसे में इसको लेकर प्रक्रिया तेज चल रही है। वहीं, अब 21 नवंबर को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर इस भूमि का निरीक्षण करेंगे।

दिव्य हिमाचल 20 NOV 2025



# चंबा में 553 करोड़ से बनेंगी 65 सड़कें

## विक्रमादित्य सिंह का खुलासा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत होगा निर्माण

**दिव्य हिमाचल टीम-चंबा, डलहौजी**



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इस पर 2300 करोड़ पर खर्च किए जाएंगे। पीएमजीएसवाई-4 के तहत जिला चंबा के लिए 65 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इन पर 553.68 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई-4 के तहत जिला चंबा में 327 किलोमीटर लंबी सडकों का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि जिला चंबा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत 17 सड़कें निर्मित की जा रही हैं। इन पर 188 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। सीआरआईएफ के तहत तीन सड़कों के निर्माण पर 70 करोड़ तथा नाबार्ड के तहत निर्माणाधीन 12 सड़कों पर 107 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस प्रकार जिला चंबा में सड़क निर्माण कार्यों पर 370 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हाल ही में पीएमजीएसवाई-4 के तहत 65 सड़कों के लिए 553 करोड़ रुपए की स्वीकृत हुई है। वह बुधवार को चंबा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश के दुर्गम व दूरदराज क्षेत्रों में कम आबादी वाले गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। आगामी समय में जिला चंबा के शेष कम आबादी वाले गांवों को भी शीघ्र सड़क सुविधा प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई दुर्गम क्षेत्रों में अभी तक कई मार्ग बहाल नहीं हो पाए है। इन मार्गों को बहाल करने का कार्य जारी है। प्रयास है कि पंचायती राज चुनाव निर्धारित समय पर ही करवा लिए जाएं। उन्होंने संगठन संबंधी प्रश्न पर स्पष्ट किया कि कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ बनाने को लेकर लंबे समय से पार्टी हाईकमान से विचार-विमर्श जारी है। प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है और सरकार बनाने में उनका एवं कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।संगठन को मजबूत करना और नए लोगों को जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। इस मुद्दे को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखा गया है।

# जर्मन के जंगल निहारेंगे प्रदेश के तीन विधायक

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-मंडी**

हिमाचल प्रदेश में वनों की देखरेख का जिम्मा संभालने वाले वन विभाग के सहारे तीन विधायक जर्मन के जंगल निहारने की तैयारी में हैं। इन तीनों विधायकों के साथ विभाग के 11 अधिकारी भी साथ जाएंगे। वन विभाग के अधिकारियों सहित तीन एमएलए के लिए दिसंबर माह के अंत तक यह एक्सपोजर विजिट आयोजित की जाएगी।

इसके लिए अन्य विभागीय औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। यह एक्सपोजर विजिट इक्को क्लाइमेट प्रोजेक्ट के सहारे की जाएगी। इस प्रोजेक्ट का संचालन कांगड़ा और चंबा जिलों में किया जा रहा है और यही प्रोजेक्ट अगामी 31 मार्च 2026 को हिमाचल प्रदेश से अपना बोरिया बिस्तर समेट रहा है।

### अफसर जाएंगे साथ

एसीएस वन विभाग आईएएस केके पंत, संजय सूद, आईएफएस, प्रिंसिपल सीसीएफ (एचओएफएफ) (इको-टूरिज्म एवं नोडल अधिकारी) कृतज्ञ कुमार, आईएफएस डीएफओ चंबा, माने नवनाथ शिवाजी, आईएफएस डीएफओ भरमौर, संजीव कुमार आईएफएस डीएफओ पालमपुर, सनी वर्मा एचपीएफएस डीएफओ देहरा, राजीव महाजन एचपीएफएसडीएफओ डलहौजी, सुशील गुलेरिया एचपीएफएस डीएफओ चुराह, कमल भारती एचपीएफएस (एपीडी) एसपीएमयू डिवीजन शाला देविंद्र सिंह धढ्वाल एचपीएफएस( एपीडी) एसपीएमयू डिवीजन शाला, तन्वी गुप्ता एचपीएफएस ट्री ऑफिसर, नगर परिषद धर्मशाला, उपासना आईएफएस एपीसीसीएफ-सह-सीपीडी, एसपीएमयू डिवीजन शाला शामिल हैं।

### विधायक सीखेंगे संरक्षण के तरीके

हिमाचल में वन संरक्षण के तरीके जर्मनी से सीखने के लिए एक्सफोजर विजिट करने वाली लिस्ट में सबसे ऊपर एमएलए सुदर्शन बबलू, अजय सोलंकी और विवेक शर्मा शामिल हैं। विवेक कहते हैं कि एक्सपोजर विजिट कब होनी है इसका अभी कुछ पता नहीं है। सितंबर में होने वाले इस भ्रमण को दोबारा आयोजित किया जा रहा है, केवल इतनी ही जानकारी उपलब्ध है।

दिव्य हिमाचल

29 NOV 2025

# चुनाव के लिए अभी हालात सही नहीं

## सरकार का निर्वाचन आयोग को जवाब, राहत कार्यों में जुटा प्रशासन

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – शिमला**

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से हिमाचल सरकार को भेजे गए पत्र का जवाब अब वापस आयोग को भेज दिया गया है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से जवाब दिया गया है कि आपदा राहत के काम को देखते हुए अभी डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत जारी ऑर्डर को वापस लेना संभव नहीं है। जैसे ही स्थितियां सामान्य होंगी, इसे वापस ले लिया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे गए पत्र पर सरकार ने विचार किया। उसके बाद सभी जिलों और संबंधित विभागों से भी फीडबैक लिया गया। पता चला है कि वर्तमान में कई जगह सड़कें टूटी हुई हैं और पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं।




विद्युत लाइनों के सुधार का काम चल रहा है और राज्य सरकार का पूरा फोकस राहत और पुनर्वास के कार्यों पर है। इसी काम में जिला प्रशासन को लगाया गया है, ताकि जरूरी सेवाएं प्रभावित न हों और प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचे। इसलिए जनहित को देखते हुए अभी डिजास्टर एक्ट के तहत आठ अक्तूबर, 2025 को जारी किए गए आदेश को वापस लेना संभव नहीं है। जैसे ही हालत में सुधार होता है, यह आदेश वापस ले लिया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य सरकार को कहा गया था कि हालात सामान्य हैं और जिला प्रशासन मेलों का आयोजन कर रहा है। स्कूल भी खुले हैं और जनजीवन भी सामान्य है। इसलिए राज्य सरकार डिजास्टर एक्ट संबंधी ऑर्डर को वापस ले, क्योंकि यह क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर जारी किया गया है।

- जैसे ही स्थिति में सुधार होगा डिजास्टर एक्ट हटा देंगे

# सचिवालय में लोक लेखा समिति में हुई चर्चा

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा की लोक लेखा समिति की बैठकों का आयोजन विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में समिति के सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सदस्यों संजय रत्न, जीतराम कटवाल, इंद्र सिंह गांधी, डा. जनक राज, मलेंद्र राजन, केवल सिंह पठानिया, कैप्टन रणजीत सिंह और कमलेश ठाकुर ने भाग लिया। समिति ने बैठक के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से प्राप्त विभागीय उत्तरों पर मुख्य सचिव (आवास) एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) प्रदेश सरकार का मौखिक साक्ष्य किया।

दिव्य हिमाचल

? 1 NOV 2025



हिमाचल : अतिक्रमण

# अवैध कब्जों के खिलाफ लड़नी होगी लड़ाई

अनुज आचार्य

लेखक बैजनाथ से हैं



**आप** भारत के किसी भी हिस्से में चले जाइए, गांव, कस्बा या फिर कोई बड़ा शहर, हर जगह आपको एक समस्या लगभग एक जैसी दिखाई देगी और वह है, सड़क किनारे बढ़ते ठेले, दुकानों के आगे फैले शेड, सार्वजनिक भूमि पर बने अस्थायी ढांचे, बाजारों और संकरी गलियों में दुकानदारों द्वारा फैलाया गया सामान, उसके ऊपर गलत तरीके से खड़े वाहन और उखड़ी टूटी नालियां। यह सब मिलकर ग्राहक और नागरिक जीवन की सहजता को बाधित करते हैं, जो यह बताने के लिए पर्याप्त है कि व्यवस्था का पहिया कहां-कहां जाम हो चुका है। ऊपर से तुर्रा यह कि अधिकांश बाजारों में शौचालय नदारद मिलेंगे और साफ-सफाई भगवान भरोसे। जिम्मेदार अधिकारियों के तो क्या ही कहने जो फील्ड में जाने के बजाय अपनी कुर्सियों से ही चिपके रहना ज्यादा फायदेमंद समझते हैं। यह बात भी सच है कि रेहड़ी-फड़ी वाले भी समाज की जरूरतों को पूरा करते हैं और उनके परिवारों की रोजी-रोटी भी उनके छोटे मोटे काम धंधों पर निर्भर है, लेकिन उनके लिए भी सुरक्षित और वैध स्थान तय करना स्थानीय निकायों और प्रशासन का कर्तव्य है। इसी पृष्ठभूमि में अतिक्रमण के विरुद्ध हरियाणा के गुरुग्राम से निकलता हुआ एक प्रशासनिक मॉडल पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

यह शहर वर्षों तक अवैध कब्जों, भूमि माफियाओं और अनियंत्रित शहरी विस्तार का प्रतीक रहा है, लेकिन हाल के दिनों में यहां एक संगठित, सख्त और पारदर्शी अभियान के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की एक ऐसी मिसाल पेश की गई है, जिसे 'अतिक्रमण से युद्ध का गुरुग्राम मॉडल' कहा जा सकता है। गुरुग्राम में किसी भी क्षेत्र में कार्रवाई से पहले डिजिटल सर्वे किया जाता है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौनसी भूमि सरकारी है और किस पर अवैध कब्जा किया गया है। गुरुग्राम नगर नियोजन विभाग के डीटीपी आरएस बाथ ने यह दिखा दिया है कि यदि नीयत साफ हो और काम करने की स्वतंत्रता मिले, तो अतिक्रमण जैसा कठिन विषय भी परिणाम देने लगता है। उनकी यह धारणा है कि जहां पारदर्शिता होती है, वहां भ्रष्टाचार अपने आप मर जाता है, दूसरे अधिकारियों के लिए एक नायाब मिसाल है। अब हिमाचल प्रदेश की स्थिति पर दृष्टि डालें तो यहां भी अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन चुका है। आज भी आप राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के निकट नालों, खड्डों और चौक चौराहों के ऊपर अवैध कब्जों, रेहड़ी फड़ी वालों के अतिक्रमण को देख सकते हैं, जो एनएचएआई, स्थानीय प्रधानों, निकायों, राजस्व विभाग और प्रशासन की नाक के नीचे किया गया है, जो यातायात को भी बाधित करता है। यह भी सच है कि बिना राजनीतिक संरक्षण के अतिक्रमण संभव नहीं हैं, मुख्यमंत्री महोदय को इसका संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे मामलों पर भी सख्ती बरती जानी चाहिए। एक बात और, लगभग समस्त हिमाचल में दूसरे प्रदेशों से आए लोगों ने मुख्य सड़कों के किनारों पर रेहड़ी फड़ी द्वारा अनधिकृत कब्जे करके अतिक्रमण कर लिया है और आज इनकी संख्या लाखों में पहुंच गई है। इस गंभीर होती समस्या पर प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हुए हैं। ऐसे समय में जब हिमाचल में ही बेरोजगारों की संख्या अगस्त 2025 तक लगभग 708230 थी तो यह कहां तक उचित है कि बाहरी प्रदेशों से आने वाले लोगों की अनियंत्रित भीड़ को राज्य में प्रवेश करने दिया जाए जो न केवल हमारे युवाओं के रोजगार को लील रहे हैं, अपितु हिमाचल की संस्कृति और डेमोग्राफिक संरचना को भी प्रभावित कर रहे हैं, जिससे आने वाले समय में निश्चित रूप से संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि, भारत के अन्य राज्यों से आकर काम-धंधों के लिए प्रवास कर रहे प्रवासियों, मुस्लिम समुदाय की बढ़ती आबादी, रेहड़ी-फड़ी वालों, फेरी वालों, नकली बाबाओं, सोना चमकाने वालों, पॉवर ऑफ अटॉर्नी से जमीनें लेकर स्थायी निवासी के रूप में रह रहे प्रवासियों के अनियंत्रित प्रवेश पर कानूनन कुछ हद तक रोक लगाई जाए। इसी बीच, 05 अगस्त 2025 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए भूमि राजस्व अधिनियम 1952 की धारा 163-ए को असंवैधानिक करार दे दिया है, जो सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमणों को नियमित करने की अनुमति देती थी। यह वह धारा थी जिसके तहत 1983 से लगातार अतिक्रमणों को वैधता दी जाती रही। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि, 28 फरवरी 2026 तक सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए और भविष्य में किसी भी प्रकार से अतिक्रमण नियमित करने की कोई नीति नहीं बनाई जा सकती। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि जिन अधिकारियों की लापरवाही से अतिक्रमण पनपे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने यह सुझाव भी दिया है कि अतिक्रमण को आपराधिक कृत्य की श्रेणी में रखकर दंडात्मक प्रावधानों को सशक्त बनाया जाए और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित न्याय के लिए विशेष ट्रिब्यूनल या फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएं।

> हिमाचल की विकास यात्रा के लिए यह जरूरी है कि अतिक्रमण के विरुद्ध लड़ाई को ईमानदारी, संवेदनशीलता और निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया जाए, इससे प्रदेश न केवल अतिक्रमण मुक्त होगा, बल्कि सरकार और प्रशासन को सुरक्षित, संतुलित और सुव्यवस्थित विकास का एक आदर्श मॉडल स्थापित करने में भी सहूलियत होगी...

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। हिमाचल प्रदेश के लिए यह समय अतिक्रमण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध छेड़ने का है। यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, राजनीतिक समर्थन, सामाजिक सहभागिता और पारदर्शी कार्यशैली को एक साथ लागू किया जाए, तो गुरुग्राम मॉडल की तरह यहां भी उल्लेखनीय परिणाम सामने आ सकते हैं। हिमाचल की विकास यात्रा के लिए यह जरूरी है कि अतिक्रमण के विरुद्ध लड़ाई को ईमानदारी, संवेदनशीलता और निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया जाए, इससे प्रदेश न केवल अतिक्रमण मुक्त होगा, बल्कि सरकार और प्रशासन को सुरक्षित, संतुलित और सुव्यवस्थित विकास का एक आदर्श मॉडल स्थापित करने में भी सहूलियत होगी।

दिव्य हिमाचल 29 NOV 20[illegible]

# आपदा से चिन्हित चुनाव

**स्थानीय** निकाय चुनावों की फेहरिस्त में अगर चुनाव आयोग चार कदम आगे है, तो आपदाग्रस्त राज्य की तस्वीर में अभी आगे बढ़ने की फुर्सत नहीं। पूरा प्रदेश डिजास्टर एक्ट के तहत अपनी क्षतिपूर्ति, पुनर्वास और राहत की उम्मीदों में सुबह होने की मशक्कत में है। कुछ इलाके अभी भी आपदा से चिन्हित अपने घाव मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, तो चुनाव की दोपहरी के नीचे आयोग के लिए यह माकूल समय है। यानी प्रदेश के दो धरातल पर भविष्य देखा जा रहा है। एक ओर सरकार स्थानीय निकाय चुनावों की तिथि के बजाय आपदा राहत के केंद्रीय फरमानों में पंद्रह सौ करोड़ तथा भारी नुकसान की भरपाई के लिए अतिरिक्त धन के लिए दौड़ रही है। ऐसे में एक ओर चुनावी विचार की मौलिकता में राज्य निर्वाचन आयोग के लिए झाड़ू-पौंछा लगाना आसान प्रतीत हो रहा है तो दूसरी ओर अपने काम-अपने समाधान पर लगी प्रदेश सरकार, डिजास्टर एक्ट की निरंतरता में अपने स्टैंड पर कायम है। यानी उसे कुछ समय बाद चुनाव की नजाकत चाहिए। सत्ता के तीसरे साल में स्थानीय निकाय चुनाव प्रदेश की सियासत में विपक्ष की तैयारियों के लिए एक पड़ाव सरीखा है। सत्ता को काम करने हैं, तो प्रतिपक्ष को सियासी क्रीड़ा में अपना नाम करना है। बहरहाल यहां चुनाव आयोग सीधे-सीधे सरकार के मंतव्य पर संदेह कर रहा है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल कुमार खाची के अनुसार जिस शिद्दत से मतदाता सूचियों का प्रकाशन तथा आरक्षण रोस्टर का निर्धारण होना चाहिए था, वह यूं ही टाला जा रहा है। इस विवाद में कितना सत्य व कितना अर्द्धसत्य है, यह अब सामान्य प्रश्न का सामान्य उत्तर नहीं है। एक मुहाने पर चुनाव को लेकर बहस का आंगन विपक्ष की कचहरी बन गया, तो दूसरे पर सरकार का स्टैंड अब कानूनी बहस का आसरा ढूंढ रहा है। हिमाचल में पंचायत व नगर निकायों के चुनाव, यहां के जनमानस की राजनीतिक जागरूकता का परिचय रहे हैं, इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता कि किसी तरह की देरी से कोई विराम पैदा हो जाएगा। बावजूद इसके दोनों पक्षों की दलीलों में एकतरफा नहीं हो सकते। आपदा प्रभावित क्षेत्रों की ग्राउंड रिपोर्ट तो यही बताती है कि कई गांवों के संपर्क आज भी टूटे हैं। इस दर्द का बयां स्वयं नेता प्रतिपक्ष भी अपने चुनाव क्षेत्र के हवाले से कर चुके हैं और बरसात त्रासदी के जख्म कुल्लू, मंडी, चंबा व सिरमौर जैसे जिलों में आज भी राहत की चुगली कर रहे हैं। कनेक्टिविटी के हिसाब से हिमाचल का एक बड़ा हिस्सा या तो कटा हुआ है या फौरी इंतजाम की जरूरत में नजरअंदाज है। आखिर यह चुनाव हैं तो जनता के लिए ही। उस जनता के लिए भी हैं जिनके घर टूट चुके हैं या पूरी खेती बह गई है। कहीं पूरे के पूरे गांव तो कहीं बाजार का अस्तित्व मिट चुका है। चुनाव आयोग की सक्रियता के पैमाने एकतरफा नहीं हो सकते, बल्कि एक व्यापक सर्वेक्षण से उस सतह की तलाशी ली जाए, जिसके ऊपर हमारा लोकतंत्र अपनी जिम्मेदारी निभाता हैं। ऐसे में यह तो मानना पड़ेगा कि इस वक्त चुनाव का मुद्दा नहीं, बल्कि चुनाव को मुद्दा जरूर मिल गया। हो सकता है कुछ गांव और शहरों में चुनाव की फेहरिस्त बनाना आसान हो, लेकिन बरसात के पूरे जख्म समाप्त हो गए, यह मानना भी तो गलत है। जाहिर है आपदा से चुनाव नहीं लड़ सकते, लेकिन आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार से पूछा जा सकता है कि यहां सामान्य परिस्थितियों की बहाली का रास्ता क्यों कर रोका गया है। बहरहाल स्थानीय निकाय चुनावों के परिप्रेक्ष्य में करवटें ले रहा हिमाचल कई राजनीति मंसूबों को जन्म दे चुका है। कई नए व युवा चेहरे अपने जीवन में राजनीतिक हसरतों के साथ इंतजार कर रहे हैं कि जनता के समक्ष विकल्प रखा जाए। प्रदेश के शहरीकरण को आगामी चुनावों से आशाएं हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में आए बदलाव को टीसीपी कानून शर्तों में कुछ तो आसान चाहिए। जो भी हो, इस द्वंद्व की आवश्यकता नहीं है और न ही हिमाचल के लिए सियासत की ऐसी बंदरबांट सही होगी। चुनावों की अनिवार्यता में प्रदेश की सामान्य स्थिति का होना, कहीं ज्यादा आवश्यक है।

दिव्य हिमाचल 1 NOV 2025



# धर्मशाला के कंड करड़ियाना में बनेगा इसरो का सेंटर

## वर्ल्ड क्लास टेलिस्कोप स्थापित कर हिमालय से होगा स्पेस का अध्ययन, संगठन ने दो एकड़ भूमि का भरी हामी

**स्टाफ रिपोर्टर-धर्मशाला**

अब हिमालय धौलाधार की वादियों से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो अंतरिक्ष के गूढ रहस्यों का अध्ययन करेगा। इसके लिए हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के साथ लगते कंड करड़ियाना की पहाड़ियों में 41 करोड़ का इसरो सेंटर स्थापित किया जाएगा। जिसमें वर्ल्ड क्लास टेलिस्कोप स्थापित कर हिमालय से स्पेश का अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए इसरो की ओर से हिमाचल प्रदेश सीयू धर्मशाला को प्रोजेक्ट सौंपा गया है। इसरो की ओर से टेलिस्कोप को अंधेरे वाले स्थान में स्थापित करने की शर्त रखी गई थी। इसके चलते ही अब जदरांगल से चयनित भूमि को बदलकर कंड करड़ियाना में सीयू को आंबटित जमीन में से ही दो एकड़ भूमि फाइनल की गई है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने हामी भर दी है, हालांकि इससे पहले सही स्थान न मिलने पर इसरो टेलिस्कोप सेंटर को माउंट आबू में शिफ्ट किए जाने को लेकर जोर-अजमाइश शुरू कर दी गई थी। हालांकि अब सीयू धर्मशाला को पहले चरण के तहत राशि उपलब्ध करवा दी गई है, जबकि आगामी उपकरणों को स्थापित करने के लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीयू हिमाचल प्रदेश धर्मशाला के साथ मिलकर इसरो मिलकर इस बड़ी एवं महत्तवाकांक्षी परियोजना पर काम कर रहा है। इसरो ने अपने नेत्रा प्रोजेक्ट के लिए सीयू के साथ एमओयू किया है। इसके लिए प्रारंभिक कार्य के लिए

- **इसरो सीयू धर्मशाला को सौंपेगा प्रोजेक्ट**

करीब 15 से 18 लाख रुपए की राशि भी जारी कर दी गई है। सीयू के स्पेस सांइस विभाग की टीम ने टेस्टिंग शुरू कर दी है। यहां देखा जाएगा कि सेटेलाइट के आसपास कोई खतरा तो नहीं है। ऐसा होने पर धर्मशाला का यह केंद्र राष्ट्रीय सुरक्षा में अहम योगदान देने वाला है। सेटेलाइट के स्थापित होने पर यहां देश-दुनिया के लोग अंतरिक्ष, चांद, तारों एवं अन्य ग्रहों को देख सकेंगे, और अध्ययन कर पाएंगे।

### 41 करोड़ रुपए होंगे खर्च

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने बताया कि इसरो की ओर से प्रदान किए गए इसरो टेलिस्कोप सेंटर के लिए अब कंड करड़ियाना में दो एकड़ भूमि फाइनल की गई है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एवं अंतरिक्ष अनुसंधान में अनेक नई संभावनाओं को जन्म देने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए विवि प्रशासन व स्पेस साइंस विभाग ने कड़ी मेहनत की है। इस परियोजना पर 41 करोड़ से अधिक खर्च होंगे। इसरो के साथ सीयू का समझौता होना बड़ी बात है। साथ ही हिमाचल धर्मशाला स्पेस साइंस में उतर भारत के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा।

# आईजीएमसी में रोबोटिक सर्जरी

## कमला नेहरू अस्पताल से गायनी सर्जरी विभाग को शिफ्ट करने की तैयारी



**स्टाफ रिपोर्टर-शिमला**

### प्रदेश में तीसरा केंद्र बनेगा आईजीएमसी

प्रदेश में सबसे पहले अटल सुपर स्पेशिलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा और इसके बाद डा. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में रोबोटिक सर्जरी शुरू की जा चुकी है। चमियाणा अस्पताल में चार और डा. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में रोबोटिक सर्जरी शुरू हुए तीन महीने बीत चुके हैं। आईजीएमसी अब तीसरा केंद्र बनने जा रहा है, जिससे प्रदेश में उन्नत सर्जरी का नेटवर्क और मजबूत हो जाएगा।

हिमाचल में सुपर स्पेशिलिटी चमियाणा और टांडा में बेशक रोबोटिक सर्जरी शुरू हो गई हो, लेकिन सर्जरी की संख्या में उतना ज्यादा आंकड़ा नहीं है, लेकिन जैसे ही इसमें गायनी विभाग के मरीज जुड़ेंगे, इस सर्जरी की संख्या में एकदम बढ़ोतरी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि केएनएच में होने वाली सर्जरी की संख्या ही तीन साल में 26 हजार है। प्रदेश का एकमात्र मातृ एवं शिशु कमला नेहरू केएनएच अस्पताल के गायनी सर्जरी विभाग ने बीते तीन वर्षों में जिस पैमाने पर ऑपरेशन किए हैं, वह प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता का बड़ा संकेत है। अस्पताल में करीब 26 हजार सर्जरी होने के बाद अब प्रदेश सरकार विभाग को आईजीएमसी शिफ्ट कर रोबोटिक सर्जरी शुरू करने जा रही है, जिससे महिलाओं को अधिक सुरक्षित, दर्द रहित और तेजी से रिकवरी वाली सर्जरी की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार द्वारा गायनी सर्जरी विभाग को आईजीएमसी स्थानांतरित कर वहां रोबोटिक सर्जरी यूनिट शुरू किया जाएगा। रोबोटिक तकनीक से जटिल ऑपरेशन अधिक सटीकता से होंगे। ऐसे में कमला नेहरू अस्पताल के गायनी विभाग के डाक्टरों को रोबोटिक सर्जरी की विशेष ट्रेनिंग भी दी जाएगी। केएनएच के डाक्टरों का प्रशिक्षण अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा अस्पताल में होगा, जहां पहले से रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मौजूद है। एक बार में दो डाक्टरों को ही प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे तकनीक को अच्छी तरह से समझ सकें और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें।

दिव्य हिमाचल

# मेडिकल बिल भुगतान की शर्त अन्यायपूर्ण



■ प्रदेश उच्च न्यायलय ने पुलिस विभाग के फैसले को बताया गलत

विधि संवाददाता-शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग द्वारा मेडिकल बिल भुगतान को लेकर लगाई शर्त को अन्यायपूर्ण ठहराया है। विभाग ने सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर के मेडिकल बिल का भुगतान करने से पहले शर्त लगाई थी कि पहले वह मुख्यमंत्री राहत कोष से बेटे के इलाज के लिए वर्ष 2012 में मिली सवा लाख रुपए की राशि लौटाए। कोर्ट ने इस शर्त को अत्यंत कठोर ठहराया और पुलिस विभाग को आदेश दिए कि वह याचिकाकर्ता के मेडिकल बिल का बिना शर्त भुगतान करे। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता प्रीतम मार्शल पुलिस विभाग में कार्यरत था और विभाग से निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। वर्तमान में उनकी आयु 68 वर्ष है। याचिकाकर्ता के पुत्र को वर्ष 2005 में क्रोनिक किडनी रोग/ किडनी फेलियर का पता चला था और उन्हें सप्ताह में दो बार हीमोडायलिसिस कराने की सलाह दी गई थी। कोर्ट ने प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा बिलों से 1,25,000 रुपए की राशि की कटौती किए बिना उसे चुकाएं जो उसे वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत भुगतान की गई थी।

# 1404 लेक्चररों को मिलेंगे सेवालाभ

## हाईकोर्ट ने सरकार को दिए आदेश, वर्ष 2009 में अनुबंध के आधार पर किया था नियुक्त

विधि संवाददाता-शिमला




हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह स्कूल कैडर के 1404 लेक्चररों के छीने गए सेवा लाभों को तुरंत बहाल करें। यह सेवालाभ उन्हें अदालत के निर्णयों के आधार पर दिए गए थे। लाभार्थी शिक्षकों को वर्ष 2009 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था, लेकिन अदालत के आदेशों के आधार पर उनकी सेवाओं को नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से नियमित माना गया था। शिक्षा विभाग ने ये लाभ पहले से ही इन शिक्षकों को दिए थे, लेकिन एक्ट की आड़ में कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 के तहत वापस ले लिए गए थे। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने शिक्षा विभाग को 31 दिसंबर, 2025 को या उससे पहले याचिकाकर्ताओं और अन्य समान स्थिति वाले अध्यापकों को समान लाभ देने के आदेश भी दिए। याचिकाकर्ताओं ने बताया था कि वे विवादित कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 से व्यथित थे, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारियों की शर्तें अधिनियम, 2024 के अधिनियमन के बाद, प्रतिवादी शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें दिए गए सेवा लाभ वापस ले लिए थे। परिणामस्वरूप याचिकाकर्ताओं के पहले से विस्तारित सेवा लाभ वापस ले लिए गए, जबकि समान स्थिति वाले अन्य व्यक्तियों के समान लाभों के दावे को कार्यालय आदेश 17.3.2025 के आधार पर अलग-अलग आदेश पारित करके खारिज कर दिया गया। मामले के अनुसार, प्रमुख सचिव शिक्षा ने दिनांक 11.7.2008 और 23.09.2008 को विभिन्न विषयों में व्याख्याता के 1404 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की।

■ 17 मार्च 2025 के तहत वापस ले लिए थे आदेश

**आदेश खारिज** ये पद हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड हमीरपुर द्वारा 28.08.2008 और 17.02.2009 को अनुबंध के आधार पर भरे जाने के लिए विज्ञापित किए गए थे, जबकि व्याख्याता के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में अनुबंध नियुक्ति का प्रावधान 25.06.2009 को अधिसूचित किया गया था। व्यथित होकर, याचिकाकर्ताओं ने अदालत में मामले दायर किए और न्यायालय ने प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओ को उनकी प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि से ही नियमित नियुक्त मानते हुए सभी सेवालाभ प्रदान करें। न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में इस निर्णय का लाभ कुछ शिक्षकों को दिया गया। हालांकि, हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती और सेवा की शर्तें अधिनियम, 2024 के लागू होने के बाद, याचिकाकर्ताओं के दावे को 17.03.2025 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया।

53

दिव्य हिमाचल

**फैसला** चार दिसंबर को जोरावर मैदान में प्रदर्शन, विपिन परमार प्रभारी लगाए, चार सह-प्रभारी भी नियुक्त

# धर्मशाला में विधानसभा का घेराव करेगी भाजपा

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – शिमला**

हिमाचल भाजपा विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान वर्तमान कांग्रेस सरकार की नीतियों और फैसलों के खिलाफ चार दिसंबर को धर्मशाला में बड़ा प्रदर्शन करेगी। यह प्रदर्शन विधानसभा के बाहर जोरावर मैदान में होगा और विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। ये जानकारी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिमला में संयुक्त प्रेस वार्ता में दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा चार दिसंबर को धर्मशाला में सरकार के खिलाफ विशाल प्रदर्शन करने जा रही है। इस प्रदर्शन के लिए एक प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसके प्रभारी भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार होंगे। उनके साथ सह-प्रभारी उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, उपाध्यक्ष पवन काजल, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर और विधायक सुधीर शर्मा होंगे। बिंदल ने कहा कि आज वर्तमान कांग्रेस सरकार बदहाल अवस्था में पहुंच चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर क्या हाल है, इसका उदाहरण हाल ही में बिहार चुनाव में मिल गया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नेता के नेतृत्व पर भरोसा है।



## आल्टो में फिट हो जाएगा कांग्रेस विधायक दल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बिहार की धरती ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है और हिमाचल में कांग्रेस का हाल और भी बुरा होगा। दूर-दूर तक कांग्रेस विधानसभा के चुनाव में दिखाई नहीं देगी। हिमाचल की जनता झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई कांग्रेस को अगले विधानसभा चुनाव में ऑल्टो कार में फिट कर देगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का तीन साल का जश्न मंडी में मनाना गले से नहीं उतर रहा है। यह जश्न किस बात का मनाया जाएगा। इसको लेकर कांग्रेस के बड़े सारे नेता भी समझ नहीं पा रहे हैं? प्रदेश आपदा से जूझ रहा है। हिमाचल प्रदेश में डिजास्टर एक्ट लागू है, जिसका हवाला देकर मुख्यमंत्री द्वारा पंचायत चुनाव को स्थगित करने की कोशिशें जारी हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों के बाद भी सरकार के लिए तीन साल के कार्यकाल का जश्न न जाने क्यों लाजिमी है? हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में 10000 से अधिक की राशि का भुगतान ट्रेजरी द्वारा रोक दिया गया है। सैलरी, पेंशन समय पर नहीं मिल रही, लोगों का इलाज नहीं हो पा रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिला और आउटसोर्स पर जो भर्तियां हुई थीं, उनको हटाया जा रहा है।

# त्रिलोक कपूर बोले, आपदा अधिनियम सीएम का चुनावी और वित्तीय बहाना

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**



भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ महीनों से एक अजीबोगरीब स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 को इतनी लंबी अवधि के लिए लागू रखा है कि यह अब बचाव का औजार कम और कुप्रबंधन को छिपाने का कवच अधिक लगने लगा है। उन्होंने कहा कि कोविड 19 जैसी राष्ट्रीय महामारी को छोड़ दें तो, मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा प्रबंधन अधिनियम को लागू रखने का एक संदिग्ध रिकॉर्ड बना दिया है। पहली सितंबर को घोषणा की गई थी कि यह अधिनियम जब तक बरसात का दौर चलता रहेगा, तब तक लागू रहेगा। अब जबकि मौसम सामान्य हो चुका है, यह आदेश वापस क्यों नहीं लिया गया। स्पष्ट है कि यह अधिनियम अब चुनावी और वित्तीय बहाना बनकर रह गया है।

## बैठकों पर सवाल

सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि राज्य को आपदा प्रभावित घोषित किए जाने के बावजूद, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों की बैठकें क्यों नहीं हुई हैं, यह अधिनियम की मूल भावना का स्पष्ट उल्लंघन है।

**गुस्सा** पेंशनर्ज महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष ब्रह्मानंद ने साधा निशाना

# पेंशनरों का सरकार पर ठगी का आरोप

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**

भारतीय राज्य पेंशनर्ज महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा व प्रदेश के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ने धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सुक्खू सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये कैसा व्यवस्था परिवर्तन है, जिसमें महिला, युवा, कर्मचारी, अधिकारी हर वर्ग दुखी है, त्रस्त है, लेकिन सुक्खू सरकार मस्त है। नेता ने सुक्खू सरकार के तीन साल के कार्यकाल को सबसे निराशाजनक और विफल बताया और कहा कि सरकार तीन साल का जश्न मनाने जा रही है, जबकि प्रदेश आपदा से चोटिल है और जनता परेशान। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सबसे ज्यादा कर्ज लिया, पर पैसा गया कहां। कर्मचारी भत्ते रुके पड़े हैं, कई विभाग वेतन के लिए तरस रहे हैं, इलाज के बिल अटके पड़े हैं, डीए तक नहीं मिला। हिमकेयर योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। पेंशनर्ज नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के लिए कर्मचारियों से छल किया। ओपीएस के नाम पर वोट लिए, आज किसी को भी ओपीएस नहीं मिल रहा। ये जनता और कर्मचारियों से किया सबसे बड़ा धोखा है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्मचारी नेता बलराम पुरी, सुभाष पठानिया, मदन चौधरी और अश्वनी बत्रा भी मौजूद रहे।



## ज़ोरावर स्टेडियम में प्रदर्शन का ऐलान

सबसे बड़ा ऐलान करते हुए महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान ज़ोरावर स्टेडियम में प्रदेश भर के पूर्व कर्मचारी सरकार का बड़े स्तर पर नवंबर 28 को घेराव करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार कर्मचारियों की समस्याओं पर चुप बैठी रही तो आंदोलन और ज्यादा उग्र होगा।

## कर्मचारी वर्ग हताश

उपमुख्यमंत्री के उस बयान को भी कटघरे में रखा, जिसमें उन्होंने कहा था कि एचआरटीसी कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख तक वेतन-पेंशन मिलेगी। कहां है वो घोषणा, कौन-सा विभाग समय पर वेतन पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से कर्मचारी हितों से हटकर सिर्फ सत्ता सुख की तरफ झुक गई हैं।

# पंचायत चुनाव पर सरकार इलेक्शन कमीशन में तकरार



**दिव्य हिमाचल ब्यूरो— शिमला**

- भाजपा विधायक दल की बैठक में उठा मसला
- शीत सत्र के दौरान सरकार से जवाब मांगेगा विपक्ष

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जिस तरह से सरकार टालने का प्रयास कर रही है और चुनाव आयोग के साथ एक टकराव की स्थिति बन गई है, उससे एक संवैधानिक संकट सा हिमाचल प्रदेश में पैदा हो गया है। इस मुद्दे को भाजपा द्वारा प्रमुखता के आधार पर विधानसभा सत्र के अंदर उठाया जाएगा। यह फैसला भाजपा विधायक की बैठक में लिया गया। भाजपा विधायक के सचिव रणधीर शर्मा ने बताया कि शिमला सर्किट हाउस में प्रदेश दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के प्रदेश के प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कहा कि विधायक दल की बैठक में सबसे पहले बिहार में विधानसभा के चुनाव में, एनडीए को दो तिहाई से ज्यादा बहुमत मिला है और भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और बिहार राज्य के सभी नेताओं को बधाई दी गई। रणधीर शर्मा ने कहा कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवंबर से धर्मशाला में शुरू हो रहा है। उसमें प्रदेश सरकार को अलग-अलग विषयों पर घेरने की योजना बनी है। अलग-अलग नियमों के तहत उन पर चर्चा की जाएगी। चाहे वो आपदा की बात है, इस साल बरसात में प्राकृतिक आपदा आई थी और उसके कारण हुए नुकसान की अभी तक भरपाई नहीं हुई। प्रभावितों को अभी तक राहत नहीं मिली है। इसको लेकर भी भाजपा सरकार को घेरेगी। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और शिक्षा और स्वास्थ्य के गिरते स्तर को लेकर भी अलग-अलग नियमों के तहत विधानसभा के अंदर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही भाजपा विधानसभा के बाहर धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में चार दिसंबर को एक विशाल प्रदर्शन करेगी।

55

दैनिक जागरण 20 NOV 2025

# भाजपा ने कस्टमाइज्ड पैकेज पर जमीन देकर गंवाया करोड़ों का राजस्व : सुक्खू

## कहा, बद्दी के चार बड़े उद्यमियों को लाभ पहुंचाया, हम ऐसी लूट नहीं होने देंगे

**जागरण संवाददाता, बीबीएन :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बद्दी में पूर्व भाजपा सरकार पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने बद्दी की पांच हजार बीघा जमीन बड़े उद्योगपतियों को कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर दे दी। इसमें न रजिस्ट्री फीस ली और न ही कोई राजस्व प्राप्त हुआ। यदि यह जमीन बद्दी के लोगों या स्थानीय उद्यमियों को दी जाती तो प्रदेश को करोड़ों रुपये की फीस मिलती और लोगों का भला भी होता। मात्र एक करोड़ 12 लाख रुपये में चार बड़े उद्यमियों को लाभ पहुंचाया गया। हमारी सरकार इस तरह की लूट नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री सुक्खू बुधवार को दून क्षेत्र के दौरे के दौरान बद्दी के हनुमान चौक पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करोड़ों रुपये के उद्घाटन व शिलान्यास किए।



बद्दी में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का स्वागत करते दून कांग्रेस के नेता • जागरण

मुख्यमंत्री ने 30 मिनट के भाषण में सरकार की ओर से उठाए कदमों पर भी बात की। उन्होंने कहा, जब उन्होंने सरकार संभाली तो प्रदेश में शिक्षा का स्तर बिगड़ा था। पांचवीं के बच्चे दूसरी कक्षा की किताब नहीं पढ़ पाते थे, लेकिन हमारी सरकार ने नीतियां बदलीं और व्यवस्था परिवर्तन किया। इससे अब हिमाचल की शिक्षा के स्तर में 21वें स्थान से सुधार हुआ है। आपदा प्रभावितों को पहले डेढ़ लाख रुपये मिलते थे, हमने इसे बढ़ाकर सात लाख किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हित की रक्षा कर रही है। इसलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपये वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। भाजपा का सोशल मीडिया सेल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपये अभी तक नहीं मिले हैं। मेरा भाजपा विधायकों से आग्रह है कि राजनीति के लिए अभी दो साल हैं सभी लोगों का हक दिलवाने में सरकार की मदद करें। मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बद्दी, बरोटीवाला व चंडी को सीबीएसई बोर्ड में बदलने की घोषणा की। कहा कि बद्दी में लोक निर्माण विभाग का नया मंडल खोला जाएगा और एक्सईएन कार्यालय स्थापित करेंगे। बद्दी में 37 करोड़ रुपये आधुनिक बस स्टैंड बनाने की भी घोषणा की। आने वाले दिनों में 800 पटवारी, 800 पुलिसकर्मियों, 400 स्टाफ नर्सों और बड़ी संख्या में प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टीजीटी) की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर सबआर्डिनेट बोर्ड में पेपर बेचे गए थे, इसलिए हमने बोर्ड भंग किया। अब ऐसा दोबारा नहीं होगा।

56

निक ... रण 20 NOV 2025

# दून में खुलेगा लोक निर्माण विभाग का मंडल

## मुख्यमंत्री ने दून विधानसभा क्षेत्र में किए 383 करोड़ रुपये की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास

जागरण संवाददाता, बीबीएन : मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने बुधवार को दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने नागरिक अस्पताल बद्दी में बिस्तरों की क्षमता 100 करने, एसडीएम कार्यालय निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दून विधानसभा क्षेत्र में 383 करोड़ रुपये की योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किए।

मुख्यमंत्री ने बद्दी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं होनी चाहिएं। यहां आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा जिसके लिए राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा की। उन्होंने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंदने के लिए पूर्व भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम हिमाचल के संसाधनों के संरक्षक हैं। इसलिए राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे।

- बद्दी में आधुनिक बस स्टैंड के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी पर्याप्त राशि : सुक्खू
- हम हिमाचल के संसाधनों के संरक्षक, राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे



बरोटीवाला में अस्पताल का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू • डीपीआरओ

### सीएम ने ये की प्रमुख घोषणाएं

- नागरिक अस्पताल बद्दी में बिस्तरों की क्षमता 100 होगी।
- एसडीएम कार्यालय निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये की घोषणा।
- खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।
- बद्दी, बरोटीवाला व चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम।

### मुख्यमंत्री ने ये किए शिलान्यास और लोकार्पण

- 86 करोड़ रुपये से निर्मित बद्दी-साई-रामशहर सड़क, दून क्षेत्र में 15.78 करोड़ रुपये के ट्यूबवेल, 10.64 करोड़ रुपये से निर्मित नागरिक अस्पताल बद्दी और 3.15 करोड़ रुपये से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोटीवाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन।
- शिक्षा खंड बद्दी में हरिपुर संडोली, सूरज माजरा, लबाना और चक्का में नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालयों का लोकार्पण।
- 73.21 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली विद्युत आपूर्ति योजना बद्दी, 63.73 करोड़ रुपये से बनने वाली बद्दी-शीतलपुर-जगातखाना सड़क, 40 करोड़ रुपये के आइएसबीटी बद्दी, 37.67 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाले मिनी सचिवालय भवन बद्दी, बद्दी के छूटे हुए क्षेत्रों के लिए 37.10 करोड़ रुपये से सीवरेज योजना और कल्याणपुर में पांच करोड़ रुपये से निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखी।

### 50 बिस्तरों वाले बद्दी अस्पताल का लोकार्पण बड़ी उपलब्धि : रामकुमार

दून के विधायक रामकुमार चौधरी ने लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से पिता चौधरी लज्जा राम चार बार विधायक रहे और अब वह स्वयं दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। मुख्यमंत्री के सहयोग से उनके क्षेत्र में 475 करोड़ रुपये के विकास कार्य पहले से हो रहे हैं और बुधवार को लगभग 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि 50 बिस्तरों वाले बद्दी अस्पताल का लोकार्पण बड़ी उपलब्धि है। पिछले तीन वर्षों में दून विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्यालय खोले गए हैं।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डा. (कर्नल) धनी राम शांडिल, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, बावा हरदीप, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता शिव कुमार, सुरेंद्र सेठी, उपायुक्त मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी ने बताया, 55 में से 42 स्थान के लिए हैं वैकल्पिक सड़कें

**पंचायत चुनाव**

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकाय चुनावों को लेकर उपायुक्तों ने प्राकृतिक आपदा के चलते सड़कों के बंद होने का तर्क दिया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलों से इस पर रिपोर्ट मांगी थी। इसमें पूछा गया था कि उनके जिला में कितनी सड़के बंद है। करीब 55 सड़के बंद बताई गई थीं। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से अलग से रिपोर्ट मांगी गई। विभाग ने कहा है कि 55 में से 42 के करीब सड़कें ऐसी है जो वैकल्पिक मार्ग से जुड़ी है। यानी वहां जाने के लिए दूसरी सड़क भी हैं। यहां के लिए पैदल भी आया जा सकता है। मुख्य सड़क कोई भी बंद नहीं है।

**बैठक में नहीं आए थे अधिकारी :** राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में सचिव स्तर के अधिकारियों की मंगलवार को बैठक बुलाई थी, जिसमें अधिकारी अनुपस्थित रहे। निर्वाचन आयोग ने उपायुक्तों को चुनावी सामग्री और बैलेट पेपर उठाने के निर्देश दिए थे, लेकिन उपायुक्तों ने यह सामग्री भी नहीं उठाई। चुनाव के प्रति तत्परता न दिखाने पर आयोग ने जिलाधीशों की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य चुनाव आयोग ने पिछले वर्ष ही चुनावी प्रक्रिया आरंभ की थी, जिसमें पंचायतों और शहरी निकायों के पुनः सीमांकन और नई पंचायतों के गठन का निर्देश दिया गया था।

- चुनाव प्रकिया में देरी पर आयोग ने जिलों से मांगी थी रिपोर्ट
- उपायुक्तों ने आपदा के चलते सड़कों के बंद होने का दिया था तर्क

### सरकार ले रही कानूनी सलाह

हिमाचल सरकार आयोग के इस फैसले को लेकर सरकार के स्तर पर भी मंथन शुरू हो गया है। सरकार भी इस पर कानूनी राय ले रही है। आयोग का तर्क है कि यदि अब पुनर्गठन व पुनर्सीमांकन किया जाता है तो वोटर लिस्ट नए सिरे से बनानी पड़ेगी। सीमाएं बदल जाती है। सरकार तर्क दे रही है कि डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट लागू होने की वजह से पंचायतों व वार्डों का पुनर्गठन नहीं हो पाया था।

### पुनर्गठन के 23 प्रस्ताव

पंचायतों के पुनर्गठन के लिए पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग को 23 प्रस्ताव मिले हैं। जिलों से ये प्रस्ताव पंचायती राज विभाग को आए हैं। शिमला, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला के डीसी की तरफ से ये प्रस्ताव भेजे गए हैं। विभाग ने इन प्रस्तावों को सरकार को भेजा है। चूंकि आयोग अब पुनर्गठन की प्रक्रिया पर रोक लगा चुका है, राज्य चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के एक क्लाज को लागू कर चुका है। जिसके तहत पंचायतों और नगर निकायों की सीमाएं फ्रीज कर दी है।

### दो रुपये का फार्म लेकर दर्ज करवा सकते हैं नाम

आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि हालांकि वोटर लिस्ट का प्रकाशन नहीं किया गया है, लेकिन यह आयोग की वेबसाइट और सारथी एप पर उपलब्ध है। यदि नाम सूची में नहीं है, तो वे दो रुपये के फार्म के साथ नाम दर्ज करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### ये उठ रहे सवाल

चुनाव में देरी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जो जिले प्राकृतिक आपदा का तर्क दे रहे हैं वहां पर शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई हो रही है। मेले, अन्य तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चुनाव के लिए ही प्राकृतिक आपदा का तर्क दिया जा रहा है।

### समय पर होंगे पंचायत चुनाव : विक्रमादित्य

जागरण टीम] चंबा/डलहौजी : लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि पंचायतों के चुनाव समय पर होने चाहिए और नगर निकायों के चुनाव भी समय पर होंगे। प्रदेश में समय पर नई पंचायतों का गठन होगा। उन्होंने चंबा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में पार्टी का संगठन बनना चाहिए। संगठन का गठन समय पर हो, इसके लिए पार्टी आला कमान के समक्ष भी अपना पक्ष रखा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही हाईकमान इस संदर्भ में उचित निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आपदा से तबाह लोगों को अभी तक केंद्र की ओर से घोषित राहत राशि का कोई लाभ नहीं मिला है।



विक्रमादित्य सिंह • जागरण

# प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में इंदिरा का योगदान : प्रतिभा

## कांग्रेस मुख्यालय में इंदिरा को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि देश के नव निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का बहुत बड़ा योगदान है। प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने व इसके विकास में भी उनके योगदान को प्रदेश कभी नहीं भुला सकता। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रतिभा सिंह ने इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि लाहुल स्पीति के लोगों की मांग पर इंदिरा गांधी ने ही रोहतांग टनल के निर्माण को मंजूरी दी थी।

भाजपा कभी प्रदेश हितैषी नहीं रही। प्रतिभा सिंह ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इंदिरा गांधी के दिखाए पथ का अनुसरण करते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट होकर कार्य करें। इस दौरान नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, राज्य सहकारी बैंक के निदेशक हरिकृष्ण हिमराल, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष जैनब चंदेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह, पूर्व विधायक आदर्श सूद सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह • जागरण

### शिमला में इंदिरा गांधी को जयंती पर किया याद

जागरण संवाददाता, शिमला : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ऐसा व्यक्तित्व थीं जिसने सत्ता को जिम्मेदारी, दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ परिभाषित किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश को मजबूती से संभाला। इस दौरान हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# डा. आस्था अग्निहोत्री की शादी में पहुंचेंगे कई राजनेता व समाजसेवी

**वहडाला स्थित गुलमोहर ग्रैंड होटल में 22 नवंबर को समारोह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह व पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने दिया बेटी को आशीर्वाद**

जागरण संवाददाता, ऊना : उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पुत्री डा. आस्था अग्निहोत्री व आइएएस अधिकारी सचिन शर्मा का विवाह 22 नवंबर को होगा। धर्मशाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ते बहडाला में स्थित गुलमोहर ग्रैंड होटल में समारोह होगा जिसमें देश व प्रदेश की नामी हस्तियों के अलावा राजनीतिक, धार्मिक, उद्योगपति व समाजसेवी भाग लेंगे। विवाह समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व सीएम शांता कुमार, पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष एवं लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार के मंत्री, विधायकों समेत भाजपा के कई विधायक व आला नेता भी पहुंच रहे हैं। हालांकि उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, पूर्व प्रभारी राजीव शुक्ला समेत कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को आमंत्रित किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह ने बताया कि आस्था की शादी की तैयारियां की जा रही हैं। बुधवार को गोंदपुर जयचंद में आस्था को आशीर्वाद देने के लिए पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह व गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर पहुंचे।

# शिलाई में सिविल अस्पताल का निरीक्षण



हर्षवर्धन चौहान • जागरण आर्काइव

नाहन : जिला सिरमौर के शिलाई अस्पताल में बुधवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की। बैठक से पूर्व उन्होंने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया और डाक्टरों से मरीजों के उपचार के लिए आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने मरीजों से भी मुलाकात की और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उद्योग मंत्री ने 19 करोड़ की लागत से चल रहे सिविल अस्पताल के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अस्पताल में छह डाक्टरों और तीन विशेषज्ञ डाक्टरों सहित 11 स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई है। अस्पताल का निर्माण जल्द पूरा होगा। (जासं)

# कैबिनेट बैठक में तय होगा सरकार के तीन वर्ष के कार्यक्रम का स्थल

जागरण संवाददाता, मंडी : प्रदेश सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को कार्यक्रम का स्थल अब 24 नवंबर को कैबिनेट की बैठक में तय होगा। स्थल तय करने को लेकर बुधवार को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में नेरचौक में बैठक हुई। इसमें नेताओं व अधिकारियों के बीच स्थल को लेकर सहमति नहीं बन पाई।

जिला प्रशासन कार्यक्रम मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित करने के पक्ष में है। प्रशासन का तर्क था कि यहां हेलीपोर्ट, पार्किंग व आवास आदि की उचित व्यवस्था है। बैठक में उपस्थित धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी व पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर का कहना था कि पड्डल मैदान में कुछ दिन पहले ही आपदा राहत वितरण कार्यक्रम हुआ है। ऐसे में कार्यक्रम अन्य जगह होना चाहिए।

59

# पंचायत सीमा बदलाव रोकने पर विवाद

## सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कहा-अधिसूचना नियमों के विपरीत, वापस लें

चैतन्य ठाकुर • जागरण

**शिमला** : हिमाचल में राज्य चुनाव आयोग की ओर से पंचायतों की सीमाओं, संरचना और वर्गीकरण में बदलाव पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। पंचायती राज विभाग ने राज्य चुनाव आयोग की 17 नवंबर को जारी अधिसूचना को प्रक्रियागत रूप से त्रुटिपूर्ण बताकर इसे वापस लेने की मांग की है। सरकार का कहना है कि चुनाव कार्यक्रम घोषित किए बिना आचार संहिता लागू करना स्थापित परंपराओं और संवैधानिक प्रविधानों के अनुरूप नहीं है।

बुधवार को जारी पत्र में विभाग ने स्पष्ट किया कि पंचायतों की सीमाएं बदलने का अधिकार राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में है। चुनाव आयोग का इस पर रोक लगाना विधिक रूप से उचित नहीं माना जा सकता। यदि पहली जनवरी 2026 से पहले सीमांकन कार्य पूरा नहीं हुआ तो हजारों लोगों की आकांक्षाएं अगले जनगणना चक्र तक लटकी रहेंगी। राज्य चुनाव आयोग ने 17 नवंबर को अधिसूचना जारी कर आदर्श आचार संहिता की धारा 12.1 लागू कर दी थी। इसमें स्पष्ट कहा है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी पंचायत की सीमा, संरचना या वर्गीकरण में बदलाव नहीं किया जाएगा।

सरकार का कहना है कि सामान्यतः यह रोक चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद लागू होती है, लेकिन इस बार आयोग ने पूर्व घोषणा में ही कड़ा प्रतिबंध लगा दिया। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 243-सी(1) राज्य विधानमंडल को पंचायतों की संरचना तय करने का अधिकार देता है। इसी आधार पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने 1994 में पंचायती राज अधिनियम पारित किया था।

> चुनाव आयोग ने 17 नवंबर को अधिसूचना जारी कर लागू कर दी थी आदर्श आचार संहिता की धारा 12.1

### पत्र में इन दो प्रमुख प्रविधानों का किया उल्लेख

- **धारा तीन** : ग्राम सभाओं का क्षेत्र बढ़ाने/घटाने का अधिकार। राज्य सरकार को किसी भी समय ग्रामसभा के क्षेत्र का पुनर्गठन करने का अधिकार है, बशर्ते विधिक प्रक्रिया का पालन किया जाए।
- **धारा 124** : पंचायत क्षेत्रों का विभाजन। उपायुक्त पंचायत क्षेत्र में वृद्धि या कमी के बाद उसे निर्वाचन के लिए नई वार्ड व्यवस्था में विभाजित कर सकता है।

सरकार का कहना है कि ये दोनों प्रविधान स्पष्ट रूप से बताते हैं कि पंचायत सीमांकन का मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

**सरकार ने चुनाव आयोग को ये दिए तर्क** : सरकार ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 लागू है। प्रदेश के कई इलाकों में वर्षा, भूस्खलन और सड़कें बंद होने की स्थिति के चलते सामान्य स्थिति और संपूर्ण कनेक्टिविटी अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हुई है। जब तक आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रतिबंध हट नहीं जाते तब तक पंचायत चुनाव की घोषणा करना संभव नहीं।

प्रदेश सरकार के अनुसार, रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त भारत की ओर से भेजे डीओ पत्र के अनुसार स्थानीय निकायों की सीमाएं पहली जनवरी 2026 से फ्रीज हो जाएंगी। यानी पहली जनवरी के बाद कोई भी पंचायत, नगर निकाय या स्थानीय निकाय की सीमाएं बदली नहीं जा सकेंगी। यह स्थिति अगले जनगणना चक्र की अधिसूचना तक बनी रहेगी। यदि अभी सीमांकन कार्य रोका तो हजारों लोगों के क्षेत्र पुनर्गठन, नयी पंचायतों की मांग, वर्गीकरण परिवर्तनों जैसी तमाम प्रक्रियाएं वर्षों के लिए रुक जाएंगी।

संबंधित समाचार » पेज 5

### चुनाव आयोग ने पूछा, डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट कब हटाएंगे, सीएस बोले-अभी स्थितियां सामान्य नहीं

राज्य ब्यूरो, जागरण • **शिमला**: राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची की ओर से डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट को समाप्त करने संबंधी पत्र के उत्तर में मुख्य सचिव ने कहा है कि स्थितियां सामान्य होने तक एक्ट लागू रहेगा। खाची ने मुख्य सचिव संजय गुप्ता को पत्र लिखकर पूछा था कि प्रदेश में वर्षा का दौर समाप्त हो चुका है और स्थिति सामान्य हो गई है। ऐसे में डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट को कब समाप्त किया जाएगा?

मुख्य सचिव की ओर से दिए उत्तर में कहा गया है कि प्रदेश में अभी डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट लागू है। कुछ जगह सड़कें बाधित हैं। पेयजल योजनाएं पूरी तरह बहाल नहीं हुई है। कई जगह स्थिति सामान्य नहीं है। ऐसे में अभी इस एक्ट को लागू रखा जाएगा। प्रदेश में जब स्थिति पूरी तरह सामान्य होगी, उसके बाद ही इस एक्ट को हटाया जाएगा। आयोग के पत्र का जवाब देने से पहले सरकार ने सभी उपायुक्तों से फीडबैक भी लिया व संबंधित जिलों में वस्तुस्थिति को लेकर रिपोर्ट मांगी थी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में देरी पर उपायुक्तों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा था।

#### पंचायत चुनाव मामला

- राज्य निर्वाचन आयुक्त ने उपायुक्तों का जवाब आने के बाद लिखा था गुप्ता को पत्र
- उपायुक्तों ने कहा, डिजास्टर एक्ट लागू होने से प्रक्रिया नहीं बढ़ा पाए आगे



अनिल खाची और संजय गुप्ता
• जागरण आर्काइव

कुछ उपायुक्तों ने उत्तर दिया कि डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट लागू होने के कारण चुनाव संबंधी कार्य नहीं कर पाए। मतदाता सूची का प्रकाशन और चुनावी सामग्री के उठाने में भी इसी कारण देरी हुई है। बुधवार को उपायुक्तों के उत्तर प्राप्त होने के बाद, राज्य निर्वाचन आयुक्त ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत और शहरी निकाय चुनाव की तैयारियों से संबंधित रिपोर्ट राज्यपाल को प्रस्तुत करेगा। राज्यपाल पिछले कुछ दिनों से राज्य से बाहर हैं और वीरवार सायं शिमला लौट रहे हैं।

दैनिक जागरण 20 NOV 2025

# समृद्ध हिमाचल के विजन डाक्यूमेंट के लिए आठ थीम का रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल को अगले दो दशकों में समृद्ध राज्य बनाने के लिए तैयार किए जा रहे विजन डाक्यूमेंट का खाका सोमवार को और स्पष्ट हो गया।



संजय गुप्ता • जागरण आर्काइव

शिमला स्थित राज्य सचिवालय में बुधवार को मुख्य सचिव संजय गुप्ता की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (हिप्पा) की उच्चस्तरीय बैठक में 350 एक्शनेबल आइडिया में से आठ प्रमुख थीम निर्धारित की गईं। ये थीम भविष्य के हिमाचल की दिशा तय करेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार तथा मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर भी मौजूद रहे। हिप्पा के निदेशक प्रशांत सरकैक ने समृद्ध हिमाचल के ड्राफ्ट दस्तावेज की प्रस्तुति दी। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने सुझाव रखे और दस्तावेज को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति जताई। अब शीघ्र ही इसे एक और समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि आने वाले 20 सालों में हिमाचल को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से एक सशक्त और समृद्ध राज्य बनाना। जल्द ही इस विजन डॉक्यूमेंट को अंतिम रूप देकर मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## 10,318 लोगों ने दी राय, कुल्लू सबसे आगे

राज्य को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार को भारी जन-समर्थन भी मिला है। आनलाइन प्रश्नावली के माध्यम से 10,300 सुझाव, जबकि अन्य माध्यमों से 18 प्रतिक्रियाएं, कुल मिलाकर 10,318 फीडबैक प्राप्त हुए। कुल्लू जिला सबसे जागरूक रहा, जहां से 20 प्रतिशत से अधिक प्रतिक्रियाएं दर्ज की गईं। इन सुझावों के आधार पर सरकार ने दो, पांच और 20 साल की अवधि के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

## समृद्ध हिमाचल के आठ थीम : भविष्य का रोड मैप

**थीम 1 :** राज्य की वित्तीय स्थिति व राजकोषीय सततता

**थीम 2 :** पर्यटन की नई परिकल्पना

**थीम 3 :** शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार

**थीम 4 :** आइटी अवसंरचना व भविष्य के उद्योग

**थीम 5 :** कृषि, बागबानी व पशुपालन

**थीम 6 :** शासन सुधार और इज आफ डूइंग बिजनेस

**थीम 7 :** पर्यावरण-अनुकूल अवसंरचना और आपदा प्रबंधन

**थीम 8 :** एमएसएमई, हरित उद्योग और परिपत्र अर्थव्यवस्था

# मुख्य सचिवों को विकसित भारत का रोडमैप बताएंगे पीएम, गुप्ता ने की बैठक

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी मुख्य सचिव सम्मेलन में सभी राज्यों के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के साथ देश की विकास यात्रा का रोड मैप साझा करेंगे। यह सम्मेलन 26 से 28 दिसंबर तक पूसा में होगा, जिसका थीम "ह्यूमन कैपिटल फार विकसित भारत" है। इस सम्मेलन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति, जन संसाधन, का उपयोग 2047 के विकसित भारत लक्ष्य के अनुरूप किया जाए। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने बुधवार को शिमला स्थित राज्य सचिवालय में शिक्षा एवं ऊर्जा सचिव राकेश कंवर, तकनीकी शिक्षा सचिव संदीप कदम बसंत और राज्य योजना विभाग के सलाहकार डा. बसु सूद के साथ विस्तृत चर्चा की। यह बैठक प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा सुधार, कौशल विकास, ऊर्जा क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन निर्माण और तकनीकी शिक्षा के आधुनिकीकरण पर विभागवार प्रस्तुति तैयार करने के निर्देश दिए गए। गत वर्ष आयोजित मुख्य सचिव सम्मेलन में केंद्र ने पांच प्रमुख थीमों पर राज्यों से प्रगति रिपोर्ट मांगी थी। कृषि और उससे जुड़ी वैल्यू चेन का सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ाना, शिक्षा और कौशल विकास का कायाकल्प, इज आफ लिविंग एवं डिजिटल सेवाओं का विस्तार की तेजी से वृद्धि को शामिल किया गया था।

20 NOV 2025

# उच्च शिक्षा ऋण के लिए वार्षिक आय सीमा अब 12 लाख रुपये

- सरकार ने डा. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना में किया बदलाव
- योजना के तहत एक प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा 20 लाख रुपये का ऋण
- मंत्रिमंडल की बैठक में लिया था निर्णय विभाग ने जारी की अधिसूचना

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में अब आर्थिक बाधाएं नहीं रहेंगी। राज्य सरकार ने डा. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना में बड़ा संशोधन किया है। इस योजना के तहत विद्यार्थी अब महज एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपये तक का ऋण ले सकेंगे, जिससे वे देश और विदेश में अपनी उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा पूरी कर सकेंगे। सरकार ने इस योजना के लिए वार्षिक आय सीमा को चार लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया है।

इस योजना की शुरुआत राज्य सरकार ने की थी, और प्रदेशभर से यह शिकायतें आ रही थीं कि वार्षिक आय की सीमा बहुत कम है। हाल ही में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण संशोधन के बाद अब मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे भी अपनी शिक्षा के लिए मात्र एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपये तक का ऋण ले सकेंगे। यह सुविधा केवल बोनाफाइड हिमाचली बच्चों एवं युवाओं के लिए उपलब्ध है। उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक डा. अमरजीत शर्मा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

## 7.5 लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी के मिलेगा

7.5 लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी के मिलेगा। केवल संस्थान से इसकी वेरिफिकेशन होगी। 7.5 लाख से 20 लाख रुपये तक के ऋण के लिए राज्य सरकार छात्रों की बैंक गारंटी प्रदान करेगी, जिससे बैंक आसानी से ऋण जारी कर सकेंगे और छात्रों को भी व्यर्थ के झंझट से मुक्ति मिलेगी।

## इन कोर्स के लिए ले सकेंगे ऋण

इस ऋण का उपयोग इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, ला, आइटीआइ/पालीटेक्निक, पोस्ट ग्रेजुएशन एवं पीएचडी सहित सभी व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए किया जा सकता है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि संस्थान को मान्यता प्राप्त होना चाहिए, जैसे एआइसीटीई, एनएमसी, एमआइएमए, पीसीआइ, आइएनसी, बीसीआइ, यूजीसी आदि। भारत ही नहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए भी ऋण लिया जा सकता है। ऋण का उपयोग छात्रावास, भोजन, फीस, पुस्तकें एवं अन्य शिक्षा से संबंधित खर्चों के लिए किया जा सकता है। कोर्स में प्रवेश की पंजीकरण तिथि पर अधिकतम आयु 28 वर्ष है। इसके लिए यूको बैंक को नोडल बैंक बनाया गया है।

## पर्यावरण अधिकारी (ट्रेनी) का परिणाम घोषित

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : लोक सेवा आयोग ने पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग में पर्यावरण अधिकारी (ट्रेनी) की व्यक्तित्व परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। लोगों में सुमित ठाकुर, संजीव भारद्वाज, अंचिता ठाकुर, धृति कपूर, संगीता शर्मा, रुपाली, प्रतिभा, विवेक धीमान व प्रियंका उत्तीर्ण हुए। आयोग ने बागबानी विभाग में बागबानी विकास अधिकारी के पदों को भरने के लिए आयोजित व्यक्तित्व परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।

दैनिक जागरण 20 NOV 2025



# 1404 लेक्चरर के सेवा लाभ बहाल करें

## हाई कोर्ट ने सरकार को स्कूल कैडर के लेक्चरर को राहत देने का दिया आदेश

विधि संवाददाता, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने

कोर्ट निर्णय 1

राज्य सरकार को स्कूल कैडर के 1404 लेक्चरर के छीने सेवा लाभ को तुरंत बहाल करने का आदेश दिया है। यह सेवा लाभ उन्हें अदालत के निर्णयों के आधार पर दिए गए थे। लाभार्थी शिक्षकों को वर्ष 2009 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था। अदालत के आदेश पर उनकी सेवाओं को नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से नियमित माना गया था। शिक्षा विभाग ने यह लाभ पहले से ही इन शिक्षकों को दिए थे, लेकिन एक्ट की आड़ में कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 के तहत वापस ले लिए थे। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने शिक्षा विभाग को 31 दिसंबर, 2025 या उससे पहले याचिकाकर्ताओं और अन्य समान स्थिति वाले अध्यापकों को समान लाभ देने के आदेश भी दिए। याचिकाकर्ताओं ने बताया था कि वे विवादित कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 से व्यथित थे। इसके तहत हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारियों की शर्तें अधिनियम, 2024 के अधिनियम के बाद प्रतिवादी शिक्षा विभाग ने उन्हें दिए सेवा लाभ वापस ले लिए थे। परिणामस्वरूप याचिकाकर्ताओं के पहले से विस्तारित सेवा लाभ वापस ले लिए गए, जबकि समान स्थिति वाले अन्य के समान लाभ के दावे को कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 के आधार पर अलग-अलग आदेश पारित कर खारिज कर दिया गया।

## मेडिकल बिल की अदायगी पर पुलिस विभाग की लगाई शर्त अन्यायपूर्ण

विधि संवाददाता, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने पुलिस

कोर्ट निर्णय 2

विभाग द्वारा मेडिकल बिल भुगतान को लेकर लगाई शर्त को अन्यायपूर्ण ठहराया है। विभाग ने सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर के मेडिकल बिल का भुगतान करने से पहले शर्त लगाई थी कि पहले वह मुख्यमंत्री राहत कोष से बेटे के इलाज के लिए वर्ष 2012 में मिले सवा लाख रुपये लौटाए। कोर्ट ने इस शर्त को अत्यंत कठोर ठहराया और पुलिस विभाग को आदेश दिए कि वह याचिकाकर्ता के मेडिकल बिल का बिना शर्त भुगतान करे।

याचिकाकर्ता प्रीतम मार्शल पुलिस विभाग से निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। याचिकाकर्ता के बेटे को वर्ष 2005 में क्रोनिक किडनी रोग/किडनी फेलियर का पता चला और उन्हें सप्ताह में दो बार हीमोडायलिसिस करवाने की सलाह दी गई थी। याचिकाकर्ता ने वित्तीय सहायता के लिए विभाग से संपर्क किया, लेकिन उन्हें बेटे के खर्च और उपचार को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता नहीं मिली। याचिकाकर्ता ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया, जिन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से 1,25,000 रुपये की राशि स्वीकृत की। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता के बेटे ने लगभग एक दशक तक बीमारी से जूझने के बाद वर्ष 2021 में जान गंवा दी, जो न केवल शारीरिक रूप से बल्कि बच्चे और याचिकाकर्ता के परिवार के लिए भी भावनात्मक रूप से कष्टदायक थी। इसलिए उनका सुविचारित मत है कि इस मामले में विभाग को कुछ अधिक करुणा और सहानुभूति दिखानी होगी। याचिकाकर्ता के बिल से राशि की कटौती, जो उसे वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत भुगतान की गई थी, इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए अत्यधिक मनमाना, अन्यायपूर्ण और कानून की दृष्टि में टिकने योग्य नहीं है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए लगेगा 1:5 का फार्मूला

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पेंशन

कोर्ट निर्णय 3

देने के लिए नया फार्मूला सामने आया है। न्यायालय के निर्देश अनुसार पेंशन देने के लिए 1:5 (1 अनुपात 5) का फार्मूला अपनाया जाएगा। इसको आधार बनाकर वित्त विभाग ने आदेश जारी किए हैं। इसमें पात्र कर्मचारी 60 दिन के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन देने के लिए 10 वर्ष की नियमित सेवा की शर्त लगाई है। यदि किसी कर्मचारी की 10 वर्ष की नियमित सेवा पूरी नहीं है तो उसको सशर्त रियायत दी जाएगी। यानी यदि किसी कर्मचारी की आठ वर्ष की नियमित सेवा है और उसने नियमित होने से पहले सरकारी क्षेत्र में 10 वर्ष सेवाएं दी हैं तो वह पेंशन का हकदार होगा। इसमें 1:5 के पेंशन फार्मूले के अनुसार पांच वर्ष के लिए एक वर्ष तथा 10 वर्ष के लिए दो वर्ष की सेवा अवधि को गिना जाएगा।

63

दैनिक जागरण 20 NOV 2025

# बिजली बोर्ड का तांबा

निश्चित रूप से वहां कार्यसंस्कृति पर बिजली ही गिरेगी जहां बिजली बोर्ड का टीमेट ही ट्रांसफार्मर का तांबा निकाल कर 400 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से कबाड़ी को बेचता पाया गया हो। टीमेट भी बिजली बोर्ड का, जिस किट से टांसफार्मर खोला, वह भी बिजली बोर्ड का, लेकिन पैसा टीमेट का। निगरानी तंत्र की नींद कितनी गहरी होगी कि जंजैहली क्षेत्र से ही पांच ट्रांसफार्मर चोरी हो गए। खेत को केवल बाड़ के डंडों से ही खतरा नहीं होता, छोटी-छोटी कीलें भी खेत चरती हैं। यह पहला अवसर है न अंतिम। कई प्रधान इसलिए निलंबित होते आए हैं क्योंकि वे बाड़ की भूमिका में रहते हुए भी सीमेंट के खेत चुगते रहे। ऐसा संभवतः हर विभाग में होता है। प्रश्न यह है कि पानी जब ऊपर से बहता है तो विभाग के स्रोतों तक भी धार छानी जाए। ट्रांसफार्मर क्या कोई ऐसी वस्तु है, जिसे चुरा कर थैले में रखा जा सकता है? वास्तव में सरकारी तंत्र में कतिपय विभाग जवाबदेही से मुक्त प्रतीत होते हैं। ऐसे तत्वों का पता लगा कर उन्हें उचित एवं उपयुक्त दंड मिलना ही चाहिए। अन्यथा कार्यसंस्कृति हांफती रहेगी और सरकारी विभागों से गायब रहेगी। इसे व्यक्ति का अपराध ही कहा जाएगा, किंतु व्यक्ति अकेला कभी नहीं होता। यदि किसी ने उसका साथ नहीं दिया है तो यह मानने में भी संकोच है कि कोई उसे लगातार देखकर रोक रहा था। ऐसे कृत्यों से व्यक्ति भले ही कुछ दिन के लिए कुछ कमा ले, हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा।

**पांच ट्रांसफार्मर चोरी होने पर भी निगरानी तंत्र की नींद न खुलना कई प्रश्न खड़े करता है**

# एनएचएआइ के अधीक्षण अभियंता पर लगाया सांकेतिक जुर्माना

विधि संवाददाता, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने अधीक्षण अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला पर अदालत के समक्ष सही तस्वीर पेश न करने पर 10,000 रुपये का सांकेतिक जुर्माना लगाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग-पांच शिमला से ठियोग तक की खस्ताहालत बारे स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने राजमार्ग की दयनीय स्थिति पर संबंधित अधिकारी की उदासीनता पर संज्ञान लिया था। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जियालाल भारद्वाज ने जनहित याचिका के दौरान अधीक्षण अभियंता रतन कुमार शर्मा द्वारा दायर शपथपत्र का अवलोकन करने पर इसे लापरवाही भरा बताया था। कोर्ट ने उक्त अधिकारी को कोर्ट में तलब कर स्पष्टीकरण देने के आदेश भी दिए थे। कोर्ट ने उक्त अधिकारी से पूछा था कि उसने शपथपत्र लापरवाही से क्यों दायर किया, जिसमें रिकार्ड के विपरीत तस्वीर पेश करने की कोशिश की गई और कारण बताएं कि उन पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए।

कोर्ट निर्णय 4

दैनिक जागरण 20 NOV 2025

# जारी है हिमाचल प्रदेश की याचना



नवनीत शर्मा
राज्य संपादक
navneet@drm.jagran.com

खबर के पार



बीबीएमबी के बीएसएल प्रोजेक्ट के 990 मेगावाट के डैहर पावर हाउस के बाईपास शूट से छोड़ा गया पानी ● जागरण

बात कुछ पुरानी है। चंडीगढ़ में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की बैठक थी। तत्कालीन केंद्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल अध्यक्षता कर रहे थे। बीबीएमबी के बड़े अधिकारी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन आरंभ की। बीबीएमबी में राज्यों की भागीदारी में उन्होंने हिमाचल प्रदेश का नाम नहीं लिया। हिमाचल प्रदेश के एक अधिकारी इसी बात पर उखड़ गए। हिमाचल प्रदेश के अधिकारी ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। आपके बांध ही नहीं, सब कुछ हिमाचल प्रदेश में है और आप उसका नाम ही नहीं ले रहे? कुछ देर हंगामा हुआ, मंत्री महोदय भी नाराज हुए लेकिन बात समझ में आने पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पक्ष को समझा। सवाल यह है कि पक्ष समझने भर से क्या होता है। हिमाचल प्रदेश का पक्ष तो सुप्रीम कोर्ट ने भी समझा लेकिन नवंबर 2011 के निर्णय के अनुरूप 4500 करोड़ रुपये का एरियर अब तक नहीं मिला।

यह तथ्य हिमाचल प्रदेश की सीमाओं और संभावनाओं से परिचित व्यक्ति याद नहीं करता। इसलिए याद नहीं करता क्योंकि वह भूलता ही नहीं है। हाल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फरीदाबाद में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में ये तथ्य याद दिलाए कि हिमाचल प्रदेश को चंडीगढ़ में 7.19 प्रतिशत भाग दिया जाए। पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966, जिसके तहत हरियाणा पंजाब से अलग हुआ था, हिमाचल प्रदेश को पहाड़ी क्षेत्र मिले थे, उसके अनुसार हिस्सा दिया जाए। बीबीएमबी से बकाया राशि दिलवाई जाए। विडंबना देखिए कि बीबीएमबी में आज भी हिमाचल प्रदेश का स्थायी सदस्य नहीं है।

हिमाचल प्रदेश के साथ संघर्ष का नाता तृतीय श्रेणी राज्य बनने से लेकर पूर्ण राज्य बनने तक रहा, जो जारी है। हिमाचल प्रदेश गर्मी से तपे हुए महत्वपूर्ण व्यक्तियों की विनम्र मेजबानी तो करता रहा लेकिन अपने हक की बात उठाने पर उसे उपहास झेलना पड़ा।

परियोजनाओं से रायल्टी दिलवाने वाले, पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता शांता कुमार कहते हैं, 'हिमाचल प्रदेश के हितों की बात उठाते रहना चाहिए। परियोजनाओं से रायल्टी के बारे में मैंने तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव जी से कहा था कि बिजली फिनिश्ड प्रोडक्ट है, यदि उसकी कीमत है तो कच्चे माल यानी पानी की क्यों नहीं? उन्होंने तत्कालीन मंत्री कल्पनाथ राय से इस बात का जवाब देने को कहा। जब कोई काट नहीं मिली तो चार अधिकारियों की समिति बनी, जिसमें दो केंद्र के थे और दो राज्य के। रायल्टी मिलने लगी। अब मैं कहता हूं, रायल्टी दुगनी होनी चाहिए।'

इसी विषय पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल कहते हैं, 'मुझे याद है, हिमाचल के हिस्से के विषय पर हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भजन लाल ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का मजाक उड़ाया था। हमने पदयात्रा भी की थी। हमारे ही समय में यानी नवंबर, 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के हक में निर्णय दिया। लेकिन बाद में प्रदेश में सरकार बदल गई और कांग्रेस सरकार आई, अधिकारियों ने इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया। बीबीएमबी का कहना होता था कि डैम बनाने का खर्च दे हिमाचल प्रदेश,-तो हिस्से पर विचार करेंगे। यानी टालने की बातें थीं।'

उस समय के अधिकारी कहते हैं कि तय यह भी हुआ था कि पैसा नहीं दे सकते तो उतनी बिजली हिमाचल प्रदेश को दे दें। दुखद यह है कि बिजली भी नहीं दी गई। एक बात अवश्य हुई कि जिस बीबीएमबी में हिमाचल प्रदेश का स्थायी सदस्य नहीं है, उसके अध्यक्ष के रूप में हम पहली बार हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ अभियंता को नियुक्त करवाने में सफल रहे।

तय यह हुआ था कि पंजाब 60 प्रतिशत हिस्सा देगा जबकि हरियाणा 40 प्रतिशत। 1966 से लेकर 2011 तक के एरियर का निर्धारण ऊर्जा मंत्रालय ने किया था। 2011 से 2025 तक कितना पानी ब्यास, सतलुज, यमुना, रावी या चंद्रभागा से बह गया पर हिमाचल प्रदेश की आवाज अब भी उत्तर क्षेत्रीय परिषद के सभागारों में आश्वासन ही पा रही है।

आश्चर्य यह भी होता है कि पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में एक ही दल की सरकारें भी रहीं लेकिन हिमाचल प्रदेश को याचक की मुद्रा से बाहर लाने के कोई प्रयत्न नहीं हुए। जबकि हिमाचल प्रदेश को अपने संसाधनों की बहुत आवश्यकता है। भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों में संतुलन बना कर चलना है। हिमाचल प्रदेश के कार्बन क्रेडिट्स भी दूर-दूर तक नहीं दिखते। पौंग बांध हो या भाखड़ा बांध, विस्थापन भी हिमाचल प्रदेश ने झेला, उपजाऊ भूमि भी हिमाचल प्रदेश की गई और आज हालत यह है कि देश के उच्चतम न्यायालय के दिए निर्णय के बावजूद हिमाचल प्रदेश याचक है।

हिमाचल प्रदेश चीन की सीमा से सटा है किंतु शांत इतना है कि छोटे हितों के लिए तो मुखर हो उठता है पर अपना हिस्सा मांगने को जन आंदोलन बनाने का उसके पास समय है, न प्राथमिकता। उपद्रवी नहीं है। देश के काम आए लोगों की पदक तालिका में चमकता है पर याचक है।

65

20 NOV 2025

# कर्मचारी बन रहे नशा तस्करों की ढाल

जागरण संवाददाता, शिमला : नशे के नेटवर्क से जुड़ी जांच के दौरान शिमला पुलिस ने सरकारी ढाल का नेटवर्क तोड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसमें दूसरे सरकारी विभागों के अलावा पुलिस के दो जवान भी संलिप्त पाए गए हैं। इन्हें सेवा से बर्खास्त करने के लिए बुधवार को पुलिस प्रशासन ने फाइल को सरकार को मंजूरी के लिए भेजा है।

इससे पहले भी शिमला पुलिस दो जवानों को चिट्टा तस्करी में संलिप्पता पर बाहर कर चुकी है। पुलिस की अब की जांच में दूसरे सरकारी विभागों के 13 कर्मचारियों के विरुद्ध पुख्ता सुबूत मिले हैं। इन्हें राज्य सरकार को सौंप दिया है। एसएसपी शिमला संजीव गांधी ने कहा कि नई जांच में दो पुलिस जवान नशे के नेटवर्क में संलिप्त पाए गए हैं। इनके अलावा अन्य सरकारी कर्मचारी भी हैं। ये सभी कर्मचारी प्रदेश में सक्रिय चिट्टा तस्करों के नेटवर्क से जुड़े थे। ये कई महीनों से न केवल आपूर्ति करवाने वाले गिरोहों की मदद कर रहे थे, बल्कि कुछ कर्मचारी खुद भी सप्लाई चेन का हिस्सा बन चुके थे।

- सरकारी विभागों के 13 कर्मचारियों के अलावा पुलिस के दो जवान मिले संलिप्त
- पुलिस प्रशासन ने दो जवानों को बर्खास्त करने के लिए सरकार के पास भेजी फाइल

शिमला पुलिस के मुताबिक, कुछ इलाकों में चिट्टा की आपूर्ति अचानक बढ़ी थी। मुखबिरों से लगातार इनपुट मिल रहे थे कि कुछ सरकारी कर्मचारी जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, तस्करों को पहचान छिपाने, सुरक्षित रास्ते उपलब्ध करवाने और कानून से बचाने में मदद कर रहे हैं। जैसे ही इनपुट पुख्ता हुए पुलिस टीम ने निगरानी शुरू की।

इलेक्ट्रानिक सर्विलांस, काल डिटेल, लोकेशन ट्रैकिंग और बैंकिंग जांच के आधार पर इनकी संलिप्तता सामने आई। कुछ कर्मचारी नशा बेचने वालों के साथ सीधे संपर्क में थे और उन्हें इलाके आधारित सप्लाई चेन तैयार करने में मदद कर रहे थे। इससे पहले गिरफ्तार हुए 28 कर्मचारियों में से 24 विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़े हैं। इनमें शिक्षा, लोक निर्माण, परिवहन और राजस्व विभाग भी शामिल है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह केवल पारंपरिक तरीके से ही नहीं, बल्कि लोकेशन आधारित और आनलाइन मोड से भी नशा सप्लाई कर रहा था। इसमें वाट्सएप कोड, लोकेशन ड्राप सिस्टम, कैशलेस पेमेंट, बिना सीधे संपर्क के सप्लाई दी जा रही थी। सरकारी कर्मचारी नेटवर्क के लिए लो-रिस्क डिलीवरी प्वाइंट मुहैया करवाते थे, जिससे पुलिस की नजर से बचना आसान हो जाता था।

एसएसपी संजीव गांधी ने संकेत दिए हैं कि इस मामले में गिरफ्तारी अंतिम नहीं है। कई कर्मचारियों के विरुद्ध और भी ठोस सुबूत मिल रहे हैं। वित्तीय लेनदेन, काल रिकार्ड और लोकेशन डाटा की जांच से अगले कुछ दिन में और नाम सामने आने की संभावना है। नशे के विरुद्ध लड़ाई में कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पद पर हो, कानून से ऊपर नहीं है।

दैनिक जागरण 20 NOV 2025

# कानून व्यवस्था, शिक्षा व स्वास्थ्य के गिरते स्तर के मामले उठाएगी भाजपा

जागरण संवाददाता, शिमला : भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार शाम सर्किट हाउस में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धर्मशाला के तपोवन में 26 नवंबर से आरंभ हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति बनाई गई। सरकार को अलग-अलग विषयों पर घेरने की योजना बनी है। अलग-अलग नियमों के तहत चर्चा लाई जाएगी। इसके अलावा बिगड़ती कानून व्यवस्था और शिक्षा व स्वास्थ्य के गिरते स्तर को लेकर भी उठाया जाएगा। सरकार को आपदा पर घेरने की भी रणनीति बनाई गई।

विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि बैठक में धर्मशाला में चार दिसंबर को होने वाले प्रदर्शन में भीड़ जुटाने का भी सभी को लक्ष्य दिया गया। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से 500 लोगों को लाना होगा, वहीं अन्य को 100 और 50 लोगों को लाने की जिम्मेदारी सौंपी। रणधीर शर्मा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को जिस तरह से सरकार टालने का प्रयास कर रही है और चुनाव आयोग के साथ टकराव की स्थिति बन गई है इससे संवैधानिक संकट हिमाचल में पैदा हो गया है। इस मुद्दे को भी विधानसभा में उठाया जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन भी उपस्थित रहे।

# घेरेगा विपक्ष, बेरोजगारी व आउटसोर्स सेवा पर देना होगा सरकार को जवाब

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : धर्मशाला के तपोवन में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रदेश सरकार को बेरोजगारी के समाधान का तर्कसंगत जवाब देना होगा। इसके साथ आउटसोर्स सेवा पर भी विपक्ष व सेवारत कर्मियों को संतुष्ट करना होगा।

विधानसभा सचिवालय को 19 नोटिस प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें बेरोजगारी की स्थिति, आउटसोर्स कर्मियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के साथ सरकारी अस्पतालों में शुरू की गई रोबोटिक सर्जरी से लाभांवित हो रहे मरीजों की संख्या का उल्लेख करना होगा।

प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान और राहत कार्यों व पंचायत चुनाव पर विपक्षी भाजपा का सामना करना पड़ेगा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए प्रश्न देने का बुधवार को अंतिम दिन था और सचिवालय के पास 633 प्रश्न प्राप्त हुए हैं। 25 नवंबर को सत्र से पहले तपोवन में सर्वदलीय बैठक होगी। सत्र 26 नवंबर से पांच दिसंबर तक चलेगा।

**शीतकालीन सत्र**

राहत कार्यों व पंचायत चुनाव पर करना पड़ेगा भाजपा का सामना

तपोवन में 26 नवंबर से पांच दिसंबर तक चलेगा सत्र

**19** नोटिस विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हो चुके

**633** प्रश्न पहुंचे विधानसभा में अंतिम दिन तक

**25** नवंबर को सत्र से पहले होगी सर्वदलीय बैठक

### धर्मशाला परिधि गृह में रणनीति बनाएगी कांग्रेस

धर्मशाला स्थित परिधि गृह में कांग्रेस विधायक दल की बैठक 25 नवंबर को बनाई जाएगी। सत्र के दौरान आयोजित होने वाली आठ बैठकों में दोनों ओर से भारी हंगामा होने के आसार हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के तेवरों को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्पष्ट कर चुके हैं कि हमारी ओर से भी भाजपा को पलटकर जवाब देने के लिए विधायक तैयार हैं।

दैनिक जागरण 20 NOV 2025

# हिमाचल में आल्टो में आ जाएगा अगला कांग्रेस विधायक दल : जयराम

- नेता प्रतिपक्ष का दावा, जनता कर रही चुनाव का इंतजार
- आपदा के बीच कैसा तीन साल का जश्न मना रही सरकार

जागरण संवाददाता, शिमला : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि बिहार में कांग्रेस का विधायक दल बोलेरो में आ गया, हिमाचल में चुनाव के बाद मुख्यमंत्री की पसंदीदा गाड़ी आल्टो में ही आ जाएगा। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की जनता अब चुनाव का इंतजार कर रही है। जयराम ठाकुर शिमला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार तीन वर्ष का जश्न किस बात का मना रही है। कांग्रेस के बड़े सारे नेता भी यह समझ नहीं पा रहे हैं। प्रदेश आपदा से जूझ रहा है। हिमाचल प्रदेश में डिजास्टर एक्ट लागू है। इसका हवाला देकर मुख्यमंत्री द्वारा पंचायत चुनाव को स्थगित करने की कोशिशें की जा रही हैं। विपरीत परिस्थितियों के बाद भी सरकार जश्न मनाने जा रही है। प्रदेश में 10000 रुपये से अधिक की राशि का भुगतान ट्रेजरी द्वारा रोक दिया गया है। वेतन व पेंशन समय पर नहीं मिल रही, मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो रहा। युवाओं को रोजगार नहीं मिला और आउटसोर्स पर जो भर्तियां हुई थीं उनको हटाया जा रहा है। 15000 से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाला जा चुका है। सड़कों पर हर जगह गड्ढे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके बावजूद सरकार जश्न की तैयारी कर रही है।



शिमला में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते (बायें से) भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक विपिन परमार और कर्ण नंदा • जागरण

## भाजपा बिखरी है तो चुनाव करवा ले सरकार

### बिंदल बोले, चार को सरकार के विरुद्ध धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में करेंगे प्रदर्शन, परमार की अध्यक्षता में बनाई कमेटी

जागरण संवाददाता, शिमला : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने भी पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यदि कांग्रेस सरकार को लगता है कि भाजपा बिखरी हुई है तो हिमाचल में आज ही चुनाव करवाकर देख ले। बिहार चुनाव के बाद देशभर में माहौल बना है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महीना भर यात्रा की, लेकिन कांग्रेस छह सीट पर सिमट गई।

उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। ये तीन साल युवाओं व बेरोजगारों की बर्बादी, बढ़ते हुए कर्ज एवं मर्ज, बिगड़ती कानून व्यवस्था, हत्या, लूट, डकैती, फिरौती, माफियाराज, लोगों को दी झूठी गारंटियों के हैं। भाई-भतीजावाद व मित्रों की सरकार के तीन साल हैं।

बिंदल ने कहा कि भाजपा चार दिसंबर को धर्मशाला में सरकार के विरुद्ध जोरावर स्टेडियम में प्रदर्शन करेगी।

प्रदर्शन के लिए प्रदेशस्तरीय समिति गठित की है, जिसके प्रभारी भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार होंगे। सह प्रभारी उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, उपाध्यक्ष पवन काजल, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर एवं विधायक सुधीर शर्मा होंगे।

### दून विधानसभा क्षेत्र में 383 करोड़ रुपए के लोकार्पण और शिलान्यास किए

# अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य में खोले जाएंगे 100 सीबीएसई स्कूल: मुख्यमंत्री

भास्कर न्यूज | बद्दी

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र को 383 करोड़ रुपए की सौगातें दी। सीएम ने दून में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने और एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए देने की घोषणाएं की।

उन्होंने कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यहां एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा जिसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय विधायक चौधरी राम कुमार हमेशा दून विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चिंतित रहते हैं। उन्हें दून के लोगों की परवाह है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास करते हैं।

वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर था। हमने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाए और पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा शुरू की और स्कूल निदेशालयों का विलय किया। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य में 100 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे।



विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह।

### दून के 18 आपदा प्रभावितों के 17 लाख की सहायता

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली के अनुसार दून विधानसभा क्षेत्र के 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपए की राहत राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को अंतिम किश्त के रूप में 17,03,000 रुपए के चेक प्रदान किए। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान कीं।

### विकास कार्य बिना बाधा के प्रगति पर: राम कुमार

चौधरी राम कुमार ने कहा कि उनके आशीर्वाद से उनके पिता चौधरी लज्जा राम चार बार विधायक रहे और अब वह स्वयं भी दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। मुख्यमंत्री के सहयोग से उनके क्षेत्र में 475 करोड़ रुपए के विकास कार्य पहले से ही चल रहे हैं और आज लगभग 400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि 50 बिस्तरों वाले नए बद्दी अस्पताल का लोकार्पण एक बड़ी उपलब्धि है। पिछले तीन वर्षों में दून विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्यालय खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों से विशेष लगाव है इसलिए विकास कार्य बिना किसी बाधा के प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान 383 करोड़ रुपए की 12 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

### बद्दी में आयोजित जनसभा में भाजपा पर बरसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

# भाजपा ने बद्दी में 5 हजार बीघा जमीन बिना रजिस्ट्रेशन फीस उद्योगपतियों को दी: सीएम



बद्दी | भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कस्टमाइज पैकेज के नाम पर प्रदेश की संपदा को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को लुटाया है। बद्दी में पांच हजार बीघा जमीन बाहर के बड़े उद्योगपतियों को बिना किसी रजिस्ट्रेशन फीस के दे दी लेकिन हिमाचलियों को नही दी। दि यह जमीन बद्दी के लोगों या स्थानीय उद्यमियों को दी जाती तो प्रदेश को करोड़ों रुपये की तो फीस भी मिलती, जिससे लोगों का भला किया जाता, लेकिन मात्र 1 करोड़ 12 लाख रु. में चार बड़े उद्यमियों को लाभ पहुंचाया गया। हमारी सरकार इस तरह की लूट नहीं होने देगी।

▪ शेष पेज 7 पर

### आपदा प्रभावितों को मुआवजा डेढ़ लाख से बढ़ाकर 7 लाख किया

आपदा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दौरे के दौरान लोगों की आंखों में दर्द देखकर उन्होंने मुआवजे की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया। पहले डेढ़ लाख रुपये मिलते थे, हमने इसे बढ़ाकर सात लाख किया। मंडी क्षेत्र में भी 2400 प्रभावित लोगों को पहली किस्त के रूप में चार लाख रुपए दिए गए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1500 करोड़ अब तक नहीं मिले हैं। भाजपा इसे दिलवाने में हमारी मदद करे, क्योंकि यह पैसा मेरी जेब का नहीं, जनता का है, इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा।

### भाजपा ने बद्दी में 5...

यह बात मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बद्दी दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति जमीन लेता है तो तय रजिस्ट्रेशन फीस चुकानी पड़ती है लेकिन भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान बिना किसी रजिस्ट्रेशन फीस के कई बीघा जमीनें उद्योगपतियों को दे दी। मुख्यमंत्री ने बद्दी के हनुमान चौक पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और आने वाले समय की प्राथमिकताओं को विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार सत्ता में आई तब हिमाचल प्रदेश का खर्च 75 हजार करोड़ तक पहुंच चुका था। पहले की सरकार ने बिना आवश्यकता के स्कूल, कॉलेज और अस्पताल खोलें, जिनमें पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। पांचवीं कक्षा के बच्चे दूसरी कक्षा की किताब नहीं पढ़ पा रहे थे। इसके चलते हिमाचल शिक्षा गुणवत्ता में 21वें स्थान पर पहुंच गया था।

दैनिक भास्कर

## मुख्यमंत्री आज करेंगे कुल्लू के गुशेनी और बागन का दौरा

कुल्लू | मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वीरवार को जिला कुल्लू के लग घाटी के बागन एवं बंजार के गुशैनी का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह अन्नाडेल हेलीपैड से वे 09:00 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा मनाली के सासे हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे और 9:30 बजे पहुंचेंगे। वे 09:55 बजे स्पैन रिजॉर्ट, पतलीकूहल पहुंचेंगे। वे यहां भारत में भूमि प्रशासन में आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री 12:40 बजे लगघाटी के बागन गांव पहुंचेंगे, जहां वे आपदा प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री दोपहर 2:15 बजे भुंतर हवाई अड्डे से धमेउली हेलीपैड, बंजार के लिए उड़ान भरेंगे और वहां से सड़क मार्ग से मंदिर मैदान, गुशैनी पहुंचेंगे। यहां वे बंजार घाटी के आपदा प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत करेंगे।

## पतलीकूहल में राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे सीएमः नेगी



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी स्वागत करते उपायुक्त कुल्लू।

कुल्लू | भारत में भू प्रशासन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पेन रिसोर्ट पतलीकूहल में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों का जायजा बुधवार को राजस्व मंत्री, जगत सिंह नेगी ने लिया। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री, सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 15 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

सम्मेलन के दौरान लैंड रिफॉर्म्स, डिजिटलीकरण ऑफ लैंड रिकॉर्ड्स, भू-प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता और तकनीकी नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग के भू-अभिलेख निदेशालय द्वारा किया जा रहा है।

## शिक्षा मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि की अर्पित

शिमला| रिज मैदान पर बुधवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को भारत की राजनीतिक इतिहास, सामाजिक परिवर्तन और महिला नेतृत्व की शक्ति के रूप में हमेशा याद किया जाता है। इंदिरा गांधी केवल देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नहीं थी बल्कि वह एक ऐसा व्यक्तित्व थी, जिसने सत्ता को जिम्मेदारी, दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ परिभाषित किया। उनके फैसले कठोर थे, उनका नेतृत्व अडिग था और उनकी सोच समय से आगे चलती थी।



### पंचायतीराज चुनाव पर अनिश्चितता के बादल

## चुनाव आयोग ने सीएस से पूछा, राज्य में डिजास्टर एक्ट कब तक प्रभावी रहेगा

शिमला | प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकाय चुनावों को लेकर जारी अनिश्चितता खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। चुनाव प्रक्रिया में हो रही देरी पर राज्य चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव से पूछा है कि राज्य में डिजास्टर एक्ट कब तक प्रभावी रहेगा, ताकि चुनावों की डेट तय की जा सके। इधर, दो जिलाधीशों ने आयोग को अपने स्पष्टीकरण भेजते हुए कहा है कि राज्य में डिजास्टर एक्ट लागू होने के कारण वे न तो चुनाव सामग्री उठा पा रहे हैं और न ही मतदाता सूची का औपचारिक प्रकाशन कर पा रहे हैं। हालांकि आयोग का कहना है कि चुनावों के लिए 99 प्रतिशत तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, लेकिन डिजास्टर एक्ट के चलते चुनाव करवाने को लेकर स्थिति अब भी धुंधली है। गौरतलब है कि प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल 31 जनवरी 2026 को खत्म हो रहा है। ऐसे में उससे पहले चुनाव करवाना जरूरी है। आयोग ने 13 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी कर दिया था, लेकिन जिलाधीशों ने प्रकाशन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए।

### चुनाव की तैयारी पूरीः खाची

राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि आयोग पूरी तरह चुनाव करवाने के लिए तैयार है। आयोग का कार्य समय पर चुनाव सुनिश्चित करना है। इसे सरकार के सहयोग से ही संपन्न किया जा सकता है। मुख्य सचिव से हालात सामान्य होने की संभावित तिथि बताने का अनुरोध किया गया है, ताकि आगे की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

## प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को पेंशन देने का नया फार्मूला लागू

शिमला| प्रदेश सरकार ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए नया फार्मूला लागू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने 1:5 (एक अनुपात पांच) का विशेष फार्मूला अपनाने के निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पात्र कर्मचारी 60 दिन के भीतर पेंशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। सरकार की ओर से पुरानी पेंशन के लिए 10 वर्ष की नियमित सेवा अनिवार्य थी, लेकिन कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इस शर्त को पूरा नहीं कर पा रहे थे। ऐसे मामलों में न्यायालय के निर्देश के बाद अब सशर्त रियायत दी जाएगी।

**ये होंगे नियमः** यदि किसी कर्मचारी की नियमित सेवा 8 वर्ष है और नियमित होने से पहले उसने सरकारी क्षेत्र में 10 वर्ष काम किया है, तो वह पेंशन पाने का हकदार होगा। 1:5 के फार्मूले के अनुसार 5 वर्ष की सेवा पर 1 वर्ष और 10 वर्ष की सेवा पर 2 वर्ष सेवा अवधि के रूप में गिने जाएंगे। वित्त विभाग ने यह आदेश सुंदर सिंह बनाम एचपी स्टेट मामले के निर्णय के आधार पर जारी किए हैं। निर्देशों में कुल 8 प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है और इन्हें सभी मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों, प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल कार्यालयों, जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा एनआईसी को भेजा गया है।

20

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शहरी विभाग एक्शन मोड में, सभी जिलों में डीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की

# स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंट और रेलवे स्टेशन में आवारा कुत्तों की रोकथाम को कमेटी 8 सप्ताह में करेगी बाड़बंदी और मजबूत फेंसिंग

भास्कर न्यूज | शिमला

शहरी विकास विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सभी जिलों में डीसी की अध्यक्षता में 11 सदस्य जिला स्तरीय समतियां गठित कर दी हैं। ये समितियां आवारा कुत्तों के कारण बढ़ते हादसों और जोखिमों को रोकने के लिए विभिन्न संस्थानों में सुरक्षा उपाय लागू करेंगी। शहरी विकास विभाग ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार जिला स्तरीय समिति में अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट यानि डीसी होंगे। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपनिदेशक (शिक्षा), जिला पंचायत अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता स्तर के अधिकारी, एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक, रेलवे प्रतिनिधि, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक, युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारी सदस्य होंगे। जिला मुख्यालय स्तर पर शहरी निकायों के सचिव, आयुक्त, प्रशासक, कार्यकारी अधिकारी और किन्नौर व लाहौल स्पीति के जिला पंचायत अधिकारी इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।

## शहरी विकास विभाग ने तय की कमेटी की जिम्मेदारी

- कमेटी को संस्थानों में आवारा कुत्तों के जाने पर रोक लगानी होगी। दो सप्ताह में ऐसे संस्थानों जहां बच्चों व जनता की आवाजाही अधिक है, सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान, अस्पताल व मेडिकल कॉलेज, खेल परिसर, स्टेडियम, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर 8 सप्ताह में सुरक्षित बाड़बंदी, मजबूत फेंसिंग, गेट और अन्य संरचनात्मक सुरक्षा उपाय करने होंगे ताकि आवारा कुत्तों वहां न जा सके।
- आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए हर संस्थान एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। जानकारी प्रवेश द्वार पर प्रदर्शित करनी होगी।
- नगर निकाय और पंचायतें 3-3 माह पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगी कि परिसर या आसपास कोई कुत्तों का ठिकाना न बने। लापरवाही पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।
- परिसर में दिखने वाले हर आवारा कुत्ते को तुरंत स्टरलाइजेशन और टीकाकरण के बाद शेल्टर में भेजना होगा उन्हें दोबारा उसी जगह नहीं छोड़ा जाएगा।
- छात्रों व स्टाफ को [illegible] सुरक्षित व्यवहार, काटने पर प्राथमिक उपचार, रिपोर्टिंग प्रक्रिया के बारे में अवश्य जानकारी देनी होगी।
- खेल परिसरों में चौबीसों घंटे निगरानी के लिए गार्ड या ग्राउंड स्टाफ तैनात करने होंगे। ताकि परिसर में कुत्ते न आ सके।
- बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन परिसर को सुरक्षित रखने के लिए उचित फेंसिंग व सफाई प्रणाली, कचरा न फैलने देने के इंतजाम करना होगा।

*सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जिला स्तरीय कमेटी गठित [illegible] गई है। यह कमेटी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करेगी और इसकी मॉनीटरिंग भी करेगी। जिला स्तरीय कमेटियों को तुरंत काम शुरू करने को कह दिया गया है।*

*–नीरज कुमार, निदेशक शहरी विकास विभाग*

# पोर्टमोर स्कूल में मेधावी छात्राएं की सम्मानित

शिमला | वरिष्ठ आदर्श माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि शिक्षा सचिव राकेश कंवर रहे।

समारोह में लगभग 2200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बोर्ड मोड़ के बच्चों ने पहली बार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मंच पर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत मुख्यातिथि ने कक्षा पहली से बारहवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बारहवीं कक्षा के तीनों धाराओं छात्रों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। जिसमें पार्थवी प्रथम, पायल द्वितीय व आर्ची मेहता तृतीय रही। पारुल ठाकुर प्रथम, साक्षी द्वितीय व तेजल शर्मा तृतीय और प्रियंका प्रथम, ऐश्वर्या द्वितीय व मोहिनी तृतीय। त्रिशाला बनर्जी प्रथम, अनन्या द्वितीय व तृतीय स्थान पर तनु कुमारी व अम्बिका वर्मा को सम्मानित किया। दसवीं की नव्या शर्मा ने 692 अंक प्राप्त कर बोर्ड में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं बारहवीं की शिवांगी ने बोर्ड में छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# मेडिकल बिल भुगतान को विभाग की शर्त... रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर पहले सीएम राहत कोष से मिली राहत राशि लौटाएं

## हाईकोर्ट ने कहा- यह शर्त अत्यंत कठोर और अन्यायपूर्ण, याचिकाकर्ता का मेडिकल बिल बिना शर्त भुगतान करें

भास्कर न्यूज | शिमला

प्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग द्वारा मेडिकल बिल भुगतान को लेकर लगाई शर्त को अन्यायपूर्ण ठहराया है। विभाग ने सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर के मेडिकल बिल का भुगतान करने से पहले शर्त लगाई थी कि पहले वह मुख्यमंत्री राहत कोष से बेटे के इलाज के लिए वर्ष 2012 में मिली सवा लाख रुपए की राशि लौटाए। कोर्ट ने इस शर्त को अत्यंत कठोर ठहराया और पुलिस विभाग को आदेश दिए कि वह याचिकाकर्ता के मेडिकल बिल का बिना शर्त भुगतान करे। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता प्रीतम मार्शल पुलिस विभाग में कार्यरत था और विभाग से निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। वर्तमान में उनकी आयु 68 वर्ष है।

### कोर्ट ने माना- विभाग के तथ्य अन्यायपूर्ण और कानून की दृष्टि में टिकने योग्य नहीं

न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने याचिका को स्वीकारते हुए कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता के बेटे ने लगभग एक दशक तक बीमारी से जूझने के बाद वर्ष 2021 में अपनी जान गंवा दी, जो न केवल शारीरिक रूप से बल्कि बच्चे और याचिकाकर्ता के परिवार के लिए भी भावनात्मक रूप से कष्टदायक थी। इसलिए उनका सुविचारित मत है कि इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए, विभाग को कुछ अधिक करुणा और सहानुभूति दिखानी होगी। याचिकाकर्ता के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा बिलों से राशि की कटौती, जो उसे वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत भुगतान की गई थी। इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए, अत्यधिक मनमाना, अन्यायपूर्ण और कानून की दृष्टि में टिकने योग्य नहीं है।

याचिकाकर्ता के पुत्र को वर्ष 2005 में क्रोनिक किडनी रोग/किडनी फेलियर का पता चला था और उन्हें सप्ताह में दो बार हीमोडायलिसिस कराने की सलाह दी गई थी। याचिकाकर्ता के अनुसार, इन परिस्थितियों का सामना करते हुए, जिसमें बहुत अधिक खर्च की आवश्यकता थी, याचिकाकर्ता ने वित्तीय सहायता की मांग करते हुए अपने विभाग से संपर्क किया, लेकिन उन्हें अपने बेटे के खर्च और उपचार को पूरा करने के लिए विभाग से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली। इन परिस्थितियों में, याचिकाकर्ता ने माननीय मुख्यमंत्री से अनुरोध किया, जिन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से 1,25,000/- रुपये की राशि स्वीकृत की। याचिकाकर्ता का पुत्र अपनी बीमारी से हार गया और 23 सितंबर 2021 को उसकी मृत्यु हो गई। याचिकाकर्ता की शिकायत थी कि अब, विवादित आदेश के अनुसार, याचिकाकर्ता को देय चिकित्सा प्रतिपूर्ति के संबंध में यह आदेश दिया गया है कि उसे सीएम राहत कोष से प्राप्त 1,25,000 रुपये की राशि काट ली जाएगी।

# स्कूल कैडर के 1404 लेक्चरारों के छीने सेवा लाभों को शीघ्र बहाल करे सरकारः हाईकोर्ट

## लाभार्थी शिक्षक वर्ष 2009 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त हुए थे

शिमला | हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह स्कूल कैडर के 1404 लेक्चररों के छीने गए सेवा लाभों को तुरंत बहाल करने के आदेश दिए हैं। यह सेवालाभ उन्हें अदालत के निर्णयों के आधार पर दिए गए थे।

लाभार्थी शिक्षकों को वर्ष 2009 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था, लेकिन अदालत के आदेशों के आधार पर उनकी सेवाओं को नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से नियमित माना गया था। शिक्षा विभाग ने ये लाभ पहले से ही इन शिक्षकों को दिए थे, लेकिन एक्ट की आड़ में कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 के तहत वापस ले लिए गए थे। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने शिक्षा विभाग को 31 दिसंबर, 2025 को या उससे पहले याचिकाकर्ताओं और अन्य समान स्थिति वाले अध्यापकों को समान लाभ देने के आदेश भी दिए। याचिकाकर्ताओं ने बताया था कि वे विवादित कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 से व्यथित थे, जिसके तहत, हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारियों की शर्तें अधिनियम, 2024 के अधिनियमन के बाद, प्रतिवादी शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें दिए गए सेवा लाभ वापस ले लिए थे। परिणामस्वरूप, याचिकाकर्ताओं के पहले से विस्तारित सेवा लाभ वापस ले लिए गए, जबकि समान स्थिति वाले अन्य व्यक्तियों के समान लाभों के दावे को कार्यालय आदेश 17 मार्च 2025 के आधार पर अलग-अलग आदेश पारित करके खारिज कर दिया गया। मामले के अनुसार, प्रमुख सचिव शिक्षा ने 11 जुलाई 2008 और 23 सितंबर 2008 को विभिन्न विषयों में व्याख्याता (स्कूल संवर्ग) के 1404 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की।

# हाईकोर्ट ने एसई नेशनल हाईवे पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

## अदालत में एनएच 5 की सही तस्वीर पेश नहीं कर सके

शिमला | हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अधीक्षण अभियंता (एसई), राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला पर अदालत के समक्ष सही तस्वीर पेश न करने पर 10,000/- रुपये का सांकेतिक जुर्माना लगाने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने उक्त अधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग 5, शिमला से ठियोग तक की खस्ताहालत बारे स्टेट्स रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग की दयनीय स्थिति पर संबंधित अधिकारी की उदासीनता पर कड़ा संज्ञान लिया था।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जियालाल भारद्वाज ने जनहित याचिका के दौरान अधीक्षण अभियंता, रतन कुमार शर्मा द्वारा दायर हलफनामे का अवलोकन करने पर इसे लापरवाही भरा बताया था। कोर्ट ने उक्त अधिकारी को कोर्ट में तलब करते हुए आकर अपना स्पष्टीकरण देने के आदेश भी दिए थे।

### अधिकारी ने सड़क का दौरा ही नहीं किया...

कोर्ट ने उक्त अधिकारी से पूछा था कि उसने हलफनामा लापरवाही से क्यों दायर किया, जिसमें रिकॉर्ड के विपरीत तस्वीर पेश करने की कोशिश की गई। कारण बताएं कि उन पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। कोर्ट ने कहा था कि यह स्पष्ट है कि उक्त अधिकारी ने कभी भी संबंधित स्थल/सड़क का दौरा नहीं किया। इसकी दयनीय स्थिति से आम जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यह मुख्य सड़कों में से एक है जो रामपुर और किन्नौर जिले को जोड़ती है।

दैनिक भास्कर

72

**सिटी एंकर** **ईसी और कोर्ट के चुनाव में करीब 792 गैर शिक्षक कर्मचारी डालेंगे वोट**

# हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में ईसी और कोर्ट चुनाव के लिए तैयारियां शुरू, आज से शुरू होंगे नामांकन, 28 को मतदान

एजुकेशन रिपोर्टर | शिमला

हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में इस बार ईसी और कोर्ट के चुनाव रोचक होने वाले हैं। सर्वोच्च संस्था ईसी-कोर्ट चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। भाजपा, माकपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। एचपीयू प्रशासन चुनाव में डेट कर दी है।

चुनाव प्रक्रिया 20 से 28 नवंबर के बीच पूरी होगी। नामांकन पत्र 20 और 21 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रजिस्ट्रार रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा किए जाएंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर दोपहर 3 बजे तय की है। 22 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन की जांच होगी और उसी दिन शाम 4 बजे वैध नामांकनों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 24 नवंबर दोपहर 3 बजे है और उसी दिन शाम 4 बजे अंतिम प्रतियोगी उम्मीदवारों की सूची जारी होगी। मतदान 28 नवंबर को विश्वविद्यालय सभागार में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान के बाद मतगणना शुरू होगी और परिणाम उसी दिन घोषित कर दिया जाएगा। ईसी और कोर्ट के एक-एक पद के लिए करीब 792 गैर शिक्षक कर्मचारी वोट करेंगे।

**पिछले साल कांग्रेस समर्थित नहीं बचा पाए थे कोर्ट सीट:** पिछले साल कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी कोर्ट सीट भी नहीं बचा पाए थे। 2021 में दोनों पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते थे। इसके बाद लगातार 2022 और 2023 में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, साल 2024 में माकपा-कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान सत्ता फैक्टर नहीं चला और कांग्रेस-माकपा गठबंधन को झटका लगा। ईसी चुनाव का असर सीधा कैंपस राजनीति पर पड़ता है। हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में होने वाले ईसी और कोर्ट के चुनाव का असर सीधा कैंपस में होने वाली राजनीतिक गतिविधियों पर पड़ता है। यूनिवर्सिटी कैंपस में होने वाली राजनीतिक गतिविधियों का असर हर बार बड़े स्तर पर होने वाले चुनाव पर पड़ता है।

**ईसी में कर्मचारियों की बुलंद होगी आवाज:** एचपीयू प्रशासन की ओर से ईसी-कोर्ट चुनाव करवाने के बाद कर्मचारियों को अपनी मांग उठाने के लिए नुमाइंदे मिल जाएंगे। ऐसे में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर और ज्यादा मुखर तौर पर चर्चा होगी। विवि के गैर शिक्षक पदों को भरने, कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर करना, कार्यकारी परिषद में लिए फैसले अक्षरक्ष लागू करवाना, पेंशन कारपोरेट फंड को मजबूत किया जाना और कर्मचारी शिकायत निवारण समिति को लागू करना जैसी मांगों के अलावा पात्र चतुर्थ क्षेणी कर्मचारियों को पदोन्नत करवाना और अतिरिक्त सरकारी आवासों का निर्माण करवाना जैसी मांगें अभी भी लंबित पड़ी है। इन मांगों को चुनाव होने के बाद चुने हुए प्रतिनिधि ईसी की बैठक में रखेंगे।

**ईसी के सदस्य रह चुके है कई नेता:** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एचपीयू के ईसी व कोर्ट के सदस्य रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, आनंद शर्मा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंत्री जेपी नड्डा, पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह, चौपाल के पूर्व विधायक योगेंद्र चंद्र, जय बिहारी लाल खाची, प्रो. चंद्र कुमार, कृपाल परमार, पूर्व शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज, विक्रम ठाकुर, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विपिन परमार भी ईसी व कोर्ट के सदस्य रह चुके हैं। लगातार तीन बार ईसी के चुनाव जीतने का रिकॉर्ड चौधरी वरयाम सिंह बैंस के नाम हैं।

# अगले चुनाव में मुख्यमंत्री की ऑल्टो में समाएगा कांग्रेस विधायक दल:जयराम

## सरकार की नीतियों के खिलाफ 4 दिसंबर को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी भाजपा

भास्कर न्यूज| शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की स्थिति दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है । उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के बाद अब प्रदेश में कांग्रेस सरकार की बारी है। उन्होंने कहा अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विधायक दल मुख्यमंत्री सुक्खू की ऑल्टो कार में समा जाएगा।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

### झूठी गारंटियों का कांग्रेस को भुगतना होगा परिणाम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ बिंदल ने कहा भाई-भतीजावाद और विशेष हितों की राजनीति ने जनता को दुखी किया है। कांग्रेस की चुनावी गारंटियों को झूठा करार देते हुए बिंदल ने कहा कि इसका परिणाम आगामी चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा।

शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजे और प्रदेश सरकार की कथित नाकामियां साफ संकेत देती हैं कि जनता कांग्रेस से नाराज है। उन्होंने बताया कि भाजपा विधायक दल धर्मशाला के तपोवन में होने वाले शीतकालीन सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। यदि सदन के भीतर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश हुई तो भाजपा बाहर जनता के बीच अपना पक्ष रखेगी। जयराम ने आरोप लगाया कि सरकार डिज़ास्टर एक्ट का सहारा लेकर पंचायत चुनाव टालने की तैयारी में है, जबकि जश्न मनाने पर कोई रोक नहीं। उन्होंने कहा कि 10 हजार रुपए से अधिक के भुगतान ट्रेजरी से नहीं हो रहे, कर्मचारियों को समय पर वेतन-पेंशन नहीं मिल रही और आउटसोर्स पर लगे 15 हजार से ज्यादा युवाओं को हटाया जा चुका है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार के पास ऐसी कोई भी योजना नहीं है जिसे जनता के बीच उपलब्धि के रूप में पेश किया जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने घोषणा करते हुए कहा कि 4 दिसंबर को धर्मशाला में पार्टी बड़ा प्रदर्शन करेगी। इस कार्यक्रम के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन परमार को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि विधायक सुधीर शर्मा, पवन काजल, प्रदेश पदाधिकारी बिहारी लाल शर्मा और त्रिलोक कपूर सह-प्रभारी होंगे। बिंदल ने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार मूर्छित अवस्था में पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन तीन वर्षों में सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी, प्रदेश को आर्थिक संकट, कानून व्यवस्था को अव्यवस्था और आम लोगों को असुरक्षा की ओर धकेला है। उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, फिरौती व माफियाराज जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में हर वर्ग का शोषण हुआ है।

---

### विस सत्र को लेकर शिमला में भाजपा विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

# जनविरोधी नीतियों को लेकर सरकार को सदन के अंदर और बाहर घेरेगी भाजपा

भास्कर न्यूज शिमला




भाजपा विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

भाजपा प्रदेश विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश के प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से मौजूद थे । बैठक में सबसे पहले बिहार में विधानसभा के चुनाव में एनडीए को दो तिहाई से ज्यादा बहुमत मिला है और भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है उस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और बिहार राज्य के सभी नेताओं को बधाई दी गई और बिहार की जनता का धन्यवाद किया गया है। सचिव रणधीर शर्मा ने कहा कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवंबर से धर्मशाला में शुरू हो रहा है। उसमें प्रदेश सरकार को अलग-अलग विषयों पर घेरने की योजना बनी है। अलग-अलग नियमों के तहत उन पर चर्चा लाई जाएगी। चाहे वो आपदा की बात है, इस साल बरसात में प्राकृतिक आपदा आई थी और उसके कारण हुए नुकसान की अभी तक भरपाई नहीं हुई। प्रभावितों को अभी तक राहत नहीं मिली तो उसको लेकर सरकार को घेरने पर भी चर्चा हुई। शर्मा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जिस तरह से सरकार टालने का प्रयास कर रही है और चुनाव आयोग के साथ एक टकराव की स्थिति बन गई है। इस मुद्दे को भी प्रमुखता से विधानसभा सत्र के अंदर उठाया जाएगा।

# प्रदेश में आग की घटनाओं के गंभीर घायलों को पर्याप्त उपचार की दरकार, अस्पतालों में सुविधाओं का अभाव

## पीजीआई में 5 दिनों से जिंदगी-मौत के बीच जूझ रही है मंडी की एसिड अटैक पीड़ित महिला

**मंडी |** प्रदेश भले ही कई बड़े स्वास्थ्य संस्थानों से लैस हो गया है लेकिन राज्य में आग की घटनाओं के गंभीर मरीजों को पर्याप्त उपचार नहीं मिल पा रहा है। साथ ही एसिड अटैक जैसे मामलों में झुलसे मरीज भी, आधुनिक तकनीक के उपचार से वंचित हैं। आलम ये है कि प्रदेश के अस्पतालों से ऐसे मरीजों को कुछ दिन उपचार देने और आब्जर्वेशन में रखने के बाद उन्हें गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ ही रेफर किया जा रहा है। उधर, पीजीआई में उत्तरी भारत के इतने मरीज आते हैं कि वहां के आईसीयू, सीसीयू, बर्न यूनिट अथवा हाइली मॉडर्न सेंटर, आए समय भरे रहते हैं। इसके चलते प्रदेश के गंभीर रोगियों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसी ही हालत आजकल पीजीआई में मंडी की एसिड अटैक पीड़ित महिला की है। बीते पांच दिनों से ये महिला पीजीआई में जिंदगी और मौत से जूझ रही है, जो वहां के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन है। पीजीआई के 12 बर्न यूनिट में से अभी कहीं पर भी इस महिला को शिफ्ट नहीं किया जा सका है।

### 15 नवंबर को महिला पर पति ने ही फेंका था तेजाब

मंडी में एसिड अटैक की घटना 15 नवंबर की है, जब महिला के पति ने ही उस पर तेजाब फेंककर छत से धक्का दे दिया था। बाद में गंभीर रूप से घायल महिला को पहले जोनल अस्पताल मंडी में भर्ती कराया गया फिर उसे एम्स बिलासपुर और बाद में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। इस महिला का चेहरा, पीठ और शरीर का आधे से ज्यादा हिस्सा झुलस गया है, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीजीआई में आने पर महिला को पहले सामान्य मरहम-पट्टी वार्ड में रखा गया और मंगलवार को उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया। वहां के डॉक्टर्स के मुताबिक महिला का शरीर करीब 70% झुलस गया है, उसका चेहरा बुरी तरह से खराब हो चुका है, उसे लगातार ऑक्सीजन से सांस दिलाई जा रही है। बर्न यूनिट अभी खाली नहीं, जिसके बाद ही पीड़ित महिला को वहां शिफ्ट किया जा सकेगा।



### यदोपती ठाकुर ने पीजीआई में एसिड अटैक पीड़िता का जाना हाल

**सरकाघाट |** पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष यदोपती ठाकुर आज पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी में एसिड अटैक की शिकार महिला से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से उपचार की स्थिति जानी और पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। ठाकुर ने कहा कि यह घटना अत्यंत अमानवीय है और हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में ऐसी घटनाएँ समाज को झकझोर देती हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर पीड़िता को सरकार की ओर से पूर्ण आर्थिक, चिकित्सीय और कानूनी सहायता दिलवाने के लिए पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि एसिड अटैक जैसे अपराधों पर जीरो टॉलरेंस अपनाई जानी चाहिए और आरोपी को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# संजौली मस्जिद विवाद गहराया: कड़कड़ाती ठंड में देवभूमि संगठन का अनशन जारी, पुलिस चौकी के सामने लगाए टेंट

## एफआईआर को रद्द करने की मांग, देवभूमि संघर्ष समिति बोली-प्रताड़ित कर रही है पुलिस, मस्जिद को कोर्ट ने किया है अवैध घोषित

सिटीरिपोर्टर | शिमला

संजौली मस्जिद विवाद जहां पूरे देश में सुर्खियों में रहा था, वहीं अब फिर से माहौल खराब होता जा रहा है। बीते 34 घंटे से कड़कड़ाती ठंड में देवभूमि संगठन का अनशन संजौली पुलिस चौकी का बाहर जारी है। अनशन पर बैठे सदस्यों की मांग है कि जिन भी महिलाओं और पुरुषों पर पुलिस ने केस दर्ज किए हैं, उन्हें रद्द किया जाना चाहिए। खास बात ये है कि अब चौकी के सामने सदस्यों ने टेंट लगा दिए हैं। सुबह शाम इसी में देवभूमि संगठन के कार्यकर्ता रह रहे हैं। देवभूमि संघर्ष समिति के सह-संयोजक मदन ठाकुर का कहना है कि संजौली मस्जिद को अदालत ने अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट के आदेशों के बावजूद मस्जिद की बिजली व पानी का कनेक्शन नहीं काटा। कोर्ट ने अवैध ढांचा गिराने के आदेश दे रखे हैं, मगर नहीं गिराया। उल्टा देवभूमि संघर्ष समिति के लोगों को मामले दर्ज कर प्रताड़ित किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारी विकास थापटा ने कहा कि कोर्ट का फैसला आ गया है, फिर भी मस्जिद में नमाज चल रही है। अवैध ढांचे को गिराया नहीं जा रहा है।



**इसलिए बढ़ा विवाद :** कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने मस्जिद की ओर जा रहे थे। शुक्रवार दोपहर लगभग 1 बजकर 25 मिनट पर देवभूमि संघर्ष समिति के कुछ सदस्य मस्जिद जाने वाले रास्ते पर इकट्ठा होकर खड़े हो गए और लोगों को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य नारेबाजी करने लगे और धार्मिक तनाव पैदा हो गया। पुलिस दल ने इन प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की और शांति बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद ये लोग नमाज पढ़ने के लिए जा रहे लोगों को रोकते रहे। महिलाओं का कहना है कि बाहर से आने वाले लोगों को घरों के आगे से नहीं जाने देंगी। उनका कहना था कि शिमला के स्थानीय मुस्लिमों को मस्जिद में नमाज पढ़ने दी। गौरतलब है कि कोर्ट ने भी संजौली मस्जिद को अवैध घोषित किया है क्योंकि मस्जिद कमेटी कोर्ट में इसके कागज नहीं दिखा पाई। इससे पहले निगम कोर्ट ने भी इसको अवैध घोषित किया है।

**हिंदू संगठनों ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी :** हिंदू संगठनों से जुड़े हुए नेता और अनशन पर बैठे हुए विजय शर्मा और मदन ठाकुर का कहना है कि हिंदू समाज के लोगों के खिलाफ दर्ज किए झूठे मामलों को वापस नहीं लिए तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही मस्जिद को अवैध घोषित किया है, लेकिन इसके बिजली पानी के कनेक्शन नहीं काटे गए। डीसी शिमला को भी अवगत करवाया था। मस्जिद में हर प्रकार की गतिविधियों पर भी रोक लगाने की मांग की, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसके लिए सरकार और प्रशासन को 24 घंटे का समय दिया है। अगर हमारी मांगें नहीं मानी तो संजौली में एक बार फिर बड़ा आंदोलन होगा।

**पुलिस ने बीते दिनों दर्ज की थी एफआईआर:** शहर के संजौली में स्थित विवादित मस्जिद में जाने से रोकने पर देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्यों पर एफआईआर की है। बीते शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने यहां पर कुछ लोगों को नमाज पढ़ने से रोक दिया था। इसको लेकर खूब हंगामा हुआ। पुलिस थाना संजौली में देवभूमि संघर्ष समिति व भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने देवभूमि संघर्ष समिति से जुड़े छह लोगों को नामजद किया है। इसमें देवभूमि संघर्ष समिति के सह संयोजक मदन ठाकुर, विजय शर्मा, कल्पना शर्मा, श्वेता चौहान, शिल्पी और पारुल शामिल हैं। पुलिस की ओर से दर्ज शिकायत में कहा है कि थाना प्रभारी जसवंत सिंह टीम के साथ बड़ी संजौली मस्जिद में कानून व्यवस्था बनाने के लिए ड्यूटी पर थे। इस दौरान देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य मदन ठाकुर, विजय शर्मा, कल्पना शर्मा, श्वेता चौहान, शिल्पी, पारुल सहित कई लोग वहां जमा हो गए।

हिमा[illegible] दस्तक 20 NOV 202[illegible]

# हम प्रदेश के संसाधनों के संरक्षक संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे : सीएम

## पिछली भाजपा सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने का आरोप



*मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को दून विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे पर बद्दी पहुंचे। यहां पर सीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।*

**हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बद्दी**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान बद्दी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने के लिए प्रदेश की पिछली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने 5,000 बीघा जमीन सिर्फ 1.12 करोड़ रुपये में बड़े उद्योगपतियों को दे दी। कस्टमाइज्ड पैकेज की आड़ में स्टांप ड्यूटी माफ कर दी और पांच साल तक 3 रुपये प्रति यूनिट बिजली और मुफ्त पानी देने का प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश के संसाधनों के संरक्षक हैं इसलिए राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है। इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपये वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का सोशल मीडिया सैल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार 75,000 करोड़ रुपये का कर्ज और कर्मचारियों से संबंधित 10,000 करोड़ रुपये की देनदारियां छोड़ गई है। उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ के लिए भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में बिना बजट और कर्मचारियों का प्रावधान किए कई संस्थान खोले। सीएम ने कहा कि वर्ष 2021 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर था। हमने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाए और पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा शुरू की और स्कूल निदेशालयों का विलय किया। इससे हमें राष्ट्रीय स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य में 100 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं मिला है और प्रदेश सरकार अकेले ही आपदा प्रभावित परिवारों का दर्द बांट रही है।

**● कहा- सिर्फ 1.12 करोड़ रुपये में उद्योगपतियों को बेच दी 5000 बीघा जमीन**

### बड़े पैमाने पर भर्तियां करेगी सरकार

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार ला रही है। अस्पतालों में उन्नत तकनीक और आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 3,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कई चुनौतियों के बावजूद, हिमाचल आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी विभागों में बड़े पैमाने पर भर्तियां करने जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में भर्ती के पेपर लीक हुए। हमने आयोग को भंग कर दिया, क्योंकि हम पारदर्शिता और योग्यता आधारित भर्तियां करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।**

# दून विधानसभा क्षेत्र में खुलेगा लोक निर्माण विभाग का मंडल कार्यालय: सुखविंद्र सुक्खू

## बोले- बद्दी में आधुनिक बस स्टैंड के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी पर्याप्त धनराशि

हिमाचल दस्तक ब्यूरो | बद्दी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान बद्दी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल कार्यालय खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने और एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये देने की घोषणाएं कीं।

**सीएम ने दून विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान बद्दी में जनसभा को संबोधित किया**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यहां एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा, जिसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय विधायक चौधरी राम कुमार हमेशा दून विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चिंतित रहते हैं। उन्हें दून के लोगों की परवाह है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। इस मौके पर चौधरी राम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग से उनके क्षेत्र में 475 करोड़ रुपये के विकास कार्य पहले से ही चल रहे हैं और आज लगभग 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि 50 बिस्तरों वाले नए बद्दी अस्पताल का लोकार्पण एक बड़ी उपलब्धि है। पिछले तीन वर्षों में दून विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्यालय खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों से विशेष लगाव है इसलिए विकास कार्य बिना किसी बाधा के प्रगति पर हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, बावा हरदीप, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता शिव कुमार, सुरेंद्र सेठी, उपायुक्त मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपये की राशि दी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली के अनुसार दून विधानसभा क्षेत्र के 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपये की राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को अंतिम किस्त के रूप में 17,03,000 रुपये के चेक प्रदान किए। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 3 क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान कीं।

## सीएम ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि



*शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने बुधवार को शिमला के रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, हरीश जनारथा, मलेंद्र राजन, रणजीत राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, एमसी शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, पार्षद समेत अन्य उपस्थित रहे।* **हिमाचल दस्तक**

## आज कुल्लू प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 20 नवंबर को कुल्लू प्रवास पर रहेंगे। सीएम का रात्रि ठहराव भी मनाली में होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और आपदा से प्रभावित हुए परिवारों से भी मुलाकात करेंगे। 21 नवंबर को मुख्यमंत्री बिलासपुर जाएंगे, जहां पर वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शाम को शिमला वापस आ जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी टूअर प्रोग्राम के मुताबिक सीएम सुबह नौ बजे अनाडेल हेलीपैड से उड़ान भरेंगे और सुबह साढ़े नौ बजे मनाली पहुंच जाएंगे। यहां से सीएम सड़क मार्ग के जरिये पतलीकूहल जाएंगे। यहां पर शुरू होने जा रही नैशनल वर्कशॉप का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद सीएम यहां से दोपहर 12 बजे सड़क मार्ग के जरिये लगवैली जाएंगे। सीएम यहां पर आपदा प्रभावित परिवारों के साथ मुलाकात करेंगे। इसके बाद सीएम दोपहर डेढ़ बजे भुंतर एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। जहां पर उनका लंच रखा गया है। सीएम यहां से दोपहर सवा 2 बजे बंजार जाएंगे। सीएम यहां पर आपदा प्रभावित और आग लगने से बेघर हुए परिवारों से मुलाकात करेंगे। सीएम आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी करेंगे। सीएम शाम 5 बजे मनाली सर्किट हाउस पहुंच जाएंगे। यहां पर उनका रात्रि ठहराव होगा।**

आपका फैसला 20 NOV 2025

78

# दून विस क्षेत्र में खुलेगा लोनिवि मंडल कार्यालय : मुख्यमंत्री

## बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने के अलावा कई लगाई घोषणाओं की झड़ी

**बद्दी/नालागढ़( आपका फैसला टीम )।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने और एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये देने की घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यहां एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा जिसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी,बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा भी की। बद्दी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने के लिए प्रदेश की पिछली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कई आरोप लगाए।



उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की 5,000 बीघा जमीन सिर्फ 1.12 करोड़ रुपये में बड़े उद्योगपतियों को दे दी। कस्टमाइज्ड पैकेज की आड़ में स्टांप ड्यूटी माफ़ कर दी गई और पांच साल तक 3 रुपये प्रति यूनिट बिजली और मुफ्त पानी देने का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश के संसाधनों के संरक्षक हैं इसलिए राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है, इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपये वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सोशल मीडिया सेल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं,अनाथ बच्चों, महिलाओं,मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। पूर्व भाजपा सरकार 75,000 करोड़ रुपये का कर्ज और कर्मचारियों से संबंधित 10,000 करोड़ रुपये की देनदारियां छोड़ गई है। ( शेष पृष्ठ 11 पर )

### 383 करोड़ रुपए के लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान 383 करोड़ रुपये की 12 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। उन्होंने 86 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बद्दी–साई–रामशहर सड़क, दून क्षेत्र में 15.78 करोड़ रुपये की लागत के ट्यूबवेल,10.64 करोड़ रुपये से निर्मित नागरिक अस्पताल,बद्दी और 3.15 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरोटीवाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षा खंड बद्दी में हरिपुर संडोली, सूरज माजरा, लबाना और चक्कां में नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालयों का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने विद्युत आपूर्ति योजना,बद्दी,63.73 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली बद्दी–शीतलपुर–जगातखाना सड़क, 40 करोड़ रुपये के आईएसबीटी बद्दी, 37.67 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले मिनी सचिवालय भवन बद्दी, बद्दी के छूटे हुए क्षेत्रों के लिए 37.10 करोड़ से सीवरेज योजना और कल्याणपुर में 5 करोड़ की राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखी।

### दून विस क्षेत्र में खुलेगा लोनिवि...

उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ के लिए भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में बिना बजट और कर्मचारियों का प्रावधान किए कई संस्थान खोले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर था। हमने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाए और पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा शुरू की और स्कूल निदेशालयों का विलय किया। जिससे हमें राष्ट्रीय स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य में 100 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे। अस्पतालों में उन्नत तकनीक और आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 3,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वर्तमान सरकार आम जनता की सरकार है और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। प्रदेश सरकार ने सहायता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किया और आज प्रभावित परिवारों को अपने घर फिर से बनाने के लिए 7 लाख रुपये मिल रहे हैं। वह केंद्र सरकार से सहायता लेने के लिए भाजपा के सभी सातों सांसदों के साथ केंद्र जाने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली के अनुसार दून विधानसभा क्षेत्र के 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपये की राहत राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को अंतिम किश्त के रूप में 17,03,000 रुपये के चेक प्रदान किए। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान कीं। चौधरी राम कुमार ने लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से उनके पिता चौधरी लज्जाराम चार बार विधायक रहे और अब वह स्वयं भी दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। मुख्यमंत्री के सहयोग से उनके क्षेत्र में 475 करोड़ रुपये के विकास कार्य पहले से ही चल रहे हैं और आज लगभग 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई है।

आपका फैसला 20 NOV 2025

# इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया

## मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की



**शिमला,(आपका फैसला)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को यहां ऐतिहासिक रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, हरीश जनारथा, मलेंद्र राजन, रणजीत सिंह राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

दैनिक सवेरा टाइम्स 20 NOV 2025

# बद्दी में 25 करोड़ से एसडीएम कार्यालय व 10 करोड़ से बनेगा स्टेडियम : सुक्खू

## बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा





बद्दी में विशाल जनसभा में मंच पर आसीन सीएम सुक्खू सहित अन्य नेता व (दाएं) मुख्यमंत्री को फूलों का बड़ा हार पहनाकर सम्मानित करते विधायक राम कुमार चौधरी।

**सवेरा न्यूज/श्याम मौदगिल**

बद्दी, 19 नवम्बर : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने और एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये देने की घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यहां एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा जिसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा भी की। बद्दी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने के लिए प्रदेश की पिछली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है, इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपये वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। भाजपा का सोशल मीडिया सेल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों की लगातार सहायता कर रही है। उन्होंने स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज जारी किए। प्रदेश सरकार ने सहायता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किया और आज प्रभावित परिवारों को अपने घर फिर से बनाने के लिए 7 लाख रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह केंद्र सरकार से सहायता लेने के लिए भाजपा के सभी सातों सांसदों के साथ केंद्र जाने को तैयार हैं। समागम में दून के विधायक चौधरी राम कुमार ने मुख्यमंत्री के सहयोग से उनके क्षेत्र में 475 करोड़ रुपए के विकास कार्य पहले से ही चल रहे हैं और आज लगभग 400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात बद्दी बरोटीवाला की जनता को दी गई है। उन्होंने कहा कि 50 बिस्तरों वाले नए बद्दी अस्पताल का लोकार्पण एक बड़ी उपलब्धि है। पिछले तीन वर्षों में दून विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्यालय खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों से विशेष लगाव है इसलिए विकास कार्य बिना किसी बाधा के प्रगति पर हैं। चौधरी राम कुमार लोगों का आभार जताते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से उनके पिता चौधरी लज्जा राम चार बार विधायक रहे और अब वह स्वयं भी दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा और कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरजीत चौधरी, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता शिव कुमार, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दैनिक सवेरा टाइम्स 20 NOV 2025



# प्रदेश में होगी 800 पटवारी व 800 पुलिस कर्मियों की भर्ती : सुक्खू

## कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर 4 बड़े उद्योगपतियों को दे दी बद्दी की 5000 बीघा जमीन

सवेरा न्यूज/श्याम मौदगिल

नालागढ़, 19 नवम्बर : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बुधवार को दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय के प्रवास पर 383 करोड़ रुपए के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बददी के हनुमान चौक पर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार में आने के बाद उनका पहला उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्ग, अनाथ बच्चों को संबल देना था। छह हजार ऐसे बच्चे जिन्होंने माता-पिता दोनों को खो दिया था, उनके लिए हमने विशेष कानून बनाकर राहत प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अगले 27 वर्षों तक उनकी पढ़ाई और हॉस्टल का पूरा खर्च वहन करेगी। हम उनके माता-पिता की भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि वह आने वाले दिनों में 800 पटवारी, 800 पुलिस कर्मियों, 400 स्टाफ नर्सों और बड़ी संख्या में टीजीटी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने पुराने समय में पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों को याद करते हुए कहा कि हमीरपुर सबऑर्डिनेट बोर्ड में पेपर बेचे गए थे। इसलिए हमने वह बोर्ड भंग किया। अब ऐसा दोबारा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार सत्ता में आई, तब हिमाचल प्रदेश का ऋण 75 हजार करोड़ तक पहुंच चुका था।



मुख्यमंत्री का बददी आने पर स्वागत करते विधायक चौ.रामकुमार और हरदीप बावा।

### प्रधानमंत्री ने वादे के मुताबिक नहीं दिए 1500 करोड़

2023 की आपदा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दौरे के दौरान लोगों की आंखों में दर्द देखकर उन्होंने मुआवजे की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया। पहले डेढ़ लाख रुपये मिलते थे, हमने इसे बढ़ाकर सात लाख किया। मंडी क्षेत्र में भी 2400 प्रभावित लोगों को पहली किस्त के रूप में चार लाख रुपये दिए गए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपये अब तक नहीं मिले हैं।

### बद्दी बरोटीवाला और चंडी स्कूल को सीबीएसई में बदलने की घोषणा

**मुख्यमंत्री** ने दून विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बददी, बरोटीवाला और चंडी को सीबीएसई बोर्ड में बदलने की घोषणा की, ताकि छात्र आधुनिक चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकें। बददी क्षेत्र के विकास की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच लाख की आबादी वाले इस औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें जर्जर हालत में हैं। इसलिए लोक निर्माण विभाग का एक नया मंडल खोला जाएगा और एक्सईएन कार्यालय स्थापित किया जाएगा।

पहले की सरकार ने बिना आवश्यकता के स्कूल, कॉलेज और अस्पताल खोले, जिनमें पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। पांचवीं कक्षा के बच्चे दूसरी कक्षा की किताब नहीं पढ़ पा रहे थे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि भाजपा शासनकाल में बददी की 5000 बीघा जमीन बड़े उद्योगपतियों को कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर दे दी गई, जिसमें न ● शेष पृष्ठ 4 पर

### प्रदेश में होगी 800 पटवारी....

रजिस्ट्री फीस ली गई और न ही कोई राजस्व प्राप्त हुआ। यदि यह जमीन बददी के लोगों या स्थानीय उद्यमियों को दी जाती तो प्रदेश को करोड़ों रुपये की तो फीस भी मिलती, जिससे लोगों का भला किया जाता, लेकिन मात्र 1 करोड़ 12 लाख रुपये में चार बड़े उद्यमियों को लाभ पहुंचाया गया। हमारी सरकार इस तरह की लूट नहीं होने देगी।

४२

दैनिक सवेरा टाइम्स 20 NOV 2025

# मुख्यमंत्री ने 19.77 करोड़ से बनने वाले पालमपुर हैलीपोर्ट की रखी आधारशिला

## गोपालपुर अस्पताल का किया दौरा, मरीजों का जाना हाल

सवेरा न्यूज/जसवंत कठियाल

पालमपुर, 19 नवम्बर : मुख्यमंत्री सुक्खू ने पालमपुर के अपने एक दिवसीय दौरे पर 19.77 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पालमपुर हेलीपोर्ट की आधारशिला रखी। हेलीपोर्ट में यात्री टर्मिनल भवन, फायर स्टेशन, उपयोगिता भवन और यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस हेलीपोर्ट को अगले वर्ष अप्रैल तक पूरा कर दिया जाएगा, जिसके पश्चात चंडीगढ़ और शिमला के लिए किफायती किराए पर हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिले के लिए कई विकासात्मक योजनाएं तैयार कर रही हैं। पालमपुर में एक पर्यटन गांव विकसित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया था, लेकिन भाजपा के कुछ लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और इस पर रोक लगवा दी।



पालमपुर में हेलीपोर्ट का शिलान्यास करते सीएम सुक्खू।

उन्होंने कहा कि इन बाधाओं को दूर करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि जिले के लोगों के लिए आय के नए अवसर सृजित हो सकें। इससे पूर्व, उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर का भी निरीक्षण किया और मरीजों और कर्मचारियों से बातचीत की। हिमाचल प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से लेकर अन्य अस्पतालों में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों, यह सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

विधायक आशीष बुटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा कर लगभग 300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने तथा साथ ही डिजिटल एक्स-रे और एम्बुलेंस सुविधा का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, प्रधान सलाहकार आईटी एवं नवाचार गोकुल बुटेल, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, हिमाचल प्रदेश कृषि विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, हिमाचल प्रदेश ऊन महासंघ के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, एपीएमसी कांगड़ा की अध्यक्ष निशु मोंगरा, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।